डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार | 10 जुलाई 2025 | वर्ष-31, अंक- 263, पृष्ठ-12 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



# पांकी अंचलाधिकारी के निर्देश पर विवादित भूमि चिन्हित

गैरमंजरूआ जमीन से 12 घंटे में अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के फॉरेस्ट ऑफिस रोड स्थित खाता संख्या 305, प्लॉट संख्या 2108 की आम गैर मंजरूआ भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया बुधवार को शुरू की गई। अंचल अधिकारी राजकुंवर सिंह के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी महावीर प्रसाद, अंचल अमीन और पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण किए गए कमरे पर लाल निशान लगाकर चिन्हित किया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए 12 घंटे का समय दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस भूमि को लेकर हाल ही में पत्रकार पंकज प्रसून के साथ



अतिक्रमणकारियों द्वारा मारपीट की गई थी। पूर्व में 10 मई को अंचल कार्यालय द्वारा संबंधित व्यक्ति अब्दुल बारीक से भूमि से संबंधित कागजात मांगे गए थे, पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। रात में अवैध निर्माण कर विवाद खड़ा कर देने की घटना को देखते हुए प्रशासन ने कार्रवाई की, जिसकी स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# ट्रैक्टर चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

● मोबाइल डिटेल से मिली सुराग, दो आरोपी अब भी फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड (पलामू)।** पलामू पुलिस को ट्रैक्टर चोरी के एक पुराने मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नौ महीने पहले हुई ट्रैक्टर चोरी के मामले में दो आरोपियों को बिहार के शेरघाटी और नीमा गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि नवम्बर 2024 में ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के



भीतिहारा गांव निवासी रंजीत चंद्रवंशी और डेवडर निवासी सुदामा राम के ट्रैक्टर चोरी हो गए थे। चोरी के दौरान चोरों ने ट्रैक्टर में डीजल भरवाने के लिए अपने मोबाइल से कॉल किया था। पुलिस ने इसी कॉल डिटेल को ट्रेस कर चोरों तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कुशा गांव के तेतर कुमार और नीमा गांव के अंकुश कुमार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने स्वीकार किया कि एक ट्रैक्टर को कबाड़ी में बेच दिया गया है जबकि दूसरा किसी व्यक्ति को बेच दिया गया है। हालांकि अभी चोरी गए ट्रैक्टरों की बरामदगी नहीं हो सकी है। इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है, जिनमें से दो आरोपी अब भी फरार हैं। थाना प्रभारी ने विश्वास दिलाया कि बाकी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विश्रामपुर व रेहला में संचालित अंग्रेजी शराब दुकानों को अंचलाधिकारी ने किया सील

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** राज्य सरकार के निर्देश पर पलामू जिले में संचालित सरकारी शराब दुकानों को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विश्रामपुर एवं रेहला स्थित डंडिला में संचालित अंग्रेजी शराब दुकानों को अंचलाधिकारी राकेश तिवारी की उपस्थिति में विधिवत रूप से सील कर दिया गया। इस प्रक्रिया के दौरान सेल्स रजिस्टर एवं स्टॉक का मिलान करते हुए ऑडिट की कार्रवाई की गई, जिसे वीडियो रिकॉर्डिंग कराकर दस्तावेजों में दर्ज किया गया। जानकारी देते हुए कंपनी के कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार ने बताया



कि झारखंड सरकार के आदेशानुसार सभी 79 सरकारी शराब दुकानों को बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। विश्रामपुर अंचलाधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि यह कार्रवाई उत्पाद विभाग की देखरेख में की गई, जिसमें विभागीय पदाधिकारियों और कर्मियों की टीम भी शामिल थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सरकार की नीति के तहत संचालित शराब दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया का हिस्सा है। इस दौरान पिंटू गुप्ता, प्रदीप कुमार, दुकान प्रभारी नीतीश कुमार, ललन कुमार, सतेंद्र कुमार समेत अन्य कर्मी भी मौके पर उपस्थित थे।

## प्रेम-प्रसंग में विवाहिता ने की आत्महत्या

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत राजनडीह गांव में विवाहिता संध्या देवी (२० वर्ष), पति संतोष रजवार, ने आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार को उस वक्त हुई जब पति मजदूरी पर बाहर था और पत्नी ने कमरे में खुद को बंद कर पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। मजदूरी से लौटने पर पति ने दरवाजा बंद पाया। छत से झांकने पर पत्नी को फंदे से लटका देखा। सूचना पुलिस और मायके पक्ष को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू की है। ससुराल पक्ष का आरोप है कि संध्या का किसी युवक से प्रेम संबंध था और वह उससे वीडियो कॉल पर बात करती थी। मोबाइल में कई मिस कॉल्स भी पाए गए हैं। शादी को महज एक वर्ष ही हुआ था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# कजरू कला में अवैध उत्खनन पर वन विभाग की कार्रवाई

▶ रात में की गई छापेमारी, एक जेसीबी जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कजरू कला गांव में मंगलवार की रात वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया। यह मशीन वन क्षेत्र में अवैध खनन में संलिप्त पाई गई थी। गुप्त सूचना मिलने पर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी को जब्त किया। मशीन को पांडू थाना में सुरक्षित रखा गया और बुधवार को बिश्रामपुर कार्यालय भेजा गया। वन



क्षेत्राधिकारी गौरव निराला ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त तत्वों में हड़कंप है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस कदम की सराहना की है और आगे भी निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# आंगनवाड़ी केंद्रों को टीकाकरण कार्यक्रम से जोड़ने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम 2025-26 के तहत नई सूक्ष्म कार्य योजना के निर्माण को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में उपस्थित सभी एएनएम को निर्देश दिया गया कि वे अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से जोड़ें। साथ ही, जिन ग्राम/टोला या मोहल्लों में टीकाकरण की आवश्यकता है, वहां भी हर हाल में यह कार्यक्रम संचालित हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यशाला में



सीमा सिंह, नीलम मेहरा, सीमा कुमारी, आशा रानी सिंहा, सुषमा कुमारी, विनीता सिंह, विनीति कुमारी सहित कई एएनएम शामिल हुईं। प्रशिक्षकों में प्रेम मणि सुधांशु, लेखा प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता और अनुश्रवण अधिकारी ज्योति कुमार ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को कार्ययोजना को प्राथमिकता से लागू करने का आह्वान किया गया।

## एकडरी मिडिल स्कूल में 307 बच्चों के बीच बैग वितरित

**हुसैनाबाद।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, एकडरी हुसैनाबाद में बुधवार को सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 1 से 8 तक के कुल 307 छात्र-छात्राओं के बीच बैग का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त पहल कर रही है। बच्चों को पुस्तक, बैग, छात्रवृत्ति और साइकिल जैसी सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उन्हें पढ़ाई में प्रोत्साहन मिल रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अनिता देवी, संयोजिका ललित देवी, पूनम, लक्ष्मी, मोहम्मद असलम, उपेंद्र प्रसाद, सीता देवी, सुधीर कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने छह नाबालिग बच्चों को किया रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/ हैदरनगर।** जपला रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की अपराह्न रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सतर्कता दिखाते हुए छह नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर मानव तस्करी या अन्य संभावित खतरे से सुरक्षित बचा लिया। निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के निर्देशन में उप निरीक्षक जयप्रकाश प्रसाद एवं स्टाफ अजय कुमार के साथ गश्ती के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 के नवीनगर छोर पर छह बच्चे डरे-सहमे हाल में मिले। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मौसम कुमार (14), गौतम कुमार (15), अमन



कुमार (13), सुग्रीव चौहान (14), गोबिंद चौहान (12), और तलकेश्वर कुमार (14), ग्राम नीमा, थाना मुफस्सिल, जिला गया (बिहार) के निवासी बताए। बच्चों ने बताया कि वे माता-पिता की डांट से परेशान होकर घर से भाग निकले थे। उन्हें बिस्किट और पानी देकर सांत्वना दी गई। बाद में सभी बच्चों की काउंसलिंग कर उनके बताए नंबरों पर परिजनों से संपर्क किया गया। बुधवार को अभिभावक रेल सुरक्षा बल पोस्ट जपला पहुंचे। पहचान और सत्यापन के बाद बच्चों को सकुशल उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया।

# जल की बर्बादी व गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई: कार्यपालक पदाधिकारी

◀◀ नगर पंचायत ने की अपील, चेतावनी भी दी – पानी और सफाई व्यवस्था से न करें खिलवाड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे जल मीनारों से पानी की बर्बादी बंद करें और सफाई व्यवस्था में सहयोग दें। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने कहा कि हुसैनाबाद में दर्जनों जलमीनार लगे हैं ताकि स्वच्छ जल सभी तक पहुंचे, लेकिन कुछ लोग अनावश्यक रूप से नलों को खुला छोड़ देते हैं, जिससे जल



की भारी बर्बादी हो रही है। उन्होंने कहा कि जब नागरिक ही संसाधनों का दुरुपयोग करेंगे, तो कोई भी विभाग या प्रशासन कितनी देर तक सुविधाएं बनाए रख पाएगा? लगातार बहते पानी से मशीनें और मोटर खराब हो जाती हैं, और फिर नागरिक नगर पंचायत पर ही सवाल उठाते हैं। कार्यपालक पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नालियों में कचरा, प्लास्टिक, पाउच आदि फेंकने से सफाई व्यवस्था अवरुद्ध हो जाती है। कचरा ट्रैक्टर या टिप्पर में डालें, सड़कों पर नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि नगर प्रशासन अब कार्रवाई करेगा – न तो जल की बबार्दी को बर्दाश्त किया जाएगा और न ही गंदगी फैलाने को।

## ताबिश अंसारी हत्याकांड में परिजन का आरोप, अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला धरहरा निवासी अकील अहमद के २५ वर्षीय पुत्र ताबिश अंसारी का शव मंगलवार को नहर मोड़ के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर से बरामद हुआ। मृतक के पिता अकील अहमद ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि ताबिश 6 जुलाई की रात मुहर्रम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से निकला था, लेकिन 7 जुलाई की सुबह तक वह नहीं लौटा। 8 जुलाई को ग्रामीणों द्वारा नहर में एक शव मिलने की सूचना मिली, जो बाद में ताबिश का निकला। परिजनों का आरोप है कि ताबिश की हत्या कर शव को नहर में फेंका गया है। इस मामले में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में बच्चों ने लगाई पर्यावरण की नींव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व इको क्लब के सदस्यों, सहायक अध्यापकों और प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने किया। इस अभियान के अंतर्गत कक्षा-6 की छात्रा गीतांजलि ने अपनी मां गीता देवी के नाम आम का पौधा, वहीं रौनक कुमार ने अपनी मां प्रभा देवी के नाम पीपल का पौधा लगाया। अन्य छात्रों ने भी अपने घर से लाए पौधे अपनी माताओं के नाम पर विद्यालय परिसर में लगाए, जिससे बच्चों में उल्लास और गर्व की भावना देखी गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹पेड़ न केवल पर्यावरण के संतुलन में सहायक हैं, बल्कि ये भोजन, दवा, फल, जलावन और सबसे महत्वपूर्ण, स्वच्छ वायु का स्रोत भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।₹ इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष प्रभा देवी, सहायक शिक्षक रामनाथ राम, इको क्लब व बाल संसद की टीम सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## किसी अजनबी के झांसे में नहीं आएं, वरना हो सकते हैं ठगी का शिकार : थाना प्रभारी

**विश्रामपुर (पलामू)। प्रतिनिधि।** बिश्रामपुर नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में इन दिनों ठग सक्रिय हो गए हैं। ये ठग कभी सेल्समैन तो कभी आभूषण साफ करने के बहाने महिलाओं के घरों में घुसते हैं और उन्हें अपना शिकार बनाते हैं। इन घटनाओं को लेकर पुलिस को संज्ञान मिला है, हालांकि कई घटनाएं थाने तक नहीं पहुंच पाई हैं। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने इस संदर्भ में आम नागरिकों को आगाह करते



हुए कहा कि किसी भी अजनबी व्यक्ति से सावधानी बरतें और उसकी गतिविधियों पर संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बताया कि ठगी के इन मामलों में महिलाएं भी शामिल हैं और ज्यादातर महिलाएं ही इसका निशाना बन रही हैं। आम लोगों को फजीर्वाड़ा और ठगी से बचाने के लिए पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी ने जोर देकर कहा कि सजगता और सतर्कता ही ऐसे अपराधों से बचाव का सबसे कारगर उपाय है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे किसी लालच या झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## करोड़ों की लागत से बने भवन बेकार पड़े

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज के रविवारीय साप्ताहिक बाजार के समीप जिला परिषद की जमीन पर बने कई भवन वर्षों से बेकार पड़े हैं। पंचायत सचिवालय, कोल्ड स्टोर, बस पड़ाव और बहुउद्देशीय भवन निर्माण तो कर दिए गए, लेकिन अब तक इनका उपयोग नहीं हो पाया है। कभी पंचायत सचिवालय भवन को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के रूप में उपयोग किया गया था, लेकिन बाद में सभी कार्यालय सिंचाई विभाग परिसर में स्थानांतरित हो गए। उपमुखिया रविरंजन कुमार सिंह ने कई बार इसे पुनः उपयोग में लाने की मांग की है। कोल्ड स्टोर भवन का निर्माण पांच वर्ष पूर्व कृषि विभाग द्वारा कराया गया था, परंतु किसानों को इसका लाभ अब तक नहीं मिल सका है। 30 मीट्रिक टन क्षमता वाले इस भवन की सार्थकता साबित नहीं हो सकी है। इसी क्षेत्र में जिला परिषद मद से 32 दुकानों का निर्माण हुआ था, जिनमें से अधिकांश अब तक उपयोग में नहीं लाई गई हैं।

## आजसू पार्टी ने एसडीओ को सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

**हैदरनगर।** आजसू पार्टी के पलामू जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद मेहता ने हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी प्रकाश गुप्ता को पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी प्रखंडों में रोजगार मेला आयोजित कराने, मीनू अनुसार समय पर मध्याह्न भोजन और पोषाहार वितरण सुनिश्चित कराने, अंचल क्षेत्रों में भूमि सुधार कार्यों में तेजी लाने, हैदरनगर बस स्टैंड के समीप रेल फाटक पर रेल ओवर ब्रिज निर्माण जल्द शुरू करने और सभी लाभुकों को समय पर पीडीएस राशन वितरण कराने की मांग की गई है। कमलेश मेहता ने बताया कि आवश्यक निगरानी और समुचित प्रयास के अभाव में ये समस्याएं अबतक हल नहीं हो सकी हैं और जनहित की कई योजनाएं बेपटरी हो गई हैं।

**आकर्षण का केंद्र**

### भौंराहा निरीक्षण भवन परिसर से दिखते हैं मनभावन नजारे

# प्राकृतिक दृश्य युवाओं को करते हैं आकर्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भौंराहा पर्वत श्रृंखला के पश्चिमी छोर पर दशकों पहले बना सिंचाई विभाग का पर्वतीय निरीक्षण भवन आज खंडहर बन चुका है, लेकिन अब भी यह क्षेत्र पिकनिक और भ्रमण के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। निर्माण काल में यह भवन मंत्री और अधिकारियों की योजना बैठक और विश्राम के लिए पसंदीदा स्थल था, जहां खानसामा और सुरक्षा प्रहरी की तैनाती रहती थी। निर्माण कार्य समाप्त होने के बाद इस भवन की उपेक्षा शुरू हो गई। दरवाजे-खिड़कियां और अन्य सामान चोरी हो गए, लेकिन इमारत की बनावट



अब भी इसकी भव्यता की गवाही देती है। खुशनुमा मौसम में यहां से दिखने वाले प्राकृतिक दृश्य युवाओं और यूट्यूबर्स को आकर्षित करते हैं। साल के अंतिम और पहले दिनों में पिकनिक मनाने वालों की भीड़ जमा हो जाती है। निवर्तमान उपायुक्त शशि रंजन और एक छायाकार ने भी इस स्थल का दौरा किया था। छायाकार के अनुसार, डीसी साहब ने नया कैमरा खरीदने के बाद सबसे पहले यहीं के दृश्य कैमरे में कैद किए थे। भीमचुल्हा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। हाल ही में पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में इस भवन और भीमचुल्हा स्थल के सौंदर्यीकरण हेतु डीपीआर तैयार करने पर चर्चा हुई है। सांसद विष्णुदयाल राम ने भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यदि यह पहल साकार होती है, तो 80 के दशक जैसे गौरवशाली दिन फिर लौट सकते हैं। स्थानीय लोग भी मानते हैं कि खंडहर भवन का कायाकल्प होने से यह क्षेत्र पर्यटन के नक्शे पर महत्वपूर्ण स्थान पा सकता है।

# न्यूज | बॉक्स

## गौरव ने नीट परीक्षा पास कर बढ़ाया छतरपुर का गौरव

**छतरपुर (पलामू)।** कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के मदनपुर निवासी किसान नंदू प्रसाद के बेटों ने। हाल में घोषित नीट परीक्षा के परिणाम में नंदू प्रसाद के छोटे बेटे गौरव प्रसाद गुप्ता ने शानदार सफलता हासिल की है। उन्हें ऑल इंडिया रैंक 16792 और कैटेगरी रैंक 7432 प्राप्त हुई है। वहीं उनके बड़े बेटे नितेश कुमार एमएमसीएच, पलामू से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर वर्तमान में इंटर्नशिप कर रहे हैं। गौरव की सफलता पर सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने उन्हें अंगवस्त्र, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गौरव ने बताया कि उनका सपना एमजीएम जमशेदपुर से एमबीबीएस करने का है और उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर योजना के तहत तैयारी की। पिता नंदू प्रसाद ने भावुक होकर बताया कि उन्होंने खेतों में मेहनत कर अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी और आज उनके दोनों बेटे डॉक्टर बनकर उनका सपना पूरा कर रहे हैं। अरविंद गुप्ता ने कहा कि गौरव और नितेश जैसे उदाहरण युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे समाज की दिशा और दशा दोनों बदली जा सकती है। इस अवसर पर शिक्षक नरेश पासवान भी उपस्थित रहे और गौरव को बधाई दी।



## बिना सूचना विद्यालय बंद करने का मामला सत्य, प्रधानाध्यापक का वेतन स्थगित

**हैदरनगर।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बभंडी के प्रधानाध्यापक आजाद हैदर सिद्दीकी द्वारा बिना पूर्व सूचना के विद्यालय बंद करने का मामला जांच में सत्य पाया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति ने इस गंभीर लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए प्रधानाध्यापक का वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। साथ ही 48 घंटे के भीतर बिंदुवार स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। बीते शुक्रवार को उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने विद्यालय का निरीक्षण किया था, जहां मुख्य द्वार पर ताला लटका पाया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुमित्रा देवी और अन्य शिक्षकों ने भी प्रधानाध्यापक के खिलाफ अनुपस्थिति, अभद्र व्यवहार और उपस्थिति पंजी में मनमानी जैसे आरोप लगाए। बीईईओ ने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में विभागीय अनुशंसा उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

## जीईसी पलामू में नामांकन प्रक्रिया चौथे दिन भी रही सफल

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (जीईसी) पलामू में बी.टेक सत्र 2025-26 के नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को चौथे दिन भी उत्साहपूर्वक पूरी हुई। विद्युत,



यांत्रिक, असैनिक और कंप्यूटर विज्ञान शाखाओं में नामांकन प्रक्रिया सुबह 10:30 से शाम 5:00 बजे तक चली। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। प्रवेश दस्तावेजों की सघन जांच और पारदर्शिता के साथ छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ। इस दौरान डॉ. हरि मोहन दूबे (नोडल पदाधिकारी), महेन्द्र मरांडी, योगेश प्रजापति, डॉ. दीपेश कुमार, डॉ. निपेन कुमार दास, अनिल कुमार सिंह, परमानंद यादव, विवेक कुमार, अमल चन्द्र नाग और अरविन्द कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। छात्रों और अभिभावकों ने कॉलेज की व्यवस्था की प्रशंसा की। यह प्रक्रिया 11 जुलाई तक चलेगी। जीईसी पलामू अब जिले में तकनीकी शिक्षा की नई ऊंचाई को छू रहा है।

## त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधि 14 जुलाई को पांकी में देंगे धरना

**पांकी।** पूर्वी पंचायत सचिवालय में बुधवार को त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों की बैठक प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पांकी प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में 15वें वित्त आयोग, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है और न ही योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसी को लेकर आगामी 14 जुलाई को पांकी प्रखंड कार्यालय में एकदिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से उक्त आंदोलन में भाग लेने की अपील की। बैठक में उपप्रमुख अमित चौहान, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, मुखिया प्रेम प्रसाद, प्रद्युमन सिंह, अनिता लोहरा, मीना देवी, बसारत हुसैन, नेहाल अंसारी, हफीजुल अंसारी, मिंटी वर्मा, रफीक अंसारी, लोकनाथ यादव, निरंजन यादव, बृजदेव सिंह, राजेंद्र पासवान, अरविंद सिंह, सूरत उरांव, पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव, उर्मिला देवी, अशोक सिंह, नर्वदेश्वर सिंह और इकबाल सिंह सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जपला डाककर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन



**हुसैनाबाद।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत जपला मुख्य डाकघर के डाक कर्मचारियों ने ऑल इंडिया पोस्टल एम्प्लॉयीज यूनियन के आह्वान पर बुधवार को काला बिल्ला लगाकर कार्य किया और सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इस संबंध में यूनियन के जिला सचिव रूपेश वर्मा ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवां वेतन आयोग लागू करने तथा यूनियन की मान्यता समाप्त किए जाने के निर्णय के विरोध में यह आंदोलन चलाया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड हाईकोर्ट ने यूनियन मान्यता समाप्ति पर रोक लगाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा है, बावजूद इसके सरकार अब तक मान्यता बहाल नहीं कर रही है। इस विरोध कार्यक्रम में अभिषेक कुमार प्रभाकर, अनिल ओझा, पप्पू कुमार, सुधीर कुमार सिंह, धीरेन्द्र कुमार, ज्योति प्रसाद, अभिषेक कुमार सिंह, कुलदीप कुमार सिंह समेत कई डाककर्मी शामिल रहे।

वर्ष-31, अंक- 263, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
10 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 08

## एक नजर

### बाबूलाल ने दिल्ली में सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को दिल्ली में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के संबंध में उनसे जानकारी ली। मरांडी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य प्रदान करें, ताकि उनका सान्निध्य हमें पुनः प्राप्त हो।

### झारखंड हाईकोर्ट ने लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने की याचिका स्वीकार की



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने चारा घोटाले के देवघर ट्रेजरी से 89 लाख रुपए की फर्जी निकासी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य की सजा बढ़ाने की सीबीआई की क्रिमिनल अपील स्वीकार कर ली। न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय और अंबुज नाथ की पीठ ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला लिया। सीबीआई ने चारा घोटाले में देवघर ट्रेजरी से हुई अवैध निकासी के मामले में शेष पेज 09 पर...

# ड्यूटी पर बिना वर्दी पहुंचे तो तय है कार्रवाई, डीआईजी ने कसा शिकंजा

- **पलामू प्रक्षेत्र के सभी थानों को निर्देश- हर दिन पहनें वर्दी, लगाएं नेमप्लेट, भेजें ग्रुप फोटो**

**राणा अरुण सिंह**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिस थानों में बढ़ती अनुशासनहीनता और ड्यूटी के प्रति लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है। डीआईजी ने साफ किया है कि अब वर्दी और नेमप्लेट के बिना ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को नहीं बख्शा जाएगा। इसके लिए पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के सभी थानों, पोस्ट, पिकेट और कार्यालयों को स्पष्ट निर्देश भेजे गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि अक्सर यह देखा जा रहा है कि ओडी पदाधिकारी, सिरिस्ता कर्मी और अन्य पुलिसकर्मी वर्दी के बिना ड्यूटी कर रहे हैं और नाम-पट्टी भी नहीं पहनते। यह आचरण न सिर्फ आम नागरिकों को पहचान में परेशानी देता है, बल्कि विभाग की छवि को भी धूमिल करता है। डीआईजी ने इसे पुलिस आचरण संहिता और नियमावली का उल्लंघन बताते हुए इसे गंभीरता से लिया है।



उन्होंने निर्देश दिया है कि सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मी अनिवार्य रूप से ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी, नेमप्लेट और मानक जूते पहनें। विशेष रूप से पहली पाली यानी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओडी पदाधिकारी फुल ड्रेस में रहें। साथ ही, सभी थानों में पारदर्शी ड्यूटी रोस्टर तैयार करने का भी आदेश दिया गया है, जिसमें प्रत्येक कर्मी की ड्यूटी स्पष्ट रूप से अंकित हो और वह अपने हस्ताक्षर से प्रमाणित करे। थाना प्रभारी को प्रतिदिन सुबह मीटिंग आयोजित कर ड्यूटी तय करने और पिछले दिन के कार्यों की समीक्षा करने को कहा गया है।

इतना ही नहीं, प्रत्येक दिन सभी पुलिसकर्मियों का वर्दी में, नेमप्लेट सहित समूह फोटो लेकर डीआईजी कार्यालय को भेजना अनिवार्य कर दिया गया है। डीआईजी ने चेताया है कि निर्देशों की अनदेखी करने वाले पुलिस अधिकारी जांच के दायरे में आयेंगे।

## ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी आम हड़ताल व चक्का जाम का रहा मिलाजुला असर

# हड़ताल से 550 करोड़ का कारोबार प्रभावित

- **रांची में 80 से 100 करोड़ रुपए का व्यवसाय हुआ प्रभावित**
- **बैंकिंग, कोयला, बीमा एवं अन्य क्षेत्रों पर पड़ा हड़ताल का असर**

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची।** ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी आम हड़ताल और चक्का जाम आंदोलन का राज्य में बुधवार को मिलाजुला असर देखा गया। राज्य में सबसे विपरीत असर कोयला क्षेत्र पर देखा गया। इस हड़ताल से कोयले का खनन, लोडिंग और ढुलाई पूरी तरह से प्रभावित हुई। कोयला क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत काम ठप रहा।

राज्यभर में लगभग 15 लाख मजदूर और विभिन्न विभागों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी के अनुसार, हड़ताल की वजह से 550 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है। राजधानी रांची में 80 से 100 करोड़ रुपए का व्यवसाय प्रभावित हुआ है।

राजधानी रांची सहित बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, चाईबासा, लोहरदगा और अन्य जिलों में वामपंथी दलों, ट्रेड यूनियनों और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने रैली और प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया। इधर, राजधानी रांची में अल्बर्ट एक्का चौक पर दो घंटे तक चक्का जाम कर आमसभा की गई। झामुमो, कांग्रेस, राजद, भाकपा, भाकपा माले और माकपा जैसे दलों ने हड़ताल का खुलकर समर्थन किया। रांची स्थित दरभंगा हाउस स्थित सीसीएल, सीएमपीडीआई में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल जैसी कंपनियों में भी कार्य ठप रहा। बैंक और इंश्योरेंस क्षेत्र पूरी तरह से बंद रहा। इसके अलावा, हड़ताल के चलते राज्य सरकार का भी लगभग 50 प्रतिशत काम प्रभावित हुआ।

वहीं, श्रमिक संगठनों ने 17 सूत्री मांगों के समर्थन में काम बंद कर प्रदर्शन किया। इसमें निजीकरण रोकना, रोजगार सुनिश्चित करना, मूल्य वृद्धि पर रोक लगाना, करों और शुल्कों का बोझ हटाना, किसानों के लिए एमएसपी, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी और सामाजिक सुरक्षा, स्थायी शेष पेज 09 पर...

### झारखंड में शांतिपूर्ण रहा भारत बंद और हड़ताल

झारखंड में भारत बंद और हड़ताल का शांतिपूर्ण, संगठित और प्रतीकात्मक असर देखा गया। इसमें मजदूरों की भागीदारी और संगठनों की एकता ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। हड़ताल के दौरान सरकारी बसें सामान्य रूप से चलती रहीं। हालांकि, कुछ रूटों पर प्रदर्शनकारियों की ओर से अवरोध के कारण सेवाएं अस्थायी रूप से बाधित हुएइं। अधिकांश सरकारी कार्यालयों में सामान्य उपस्थिति देखी गई, लेकिन कई कर्मचारियों ने हड़ताल को नैतिक समर्थन दिया।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन की सेहत में काफी सुधार



- **लगातार देखभाल व निगरानी की जा रही है**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती राज्यसभा सदस्य और झामुमो के संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन अब खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि गुरुजी की सेहत में काफी सुधार हुआ है। डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। हालांकि, पूरी तरह स्वस्थ होने और अस्पताल से छुट्टी मिलने में अभी समय लग सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों में उनकी एक सर्जरी की जा सकती है। फिलहाल वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। पारिवारिक सदस्यों को छोड़कर किसी को भी उनसे मिलने की अनुमति नहीं है। ज्ञात हो कि शिबू सोरेन को विगत 19 जून को ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

चिकित्सकों की सतर्कता और उपचार के कारण उनकी स्थिति में सकारात्मक प्रगति देखी जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि उनकी लगातार देखभाल और निगरानी की जा रही है। इधर, उनका कुशलक्षेम जानने के लिए नेताओं का तांता लगा है। झामुमो नेता और समर्थक उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के लिए लगातार मंदिर, मस्जिद और चर्च में प्रार्थना कर रहे हैं।

सत्यमेव जयते

International Year of Cooperatives
2025
Cooperatives Build a Better World

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक

27th MEETING OF THE EASTERN ZONAL COUNCIL

अन्तर राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

Inter State Council Secretariat, Ministry of Home Affairs, Government of India

दिनांक: 10 जुलाई, 2025 रांची, झारखण्ड

झारखण्ड में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री, बिहार और पश्चिम बंगाल के माननीय मंत्रियों तथा भारत सरकार एवं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत और जोहार है।

PR No. 356936 (IPRD) 2025-26

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## लंबित मांगों के समर्थन में आंगनबाड़ी कर्मियों ने की हड़ताल

**श्री बंशीधर नगर।** राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं सड़कों पर उतर आईं। अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कर्मचारी कृति समिति और झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सेविकाओं ने परियोजना कार्यालय से जुलूस निकाला जो हनुमान मोड़ तक गया। इसके बाद सभी कर्मी पुनः परियोजना कार्यालय लौटकर धरना पर बैठीं। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरना स्थल पर यूनियन की जिला अध्यक्ष कौशल्या देवी ने बताया कि आज के दिन पूरे जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। सेविकाएं न पोषण टेकर का वितरण कर रही हैं, न प्राथमिक शिक्षा का कार्य कर रही हैं। उन्होंने चार श्रमिक विरोधी कानूनों को रद्द करने, 26000 रुपये न्यूनतम वेतनमान लागू करने, सेवानिवृत्ति पर 5 लाख की एकमुश्त सहायता व पेंशन देने, सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार ग्रेच्युटी देने, और एफआरएस प्रक्रिया को बंद करने जैसी प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका देश के भविष्य को पोषण देने का काम कर रही हैं, परंतु उन्हें आज भी मान-सम्मान नहीं मिल रहा है। सेविकाएं अब अपने हक के लिए सड़क पर उतर चुकी हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सेविकाएं शामिल रहीं, जिनमें बबीता कुमारी, सविता देवी, शबाना खातून, शीला देवी, रेखा देवी सहित अन्य शामिल थीं।

## लवाही खुर्द का बाबा मंगरदह महादेव मंदिर बना श्रद्धा का केंद्र

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय से 3 किमी दक्षिण, लवाही खुर्द गांव में मंगरदाहा नदी किनारे स्थित बाबा मंगरदह महादेव मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहाँ हर साल सावन मास में कांवरिया बालचौरा स्थित कनहर नदी से जल भरकर जलाभिषेक करते हैं। प्रत्येक सोमवार को भव्य मेले का आयोजन भी होता है। स्थानीय मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। बताया जाता है कि लगभग 21 वर्ष पूर्व यह शिवलिंग जमीन से स्वयं प्रकट हुआ था, जिसके बाद ग्रामीणों ने पूजन शुरू किया और मंदिर का निर्माण किया। सावन में बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश सहित आसपास के जिलों से हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के पास हनुमान मंदिर भी है और नदी तट पर होने के कारण यहां का दृश्य अत्यंत रमणीय लगता है। मंदिर समिति अध्यक्ष मंगरु बैठा व पुजारी दीनदयाल पाठक ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति पूरी तत्परता से कार्य करती है।

## भलपहाड़ी देवी मंदिर में दान पेटी चोरी

**रंका (गढ़वा)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के भलपहाड़ी देवी मंदिर में बुधवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब ग्रामीणों ने मंदिर की दान पेटी गायब पाई और वहां दूसरे समुदाय की दान पेटी रखी देखी। घटना की जानकारी मिलते ही रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह व सब इंस्पेक्टर राजेश वर्मा घटनास्थल पहुंचे और उग्र ग्रामीणों को शांत कराया। ग्रामीणों ने इस घटना को धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश बताया और थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि दान पेटी में लगभग 20,000 रखे थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने पुष्टि की कि यह घटना सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश हो सकती है। पुलिस जांच कर रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चतुभुर्जी मंदिर में श्रावणी मेले की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**केतार (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर परिसर में आगामी श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जलाभिषेक कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। समिति ने निर्णय लिया कि पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु पंडा-ढाढरा नदी से पवित्र जल भरकर मंदिर तक कलश यात्रा निकालेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। बैठक में मंदिर परिसर की समुचित सफाई, पेयजल आपूर्ति, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अन्य जरूरी उपायों पर भी चर्चा की गई। समिति ने स्थानीय श्रद्धालुओं और भक्तों से अपील की कि वे इस पावन माह में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और कलश यात्रा को सफल बनाएं। इस अवसर पर मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहू, सचिव हेमंत कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, सदस्य बालमुकुंद बैद्य एवं प्रवेश ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने श्रावणी मेले को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने का संकल्प लिया।

## भवनाथपुर में श्रम कानूनों में बदलाव के खिलाफ हड़ताल

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** बुधवार को यूनियन के पूर्व निर्धारित आह्वान पर श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव के विरोध में भवनाथपुर क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों ने हड़ताल की। इस आंदोलन को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पीएनबी सिंघी ताली सहित कई बैंकों ने भी समर्थन दिया, जिससे अधिकांश बैंक बंद रहे। केवल एसबीआई टाउनशिप शाखा खुली रही। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि नए श्रम संशोधन मजदूरों के हितों के विरुद्ध हैं और इससे उनके अधिकारों का हनन होगा। उन्होंने सरकार से इन बदलावों को तत्काल वापस लेने की मांग की। हड़ताल के कारण आम लोगों को बैंकिंग सेवाओं में परेशानी हुई। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## धुरकी में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

**धुरकी/गढ़वा।** बुधवार को धुरकी प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सेविका-सहायिका संघ ने एकदिवसीय हड़ताल के तहत जोरदार प्रदर्शन किया। रिता देवी, देवंती देवी और रेखा देवी के नेतृत्व में आयोजित इस धरने में दर्जनों सेविकाएं शामिल हुईं। प्रदर्शनकारियों ने अपनी आठ सूत्री मांगें रखीं, जिनमें श्रमिक विरोधी कानूनों को रद्द करना, सरकारी नौकरियों में भर्ती बहाल करना, न्यूनतम मजदूरी ?26,000 और पेंशन योजना लागू करना प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त सेविकाओं ने सरकारी कर्मचारी का दर्जा, मोबाइल और रिचार्ज सुविधा, पोषाहार राशि की नियमित आपूर्ति और ग्रेच्युटी भुगतान की मांग की।

# हाथी के हमले में महिला की मौत रंका में इस माह की यह चौथी घटना

### ● भौंरी गांव के जंगल में डोरी चुनने गई थी 70 वर्षीय चंचलिया कुअंर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका (गढ़वा)।** रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत अंतर्गत भौंरी गांव में बुधवार को एक महिला की हाथी के हमले में मौत हो गई। मृतका की पहचान चंचलिया कुअंर (पति झ जितन सिंह, उम्र 70 वर्ष) के रूप में हुई है। वह 8 जुलाई को जंगल में डोरी चुनने गई थीं और देर शाम तक घर नहीं लौटीं। 9 जुलाई की सुबह ग्रामीणों ने पूर्वी वन क्षेत्र के जंगल में खोजबीन के दौरान उनका शव बरामद किया। शव के पास हाथी के पैरों के निशान पाए गए। इसकी सूचना रंका वन विभाग को दी गई। वन क्षेत्र पदाधिकारी रामरतन पांडेय ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वन विभाग की ओर से तत्काल 50,000 का मुआवजा दिया गया है। पूर्ण प्रक्रिया के बाद शेष मुआवजा दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पिछले एक महीने में हाथियों के हमले से रंका क्षेत्र में चार लोगों की जान जा चुकी है। बावजूद इसके लोग बार-बार चेतावनी के बाद भी जंगलों में जा रहे हैं।



## केतार में बैंक हड़ताल से ग्रामीण परेशान

**केतार।** देशव्यापी बैंक हड़ताल के कारण बुधवार को केतार प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की सभी सेवाएं ठप रहीं। खाताधारक सुबह से दोपहर तक लेन-देन के लिए बैंक के बाहर इंतजार करते रहे लेकिन बैंक बंद रहा। बैंकिंग कामकाज प्रभावित होने से दूर-दराज से आए ग्रामीणों को निराश लौटना पड़ा। कई महिला और पुरुष लाभुक घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ घर लौट गए।

## कांडी के सरकोनी पंचायत में लगा नया ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी/गढ़वा।** कांडी प्रखंड के सरकोनी पंचायत अंतर्गत सेमौरा गांव में छह महीने से बाधित बिजली आपूर्ति अब बहाल हो गई है। यहां 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। यह कार्य पंचायत के युवा मुखिया सुबोध कुमार वर्मा के प्रयास से संभव हो सका। बताया गया कि पुराना ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण जल गया था। गांव के करीब 200 उपभोक्ताओं के साथ चार चक्की मिल व 15 किसानों की मोटर इसी ट्रांसफार्मर से संचालित हो रही थी। कई बार शिकायत के बाद भी विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अंततः मुखिया के निरंतर प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली सेवा पुनः बहाल की गई।



# मेराल प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर अधिकारियों सहित 10 लोगों ने किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा)।** बुधवार को मेराल प्रखंड कार्यालय परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया। शिविर में अंचल अधिकारी जसवंत नायक, बीडीओ सतीश भगत, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, बीपीओ आदम अली सहित कुल 10 लोगों ने एक-एक यूनिट रक्तदान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित चिकित्सकों ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि लोगों को रक्तदान को लेकर जागरूक होना चाहिए और समय-समय पर आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल दूसरों की जिंदगी बचाता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। सीओ जसवंत नायक ने कहा कि रक्तदान महादान है। यदि हम साल में एक या दो बार भी रक्तदान करें तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे रक्तदान जैसे पुण्य कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। रक्तदान करने वालों में कनीय अभियंता आनंद कृष्ण, संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, पंचायत सचिव राधा कुमारी, रोजगार सेवक सुदीप झा, ऑपरेटर गौतम कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे। मौके पर डॉक्टर अनिल साव, मुकेश कुमार ठाकुर, दया ठाकुर, रूप देव सिंह, नेहा कुमारी, अमृता कुमारी, प्रवेक्षिका स्वस्तिका रानी व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## गुरु पूर्णिमा पर मझिआंव में अखंड जाप प्रारंभ

**मझिआंव/गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर मझिआंव के चन्द्री गायत्री नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 10 जुलाई को आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर 12 घंटे का अखंड गायत्री महामंत्र जाप शुरु हो चुका है। गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य आयोजन में हवन, यज्ञ, दीक्षा संस्कार सहित अन्य विधियों का आयोजन होगा। अंत में भंडारा और महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। अखंड जाप में शामिल श्रद्धालुओं में अशोक विश्वकर्मा, देवंती देवी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, संजीव चंद्रवंशी, रानी कुमारी, काजल कुमारी सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं।

## सेवानिवृत्त बीईईओ प्रतिभा कुमारी को दी गई भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड संसाधन केंद्र डंडई परिसर में बुधवार को बीईईओ प्रतिभा कुमारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों व शिक्षा कर्मियों ने माला पहनाकर, अंगवस्त्र व बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत किया जिससे उपस्थितजन भावुक हो उठे। बीईईओ प्रतिभा कुमारी ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और उन्होंने यहां शिक्षकों का पूरा सहयोग पाया। समारोह को बीडीओ देवलाल करमाली, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, बीपीओ रेनू बाला, शिक्षक आलोक कुमार व अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन प्रभात कुमार ने किया। मौके पर सैकड़ों शिक्षक व कर्मी मौजूद रहे।




## डीसी ने मेराल में किया मक्का बीज का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा)।** बुधवार को मेराल प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने 10 चयनित किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया। यह बीज कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया गया था। डीसी ने उपस्थित किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने और उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से खाद्यान्न भंडारण और वितरण प्रणाली की भी जानकारी ली। उन्होंने गोदाम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए एमओ और एजीएम को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोदाम में खाद्यान्न का उचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। बीज वितरण को लेकर स्थानीय बीटीएम प्रवीण मिश्रा द्वारा चयनित किसानों को ही बीज देने की योजना थी, लेकिन अंतिम समय में उपस्थित किसानों को प्राथमिकता दी गई और उन्हीं के बीच बीज वितरित किया गया। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने किसानों से कहा कि वे मोटे अनाजों की खेती पर भी ध्यान दें ताकि जलवायु परिवर्तन की स्थिति में खाद्य सुरक्षा बनी रहे और किसानों की आय भी बढ़े। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आत्मनिर्भरता के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है। इस अवसर पर सीओ जसवंत नायक, बीडीओ, विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा, एजीएम बसंत पांडेय, शिवनाथ चौधरी, अजय गुप्ता सहित कई अन्य अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## पलामू समाहरणालय
### प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू–अर्जन निदेशालय)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :–663/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–07.07.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना भजनिया मोहम्मदगंज से हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) पथ भाया कोलहुवा, बरडीहा, पन्सा, अधौड़ी तथा रानीदेवा पथ निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, थाना–हैदरनगर, अंचल–हैदरनगर, जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **3.2906** एकड़ यानि 1.3316 हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

ग्राम–हैदरनगर, थाना सं0–303, कुल रकबा–**3.2906** एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | भूमि का किस्म | भूमि स्वामित्व का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 349 | 253 | टाड़ दो | रैयती | 0.3855 | जगेसर सिंह, पिता–द्वारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, पार्वती देवी पति–रामाशीष सिंह, अशरफ खान, पिता–अजमुद्दीन खान, मो. खुर्शीद, पिता–मैनुद्दीन खान, सेम्बुल तारा, पति—अशरफ खान | | | | | |
| 2 | 348 | 254 | टाड़ दो | रैयती | 0.1390 | सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, जाति–राजपुत एवं जगेसर सिंह, पिता–द्वारिका सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामाशिष सिंह व रामश्रय सिंह व विनोद सिंह व प्रसोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, | | | | | |
| 3 | 1087 | 255 | टाड़ दो | रैयती | 0.1427 | अमीना बीबी पति–अब्दुल रहीम खां, नौशर अली पिता–अफसर अली, नाजिया प्रवीन पति–सलीम खां | | | | | |
| 4 | 349 | 251 | टाड़ दो | रैयती | 0.1475 | जगेसर सिंह, पिता द्वारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामाशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, समसुलहक पिता–स्व. अलीम अंसारी | | | | | |
| 5 | 348 | 257 | टाड़ दो | रैयती | 0.0282 | सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, जाति–राजपुत एवं जगेसर सिंह, पिता–द्वारिका सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामाशिष सिंह व रामश्रय सिंह व विनोद सिंह व प्रसोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह, | | | | | |
| 6 | 334 | 278 | टाड़ दो | रैयती | 0.0910 | जगदिश, पिता–रामेसर विश्वकर्मा, मो0 प्रवेज अहमद, पिता–मो0 जुमराती अंसारी | | | | | |
| 7 | 349 | 279 | टाड़ दो | रैयती | 0.0600 | रोस्तम हवारी पिता–नईम हवारी | | | | | |
| 8 | 349 | 280 | टाड़ दो | रैयती | 0.0900 | रोस्तम हवारी पिता–नईम हवारी, अपसाना प्रवीन पति–कमरू अंसारी, सद्दाम हुसैन पिता–कमरुद्दीन अंसारी | | | | | |
| 9 | 1087 | 281 | टाड़ दो | रैयती | 0.1000 | रामाधार सिंह, पिता–देवा सिंह, बिहारी सिंह, पिता–प्रगास सिंह | | | | | |
| 10 | 349 | 282 | धनहर दो | रैयती | 0.1550 | जगेसर सिंह, पिता–द्वारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह , पिता–शिवलोचन सिंह, | | | | | |
| 11 | 349 | 283 | बांध | रैयती | 0.0225 | जगेसर सिंह, पिता–द्वारिका सिंह, सीता राम सिंह, पिता–महेश्वरी सिंह, हरिहर सिंह, पिता–करमदेव सिंह, रामशीष सिंह व रामश्रय सिह व विनोद सिंह व प्रमोद सिंह, पिता–कपिलदेव सिंह, नथुनि सिंह, पिता–शिवलोचन सिंह | | | | | |
| 12 | 1052 | 284 | धनहर दो | रैयती | 0.0865 | रामप्रशाद साह, पिता–शितल साह, मो0 हैदर अली पिता–मो0 अख्तर अली, आमना बीबी पति–सदरुद्दीन मियां | | | | | |
| 13 | 230 | 285 | धनहर दो | रैयती | 0.0680 | कोदु प्रसाद, पिता–धनेसर प्रसाद | | | | | |
| 14 | 230 | 286 | धनहर दो | रैयती | 0.0972 | कोदु प्रसाद, पिता–धनेसर प्रसाद | | | | | |
| 15 | 321 | 287/5438 | धनहर दो | रैयती | 0.0828 | छठनी देवी, पति–कुलदीप मिस्त्री | | | | | |
| 16 | 63 | 288 | धनहर दो | रैयती | 0.0340 | अब्दुल अहमद खां, पिता–अब्दुल गफार खां | | | | | |
| 17 | 752 | 386 | धनहर दो | रैयती | 0.2167 | वंशीधर सिंह वो ओमकार सिंह वो, पिता–रामबेलाश सिंह, वृज किशोर सिंह वो कुन्दन सिंह, पिता–रामबेलाश सिंह | | | | | |
| 18 | 68 | 407 | धनहर दो | रैयती | 0.0300 | अब्दुल अहद खां व अब्दुल समद खां व अब्दुल वारीफ खां, पिता–गफार खां | | | | | |
| 19 | 401 | 406 | धनहर दो | रैयती | 0.0800 | जुगल किशोर लाल, पिता–पचाना लाल | | | | | अधियाचना में प्लॉट नं0–406 के स्थान पर 405 दर्ज है। अंचल प्रतिवेदन 406 प्लॉट का आया है 405 अर्जित क्षेत्र से बाहर है। |
| 20 | 885 | 404 | धनहर दो | रैयती | 0.1809 | मंसुर खाँ वो मनीहर खाँ वो सुलेमान खाँ, पिता–कादीर खाँ, रेयासत खाँ, पिता–नाजीर खाँ, नसीर वीवी, पति–मंसुर खाँ | | | | | |
| 21 | 67 | 387 | धनहर दो | रैयती | 0.0182 | अब्दुल हक खान पिता– अब्दुल समद खां | | | | | |
| 22 | 760 | 388 | धनहर दो | रैयती | 0.0221 | फैयाज खान पिता–स्व0 मुमताज खान | | | | | |
| 23 | 356 | 389 | धनहर दो | रैयती | 0.0284 | जफरुदिन खां व शहीद खां व क्युम खां, पिता–सतार खां, मखमली बीबी, पिता–शहीद खां, हुसनआश बीबी, पति–क्यामुदिन खां | | | | | |
| 24 | 885 | 403 | धनहर दो | रैयती | 0.0784 | मंसुर खाँ वो मनीहर खाँ वो सुलेमान खाँ, पिता–कादीर खाँ, रेयासत खाँ, पिता–नाजीर खाँ, नसीर वीवी, पति–मंसुर खाँ, महमूद खां उर्फ लल्लू खां पिता–स्व0 मंसूर खां | | | | | |
| 25 | 1396 | 390 | धनहर दो | रैयती | 0.0625 | हाजरा वीवी, पति–अब्दुल अहमद खाँ, जाति– पैठान एवं बदरुन निशा, पिता–गुलाम समद खाँ | | | | | |
| 26 | 68 | 391 | धनहर दो | रैयती | 0.0608 | अब्दुल अहद खां व अब्दुल समद खां व अब्दुल वारीफ खां, पिता–गफार खां, वसी आलम खां पिता–स्व0 समद खां यासमीन बानो पति–नूर सईद | | | | | |
| 27 | 1299 | 401 | धनहर दो | रैयती | 0.0923 | खदीजा एरम पति–मुमताज अहमद, नसीरुद्दीन अहमद, पिता–मो. युनुस अहमद,सुमैला खातून, पति–शोहब अख्तर, तबस्सुम प्रवीण, पति–मोहसिन खान, फरहान नाज, पति–बसीर खां वगैरह | | | | | |
| 28 | 68 | 392 | धनहर दो | रैयती | 0.0350 | अब्दुल अहद खां व अब्दुल समद खां व अब्दुल वारीफ खां, पिता–गफार खां | | | | | |
| 29 | 936 | 393 | धनहर दो | रैयती | 0.1300 | रहमतुल्ला खाँ वो करमतुल्ला खाँ, कुईसा वीवी, पिता–हीदायततुल्ला खाँ, चाँद प्रवीन पति–लेयाकत अली खां | | | | | |
| 30 | 869 | 400/5629 | धनहर दो | रैयती | 0.0205 | फुजैल अहमद, इरशाद अहमद पिता–स्व. मो.जउवाद | | | | | |
| 31 | 1216 | 394 | धनहर दो | रैयती | 0.0060 | सइदा वीवी, पति–मोहम्द रजा | | | | | |
| 32 | 177 | 593 | मकान | रैयती | 0.0275 | करामत अली खां, पिता–हेयाततुलाह खां, सलीम खां, पिता–जलील खां, | | | | | |
| 33 | 177 | 596 | टांड़ एक | रैयती | 0.0275 | जिशान अली पिता लेयाकत अली | | | | | |
| 34 | 177 | 597 | मकान | रैयती | 0.0200 | करामत अली खां, पिता–हेयाततुलाह खां, सलीम खां, पिता–जलील खां, जिशान अली पिता लेयाकत अली | | | | | |
| 35 | 1416 | 2044 | कब्रीस्थान | गै0मा0 | 0.0250 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | | |
| 36 | 1415 | 2045 | पुरानी परती | गै0मा0 | 0.0450 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | | |
| 37 | 1416 | 2042 | रास्ता | गै0मा0 | 0.0470 | अनाबाद सर्व साधारण | | | | | |
| 38 | 1415 | 252 | बांध | गै0मा0 | 0.0739 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | | |
| 39 | 1415 | 231 | बांध | गै0मा0 | 0.0411 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | | |
| 40 | 1415 | 2040 | बांध | गै0मा0 | 0.0119 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | | |
| 41 | 1415 | 2041 | पोखरा | गै0मा0 | 0.1800 | अनाबाद झारखण्ड सरकार | | | | | |
| | | | | कुल :– | 3.2906 | | | | | | |

नोट :– अंचल अधिकारी, हैदरनगर के पत्रांक–270, दिनांक–29.05.2025 द्वारा अधियाचित भूमि का सत्यापन प्रतिवेदनानुसार धारा–11 तैयार किया गया है। यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।


कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 356822 Palamu(25-26)D

## इंडिया
# पूज्य गुरुदेव मास्टर साहब से सेवा प्रदाता व्यवसायी तक




गुरु पूर्णिमा पर्व हिंदू, बौद्ध और जैन अपने आध्यात्मिक शिक्षकों के सम्मान और उन्हें अपनी कृतज्ञता अर्पित करने के रूप में आषाढ़ की पूर्णिमा (जून-जुलाई) को मनाते रहे हैं । महात्मा गांधी अपने आध्यात्मिक गुरु श्रीमद राजचन्द्र को सम्मान देने के लिए मनाते थे । भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत उच्च और पूजनीय माना गया है। ह्यगुह्न का अर्थ है अंधकार और ह्यरुह्न का अर्थ है प्रकाश। जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाए, वही सच्चा गुरु होता है। गुरु हमें सही मार्ग दिखाते हैं, जीवन को सार्थक बनाते हैं। सनातन भारतीय परंपरा में यह दिन गुरु को प्रणाम करने, उनसे आशीर्वाद लेने और उनके उपदेशों को स्मरण करने का होता है जिस कारण अध्यात्म, शिक्षा, संस्कृति और संस्कारों के रूप में जुड़ा हुआ है। प्राचीन गुरुकुल प्रणाली से लेकर आज के विदेशी मॉडल के आधुनिक शिक्षण संस्थानों तक, गुरु का स्थान अपरिवर्तित रहा है। वे न केवल विषय ज्ञान देते हैं बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिकता, अनुशासन और आदर्शों का बीजारोपण भी करते हैं। कबीरदास जी ने कहा था-'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय ।बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताए।।'प्राचीन भारत में शिक्षक को गुरु यानी राह दिखाने वाला माना जाता था और इसलिए गोविंद यानी ईश्वर से भी ऊपर उनका स्थान बताया गया था जो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग बताते थे ।गुरु और शिष्य की परंपरा एक संस्कार की तरह थी जिसमें से योग्य नागरिक या राजा निकलते थे ।गुरुकुल में कृष्ण और सुदामा एक साथ पढ़ते थे वहां कोई राजा या कोई दरिद्र नहीं था ।धीरे धीरे भारत में लुटेरे और आक्रमणकारी आए और यहां की सभ्यता संस्कृति के ताने बाने को नष्ट कर दिया । पश्चिमी और पूर्वी सभ्यता में भी मौलिक अंतर भावना का था ।शिक्षक बिना किसी भेदभाव के पढ़ाने को अपना धर्म समझते थे पर जैसे जैसे राजा और प्रजा में अंतर आता गया वैसे वैसे दोनों की शिक्षा बदलती चली गई। भेदभाव का यह अंतर अंग्रेजों के राजकाज में सबसे ज्यादा बढ़ा और एक स्पष्ट सीमारेखा सी खींच दी गई ।भारत की आजादी के बाद सत्ता पक्ष और धनाढ्य वर्ग अधिक से अधिक पैसे खर्च कर सबसे अच्छे शिक्षकों की सेवा लेने लगा जबकि आम आदमी सरकारी या कम पैसे में काम करने वाले शिक्षकों के पास बच्चों को पढ़ाने को अपनी कमजोरी मान बैठा ।यहां से एक वर्ग संघर्ष और पैसे कमाने के लिए कोई भी रास्ता अपनाने की होड़ मच गई जिससे समाज में भ्रष्टाचार बढ़ा। आज यह खाई इतनी बड़ी हो गई है कि समाज में बड़े अंग्रेजी स्कूलों और श्रेष्ठ संस्थानों में पढ़े और हिंदी माध्यम से पढ़े लोगों के बीच एक दूसरे के प्रति अविश्वास और भय बना हुआ रहता है या बहुत हद तक घृणा का भाव आ गया है । सरकारी शिक्षण संस्थानों के श्रेष्ठ शिक्षक जो कभी भारत के सच्चे नागरिक देने वाले गुरु थे अब पैसे लेकर सेवा देने वाले सेवा प्रदाता बनते जा रहे हैं जिससे उनके अंदर भी पैसे की भूख बढ़ी है दूसरी ओर विद्यार्थी जो पहले उनके पैर छूता था अब पश्चिमी देशों की तरह साथ में पार्टी मनाने का ऑफर कर रहा है। यह इस परंपरा और मूल्यों वाले देश के घातक है। सरकारें समान शिक्षा व्यवस्था के नाम पर पाठ्यक्रम तक समान नहीं कर पा रही हैं । पब्लिक स्कूलों की किताबें और सरकारी स्कूलों की किताबें तक अलग हैं । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कितनी कारगर हो पाएगी और केंद्रीय सरकार देश भर में फैले शिक्षा माफिया के सामने कितनी मजबूती से टिक पाएगी यह देखना शेष है ।अभी कमजोर पड़ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था और जड़ें जमाती कोचिंग और निजी शिक्षा में अंतर सिर्फ खर्च या गुणवत्ता का नहीं है बल्कि माहौल का है । सरकारी शिक्षण संस्थान अलाभकारी होने के कारण भारत की शिक्षा की मूल अवधारणा शिक्षा दान पर आधारित थे जबकि निजी संस्थान लाभकारी व्यवसाय की अवधारणा पर आधारित होने के कारण श्रेष्ठता का प्रयास तो करते ही हैं पर उनका लक्ष्य सिर्फ लाभ कमाना होने के कारण उनके शिक्षक महंगे सेवा प्रदाता बन जाते हैं जिससे संस्थान रिजल्ट तो अच्छा देते हैं पर शिक्षकों का वह सम्मान नहीं रह पाता जो कभी गुरु का हुआ करता था। अनेक विद्यार्थी मेडिकल, इंजीनियरिंग,आइटी या प्रबंधन जैसे संस्थानों ने निकलकर सेवा नहीं मात्र मेवा की राह संभवतः इसीलिए पकड़ते हैं ।



### सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने संभाला पदभार
## गरीब से गरीब व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य : डॉ. श्रीवास्तव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नए सिविल सर्जन के रूप में डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए अपनी प्राथमिकताओं और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य जिले के अंतिम पंक्ति के गरीब से गरीब व्यक्ति तक समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ जन-जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में नशा – चाहे वह शराब, गुटखा या तंबाकू का हो – लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। इसे रोकने और इसके दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के लिए मेडिटेशन को बढ़ावा देने की योजना है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली एएनसी (गर्भपूर्व देखभाल) सेवाओं को पूरी तरह व्यवस्थित किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी डिलीवरी प्रशिक्षित हाथों से ही हों।

टीबी उन्मूलन को लेकर उन्होंने बताया कि पलामू जिले में कुल 2900 टीबी मरीज हैं, जिनमें से अभी तक केवल 317 मरीजों को ही फूड बास्केट मिल पाया है। जबकि सरकार की ओर से फूड बास्केट का कोई अलग प्रावधान नहीं है, फिर भी सीएसआर मद से इसकी व्यवस्था करने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर कंपनियों के साथ बैठक बुलाई जाएगी। अब तक केवल ग्रासिम इंडस्ट्रीज की ओर से 60 फूड बास्केट उपलब्ध कराए गए हैं।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि जिले की 285 पंचायतों को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य है। अब तक 40 पंचायतों को ही टीबी मुक्त घोषित किया गया है। दिसंबर 2025 तक इस दिशा में और प्रगति की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि काम करेंगे तो ही चुनौतियां आएंगी, काम से ही चुनौती मिलती है। सभी के सहयोग से हम इन चुनौतियों को स्वीकार करने और समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए तैयार हैं।

### नई दिल्ली में सांसद विष्णु दयाल राम ने की केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात
# रजहरा कोलियरी में जल्द शुरू होगा उत्खनन मंडल डैम के शीघ्र निर्माण की रखी मांग

- सांसद की पहल से रजहरा कोलियरी व मंडल डैम को मिली गति
- मंत्रियों से मुलाकात कर उठाए विस्थापन, रोजगार व सिंचाई परियोजना के मुद्दे

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रजहरा कोलियरी में कोयला उत्खनन शीघ्र शुरू करने और विस्थापित परिवारों को रोजगार प्रदान करने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की।

सांसद ने बताया कि रजहरा कोलियरी परियोजना को शुरू करने से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं। परियोजना स्थल पर आधारभूत संरचना और प्रशासनिक मंजूरियां पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं। अब केवल 20 विस्थापितों को नौकरी देने का कार्य शेष है, जिसके लिए अटॉर्नी जनरल की सहमति भी मिल चुकी है। इसके बावजूद परियोजना में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जो चिंताजनक है।

इसपर केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि कोलियरी परियोजना में विस्थापितों की नियुक्ति प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कर लिया जाएगा और कोयला उत्खनन कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा।

इसके उपरांत सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटील से भी मुलाकात की। उन्होंने पलामू प्रमंडल की बहुप्रतीक्षित उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया।

सांसद ने कहा कि यह परियोजना झारखंड के लातेहार जिले में स्थित है, जिसका उद्देश्य पलामू प्रमंडल के तीन जिलों – पलामू, गढ़वा एवं लातेहार – और बिहार राज्य के गया तथा औरंगाबाद जिलों की 1.11 लाख हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करना है। इसके साथ ही यह परियोजना पेयजल आपूर्ति और औद्योगिक उपयोग की दिशा में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

मंत्री पाटील ने परियोजना की महत्ता को स्वीकारते हुए कहा कि जल शक्ति मंत्रालय के अधीन एक केंद्रीय टीम शीघ्र ही परियोजना स्थल का निरीक्षण करेगी। साथ ही, निर्माण कार्य में लगी वाप्कोस लिमिटेड और अन्य एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, ताकि कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर
### जमूने गांव में जलमीनार की मरम्मत ग्रामीणों ने जताया आभार



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत जमूने गांव में वर्षों से खराब पड़े जलमीनार की आखिरकार मरम्मत करा दी गई। स्थानीय मुखिया लालदेव राम द्वारा की गई इस पहल में पुराने नलों को बदला गया और एक नया मोटर भी लगाया गया, जिससे अब ग्रामीणों को पेयजल की बेहतर सुविधा मिलने लगी है। कुछ दिनों पूर्व राष्ट्रीय नवीन मेल में इस जलमीनार की बदहाली को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। इस जलमीनार से दर्जनों घरों को जलापूर्ति होती है। इसके खराब होने से लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था। अब जलमीनार दुरुस्त हो जाने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। लोगों ने स्थानीय मुखिया और अखबार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहले गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ता था, लेकिन अब घर के नजदीक ही जलस्रोत उपलब्ध है।

### कौशल विकास केंद्र में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत संचालित कौशल विकास केंद्र में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता विवेकानंद त्रिपाठी और पूर्व पार्षद मनोज कुमार बतौर अतिथि शामिल हुए। बैठक में छात्रों की उपस्थिति, प्रगति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा हुई। अभिभावकों को बच्चों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी गई। अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर देश की तरक्की में योगदान देने की बात कही। शिक्षकों द्वारा पाठ्यक्रम, अनुशासन और आगामी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई और केंद्र प्रबंधक आलोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### देशव्यापी हड़ताल को ईसीआरईयू का समर्थन

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत देशव्यापी हड़ताल का असर मेदिनीनगर में भी आंशिक रूप से देखा गया। इस दौरान मजदूर, किसान, छात्र समेत अन्य संगठनों ने बंद का समर्थन किया। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग चौराहों पर जुटे और बंद को सफल बनाने के लिए प्रदर्शन किया, जिन्हें बाद में पुलिस ने हटाया। इसी क्रम में ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन ने भी बंद को नैतिक समर्थन दिया और डालटनगंज स्टेशन के बाहर धरना दिया। रेलवे कर्मियों ने चार श्रम कानूनों को रद्द करने, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, निजीकरण पर रोक, रिक्त पदों की शीघ्र बहाली, प्रतिवर्ष दो प्रतिशत पद सरेंडर करने के आदेश पर रोक और आठ घंटे कार्य समय निर्धारित करने जैसी छह प्रमुख मांगें रखीं। धरने में यूनियन के सक्रिय सदस्य सचिन कुमार, आलोक कुमार, मनीष मिश्रा, यशवंत कुमार, डब्लू कुमार, दीपमाला कुमारी, शोषण कुजूर समेत कई रेलकर्मी शामिल रहे।

## छात्र-छात्राओं के बीच नोटबुक का वितरण मुखिया ने पढ़ाई के प्रति किया प्रेरित

- लेस्लीगंज के दोनों मध्य विद्यालयों में वितरित हुई कॉपियाँ, सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का संदेश



**नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय तथा राजकीय मध्य विद्यालय लेस्लीगंज में बुधवार को विद्यार्थियों के बीच नोटबुक (कॉपी) का वितरण किया गया। यह वितरण प्रखंड संसाधन केंद्र से प्राप्त शैक्षणिक सामग्री के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया रेखा देवी, विधायक प्रतिनिधि सह समाजसेवी छोटेलाल प्रसाद सोनी, बीईईओ महेंद्र प्रजापति, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जफर खान, उपाध्यक्ष, तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र नाथ मिश्रा व शिक्षक अरविंद कुमार सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

मुखिया रेखा देवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा को लेकर पूरी तरह संजीदा है और छात्रों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रौशन करें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि यदि विद्यालय में कोई आवश्यकता हो तो पंचायत स्तर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल प्रसाद सोनी ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा में रुकावट न आए, इसके लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लें और पढ़ाई में मन लगाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं।

नियमित अध्ययन के लिए कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पढ़ाई का महत्व बताया गया और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने तथा अनुशासन में रहने की सीख दी गई। शिक्षकों ने भी इस अवसर पर बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संत तिवारी, प्रियदर्शनी, कलावती, सुषमा, मनीष सोनी समेत दोनों विद्यालयों के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## जिला पर्यावरण समिति की बैठक में प्रदूषण नियंत्रण पर हुई चर्चा, हरियाली बढ़ाने पर जोर

- डीसी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने का निर्देश दिया

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रकार के प्रदूषण नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा, सीडी कचरा, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, जल गुणवत्ता प्रबंधन, घरेलू सीवरेज, वायु व ध्वनि प्रदूषण और खनन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभावों की समीक्षा की गई।

खनन क्षेत्र में हरियाली बनाए रखने के लिए जिला खनन पदाधिकारी और वन प्रमंडल पदाधिकारी को बेहतर समन्वय में कार्य करने को कहा गया।सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि वे सभी अस्पतालों के साथ समन्वय स्थापित कर जैव चिकित्सा अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण की दिशा में प्रभावी कार्य करें। डीसी ने जन सामान्य को जागरूक करने और सभी विभागों को मिलकर कार्य करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन और प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने मध्य रात्रि में पेश की मानवता की मिसाल

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि मानवता और सेवा जब दिल से की जाए, तो वह किसी भी आपदा में वरदान बनकर सामने आती है। मंगलवार की रात बीसफूटा के पास बरगिवां निवासी संजय विश्वकर्मा के साथ हुए गंभीर सड़क हादसे के बाद क्लब ने जिस संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया, वह समाज के लिए प्रेरणादायक बन गया। घटना बीसफूटा के समीप की है, जहां एक अज्ञात बाइक की टक्कर से संजय विश्वकर्मा बुरी तरह घायल हो गया। चोट इतनी गंभीर थी कि उनके पैर का मांस तक उधड़ गया था। उन्हें तत्काल निर्मला बहु-विशेषज्ञ चिकित्सालय लाया गया, जहां वरिष्ठ शल्य चिकित्सक तथा क्लब के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने अपनी पूर्व निर्धारित शल्यक्रिया को स्थगित करते हुए संजय के पैर की ढाई घंटे लंबी शल्यक्रिया कर स्थिति को नियंत्रित किया। शल्यक्रिया के दौरान रात लगभग 11 बजे संजय को "ओ निगेटिव" रक्त की अत्यधिक आवश्यकता पड़ी, जो कि एक दुर्लभ रक्त समूह है। ऐसे समय में क्लब के सदस्य लायन ऋषिकेश दुबे, रंजीत मिश्रा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन गुरबीर सिंह तथा डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ सक्रिय हो उठे और रक्तदाता की खोज में लग गए।

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, कई मामलों का मौके पर हुआ निष्पादन

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सामाजिक और व्यक्तिगत समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। हिट एंड रन मामले में मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत हरिहरगंज के अजय प्रसाद ने की। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो चुकी है, लेकिन आवेदन के बावजूद मुआवजा नहीं मिल सका है। चैनपुर की लिला देवी, जो सब्जी बेचकर गुजारा करती हैं, ने आरोप लगाया कि अबुआ आवास योजना की सूची में उनका नाम जानबूझकर पीछे कर दिया गया, क्योंकि उन्होंने मुखिया द्वारा मांगी गई रिश्वत देने से मना कर दिया। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच की मांग की। उंटारी रोड से आई तारा देवी ने दाखिल-खारिज नहीं होने की शिकायत की, वहीं हैदरनगर के सेवानिवृत्त राजस्व उपनिरीक्षक ने 11 महीने के वेतन और पेंशन के बकाये भुगतान की मांग की।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी ने दिए निर्देश, जून में 25 सड़क दुर्घटनाएं, 19 की मौत

- सीसीटीवी लगाने, गुड सेमेरिटन योजना के प्रचार और ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने पर जोर

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि जून माह में जिले में 25 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 19 लोगों की मृत्यु और 21 लोग घायल हुए हैं।

उपायुक्त ने दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन, अतिक्रमण, जागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति आदि बिंदुओं पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली और पूर्व बैठक के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की।

डीटीओ ने जानकारी दी कि जून माह में दोपहिया वाहनों की जांच के दौरान 770 मामलों में 11.61 लाख का जुर्माना वसूला गया है। इस पर उपायुक्त ने लगातार जांच अभियान जारी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के उन स्थानों की सूची भेजें, जहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, ताकि वहां सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी बढ़ाई जा सके।

गुड सेमेरिटन योजना की कम उपयोगिता पर चिंता जताते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि मरीज को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाकर परिवहन विभाग को भेजी जाए, ताकि उन्हें योजना का लाभ दिया जा सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि गुड सेमेरिटन योजना के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# छात्र संगठनों ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला फूंका

- शैक्षणिक अव्यवस्था, तानाशाही रवैया और छात्र विरोधी नीतियों का लगाया आरोप



**मेदिनीनगर।** पलामू मुख्यालय स्थित छह मुहान चौक पर सोमवार को इंडिया गठबंधन से संबद्ध विभिन्न छात्र संगठनों ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान ऑल इंडिया छात्र संघ (आइसा), भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) और झारखंड छात्र मोर्चा (जेसीएम) के छात्र कार्यकर्ताओं ने कुलपति का पुतला दहन किया और उन पर तानाशाही रवैया अपनाने, विश्वविद्यालय में बढ़ती अव्यवस्था तथा छात्र विरोधी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि कुलपति द्वारा छात्रों की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति की आज़ादी पर पाबंदी लगाई जा रही है। विश्वविद्यालय परिसर के 500 मीटर के दायरे में धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाकर छात्रों के संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि जब छात्र अपनी शैक्षणिक समस्याओं को लेकर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें निलंबन की धमकी दी जाती है और बलपूर्वक आंदोलन समाप्त करवाने का प्रयास किया जाता है। आइसा के नेतृत्व में हाल ही में विश्वविद्यालय प्रशासन से पीएचडी और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन में हो रही देरी और आरटीआई के माध्यम से मांगी गई जानकारी को लेकर धरना दिया जा रहा था। इसी दौरान कुलपति द्वारा आंदोलनरत छात्रों को निलंबित करने की चेतावनी दी गई। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय कर्मियों ने बलपूर्वक प्रदर्शन को रोकने की कोशिश की। छात्र संगठनों ने सवाल उठाया है कि क्या किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल पूछना अपराध है? उन्होंने कहा कि एनपीयू लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सत्रों में लगातार देरी हो रही है, परिणामों में गड़बड़ी आम बात बन चुकी है और वर्षों पूर्व बनकर तैयार हो चुका जीएलए कॉलेज का छात्रावास आज तक चालू नहीं हो सका है।




उप विकास आयुक्त ने की चंदवा में विभागवार समीक्षा बैठक

# कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** लातेहार के उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद ने बुधवार को चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में 15वें वित्त आयोग, मनरेगा, कृषि, आपूर्ति, आवास योजना, जेएसएलपीएस, शिक्षा, बाल विकास, पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई।

डीडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर लाभुकों तक योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर रोजगार सेवक और पंचायत सचिव को फटकार लगाई गई।

उन्होंने मनरेगा के तहत 100 दिन से अधिक कार्य उपलब्ध कराने, पीएम आवास योजना की किस्तों का समय पर भुगतान, और 2.0 योजना के लाभुकों का सत्यापन 15 जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग को सभी योग्य रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने और अन्य विभागों को पोर्टल पर डाटा अपलोड समय पर करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के उपरांत डीडीसी ने चंदवा सीएचसी का औचक निरीक्षण किया और ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण व जनरल वार्ड की स्थिति का जायजा लिया।

बैठक में सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, पीएम आवास समन्वयक कुशध्वज कुमार, कृषि पदाधिकारी मनीष पाठक, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सरोज केरकेट्टा, शिक्षा विभाग के सुबोध चंदेल, सहायक अभियंता निशांत कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## मुहर्रम जुलूस में डीजे और बाजा प्रतिबंधित करने का निर्णय

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के पोखरी कलां स्थित मदरसा अलजामे अतुल अज़ीज़िया परिसर में मंगलवार को कर्बलाह कमिटी की बैठक हाजी मुमताज अली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुहर्रम के सप्तमी और दसमी के जुलूस में डीजे और बाजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस प्रस्ताव को समाज में भाईचारा और धार्मिक अनुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बैठक में ऐनुल होदा को सदर, अतिफुल रहमान को सचिव और आबिद अंसारी को खजांची नियुक्त किया गया। उपस्थित प्रमुख जनों में हाजी रिजवानुल हक़, खलीफा अर्शदुल कादरी, अब्दुल मनान अंसारी, समीउल्लाह अंसारी, एनामुल हक़, सुल्तान अहमद, मंसूर आलम, हेसामुल अंसारी समेत तीनों कमिटी के प्रतिनिधि एवं सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## बरवाडीह में पुल ध्वस्त कुटमू-सरईडीह मार्ग हुआ ठप

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के कुटमू और सरईडीह को जोड़ने वाला शिव नाला पर बना मुख्य पुल 28 जून की रात हुई भारी बारिश में पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। इसके चलते हजारों की संख्या में दैनिक यात्री, किसान, छात्र, मजदूर और व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घटना के कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक न तो वैकल्पिक मार्ग बनाया है और न ही अस्थायी पुल का निर्माण शुरू हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें कई किलोमीटर घूमकर वैकल्पिक रास्तों से जाना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की भारी बर्बादी हो रही है। बुजुर्गों, मरीजों और स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों को सबसे ज्यादा कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पुल निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाए।

## न्यूज बॉक्स

### रामावि बालक स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण



**चंदवा।** देशभर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बुधवार को चंदवा प्रखंड के रामावि बालक मध्य विद्यालय परिसर में प्रेरणादायी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, माता समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधों की पूजा कर 'माँ को समर्पण' भाव के साथ हुई। प्रधानाध्यापिका राधिका कुमारी ने कहा कि ₹पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ₹ केवल नारा नहीं, बल्कि जीवनशैली बननी चाहिए। उन्होंने बच्चों को जलवायु परिवर्तन, सूखा-बाढ़ जैसे संकटों से अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षिका रुक्मिणी देवी, आश्रित मिंस, विभा कुमारी, फुलवंती देवी, सुनीता कुमारी, योगिता देवी, कोमल देवी एवं इम्तियाज खान ने भी विचार रखे।

### ट्रेड यूनियनों की हड़ताल के समर्थन में सड़कों पर उतरे राजद कार्यकर्ता



**लातेहार।** देशभर में ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत 9 जुलाई की आम हड़ताल के समर्थन में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी समर्थन देते हुए प्रदर्शन किया। राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समाहरणालय मोड़ के समीप एक घंटे तक सड़क जाम किया। सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो मौके पर पहुंचे और वार्ता के बाद जाम हटाया गया। जिला अध्यक्ष यादव ने कहा कि देशभर में 25 करोड़ से अधिक लोग मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध में सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया जा रहा नया श्रम कानून मजदूरों के अधिकारों का हनन है। प्रदर्शन में रंजीत यादव, मो. राशिद, अजीत श्रीवास्तव, अशोक यादव, संतोष यादव, मो. अख्तर, त्रिलोक कुमार, विनय राम, विष्णुदेव कुमार, चिंटू कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## हाथी प्रभावित क्षेत्र में वन विभाग ने लगाए सोलर लाइट

- 25 सोलर लाइट की व्यवस्था, ग्रामीणों ने जताया आभार

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** वन विभाग और माल्हन पंचायत की पहल पर मरमर, सेकलेतरी, केकराही और चठर गांवों में 25 सोलर लाइट लगाई गईं। इन क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही से ग्रामीण भयभीत रहते थे। मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने बताया कि सोलर लाइट से अब हाथियों के आगमन की संभावना कम हो जाएगी। उन्होंने वनपाल आलोक तिग्गा से माल्हन व आसपास के अन्य हाथी प्रभावित क्षेत्रों में भी लाइट लगाने की मांग की। वनपाल ने आश्वस्त किया कि डीएफओ व चंदवा रेंजर ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं और शीघ्र अन्य क्षेत्रों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण – कोशिला देवी, मंगरी देवी, सीताराम गंझू, प्रदीप ठाकुर, अजय गंझू, दीवाली गंझू, अर्जुन गंझू आदि उपस्थित रहे और वन विभाग का आभार व्यक्त किया।

## उप विकास आयुक्त ने चंदवा प्रखंड का निरीक्षण कर योजनाओं की समीक्षा की

- जन कल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार के उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने बुधवार को चंदवा प्रखंड के विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत पंचायत सासंग से हुई, जहां लाभुक उर्मिला देवी के अबुआ आवास गृह प्रवेश कराया गया। अन्य निर्माणाधीन आवासों की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को फटकार लगाई गई। मनरेगा अंतर्गत आम बागवानी योजनाओं की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को लताड़ लगाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर ओपीडी, वार्ड, प्रसव कक्ष की सफाई व व्यवस्था पर दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद अन्वी एजुकेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उप विकास आयुक्त ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित किया। प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान मनरेगा में 100 दिन का कार्य, आवास योजना की समयसीमा, आयुष्मान कार्ड, बीज वितरण, टीकाकरण डाटा अपलोड एवं महिलाओं की आजीविका बढ़ाने को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए। इस दौरान डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, बीडीओ, सीओ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आम्रपाली परियोजना के ग्रामीण मजदूरों ने जीएम को सौंपा मांग पत्र

- 650 कार्यरत मजदूरों के समायोजन व 400 बेरोजगारों को नियोजन की मांग, त्रिपक्षीय वार्ता नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल आम्रपाली परियोजना में नए ठेकेदार कैलिबर कंपनी द्वारा कार्यभार संभाले जाने के बाद रोजगार संकट की आशंका से ग्रामीण मजदूरों में गहरी चिंता है। मंगलवार को झारखंड ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ के बैनर तले परियोजना कार्यालय के पास सैकड़ों मजदूरों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता गुरुदयाल साव एवं संचालन रमेश वर्मा ने किया।

यूनियन ने महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपकर 650 पूर्ववर्ती मजदूरों के समायोजन एवं 400 स्थानीय बेरोजगारों को कंपनी में नियोजन की मांग की। यह मांग पहले भी 7 जून को दिए गए पत्र में रखी गई थी।

यूनियन नेताओं ने कहा कि 3 जुलाई को कंपनी द्वारा गुपचुप तरीके से भूमि पूजन किया गया, जिससे ग्रामीणों में गहरा असंतोष व्याप्त है। मजदूरों ने त्रिपक्षीय वार्ता कराने की मांग की है और चेतावनी दी कि अगर रोजगार से समझौता हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

बैठक में धीरेन्द्र चौधरी, राजेश कुमार, रवि रवानी, ओम कुमार, मुखलाल यादव, बजरंगी पासवान, बैजनाथ राम, संतोष राम, अशोक साहू, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विभाग और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के बाद ग्रामीणों ने श्रमदान से सड़क बनाई



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा पंचायत अंतर्गत मोहनपुर गांव में ग्रामीणों ने विभागीय उपेक्षा से तंग आकर श्रमदान से टूटी सड़क की मरम्मत की। ग्रामीणों ने अजय यादव के नेतृत्व में सामूहिक प्रयास से कच्ची सड़क को आवागमन योग्य बनाया। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से वे पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पक्की सड़क की स्वीकृति नहीं दी गई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## नये श्रम कानून के खिलाफ मजदूर यूनियन की रैली

- चंदवा में सभा कर सौंपा गया नौ सूत्री मांगपत्र, स्थायी रोजगार व न्यूनतम वेतन की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** देशभर में ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत 9 जुलाई की आम हड़ताल के समर्थन में बुधवार को झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन ने चंदवा में सभा व रैली निकाली। सभा की अध्यक्षता धनेश्वर तुरी एवं संचालन सुरेश बासपति ने किया। सभा उपरांत रैली चंदवा बस स्टैंड से प्रखंड कार्यालय तक निकाली गई, जहां राज्यपाल के नाम बीडीओ चंदन प्रसाद को नौ सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। प्रमुख मांगों में नया लेबर कोड रद्द करने, निजीकरण बंद करने, महंगाई रोकने, मनरेगा में 200 दिन रोजगार व 600 रुपये मजदूरी, न्यूनतम वेतन 26000 रुपये, एवं स्थानीय को रोजगार देने की मांग शामिल थी। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों को खत्म कर पूंजीपतियों के पक्ष में कानून लाए जा रहे हैं। वहीं माकपा नेता रशिद खान और मोहम्मद अलाउद्दीन ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए मजदूरों से संगठित होने की अपील की। रैली में अनिल उरांव, रतु भोक्ता, मछिंद्र लोहार, मुकेश उरांव, प्रदीप तुरी, मनोज गंझू समेत सैकड़ों मजदूर व किसान शामिल थे।

## गोनिया विद्यालय की छात्राओं ने जीता सुब्रतो कप, बना जिला चैंपियन

**बारियातू (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत पीएमश्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, गोनिया की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम ने 64वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में ज़िला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह टूर्नामेंट 7 जुलाई को लातेहार में आयोजित किया गया था, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से विजेता टीमें शामिल हुईं। गोनिया की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई टीमों को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला गोनिया और हेरहंज प्रखंड की टीम के बीच खेला गया, जिसमें कड़ा मुकाबला देखने को मिला। गोनिया की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 4 गोल किए, जबकि हेरहंज की टीम केवल 3 गोल ही कर सकी। गोनिया की ओर से चार गोल क्रमशः रानी कुमारी, आशा कुमारी, अनिता कुमारी और प्रिया कुमारी ने किए। टीम की कप्तानी रानी कुमारी ने की, जबकि उपकप्तान की भूमिका में आशा कुमारी रहीं। गोलकीपर की ज़िम्मेदारी पुष्पा कुमारी ने बखूबी निभाई। विजेता टीम में अन्य प्रमुख खिलाड़ी लालमुनी कुमारी, शालिनी कुमारी, अर्चना कुमारी, अवंती कुमारी, पूनम कुमारी, भवानी कुमारी और सोनी कुमारी ने भी अहम भूमिका निभाई। जिला चैंपियन बनने के बाद विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक रामसागर सिंह, कोच जयप्रकाश प्रसाद, शिक्षक नागेंद्र प्रसाद, योगेश मुंडा, शशि शेखर रंजन सिंह, यमुनाधर मिश्र, वर्तनी कुमारी, रमेश कुमार एवं राहुल कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय स्तर पर इस जीत को खेल और शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। गोनिया विद्यालय की यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा देगी।

**संभावना** चंदवा में अन्वी एजुकेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, सैयद रियाज़ अहमद बोले–

# होनहार बच्चों को हरसंभव मदद देने का करेंगे प्रयास

नवीन मेल संवाददाता




**सम्मानित छात्र-छात्राएं**

साइंस से पीयूष कुमार गुप्ता, सुरभि कुमारी, निशा कुमारी, मयूर कुमार, कॉमर्स से निखिल कुमार, अनिता कुमारी, प्रदीप उरांव, आर्ट्स से डिंपल कुमारी, खुशनाज प्रवीण, अनीश प्रवीण, आलिया तबस्सुम, शिल्पी कुमारी और शाहजहां प्रवीण शामिल हैं। सीबीएसई टॉपर्स में प्रथम साक्षी अग्रवाल, द्वितीय कृष्ण कुमार, तृतीय लक्ष्य सुलभ, चतुर्थ साक्षी कुमारी और पंचम रिया कुमारी को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**चंदवा (लातेहार)।** जय हिंद पुस्तकालय सभागार, चंदवा में बुधवार को अन्वी एजुकेशन एवं झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। इंटर व मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लातेहार के उप विकास आयुक्त सैयद रियाज़ अहमद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआरडीए निदेशक प्रकाश रंजन, बीडीओ चंदन कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक और उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा शामिल हुए। सैयद रियाज़ अहमद ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी मेहनत और लगन से सफलता संभव है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से ऐसे विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

बीडीओ चंदन कुमार ने कहा कि चंदवा जैसे दूरस्थ क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी जानी चाहिए।

अन्वी एजुकेशन के निदेशक डॉ. मनु कुमार गुप्ता ने कहा कि संस्था का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट वातावरण बनाना है और इसके लिए आने वाले समय में कई योजनाएं तैयार हैं।

कार्यक्रम में हिमांशु सिंह, अन्ना कुट्टी, राहुल मिश्रा, प्रशांत सिंह, अलेक्स कांडुलना, रोशन पाठक, चंद्रभूषण केसरी, डॉ. शम्स रजा, बाबर खान, कृपाचार्य सिंह, विभूति सिंह, धर्मेंद्र भारती सहित बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और समाजसेवी मौजूद रहे। आयोजन को लेकर बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-03/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | किस्को प्रखण्ड के ग्राम नवाडीह में मजहर अंसारी के घर से श्मशान घाट की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,73,650.00 | 23,500.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 2 | सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम सेन्हा में पंचम महतो के घर से महेश केरकेट्टा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 9,62,650.00 | 19,300.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 3 | कुडू प्रखण्ड के पंचायत ककरगढ़, ग्राम लालपुर में सलामत मियाँ के घर से नूर मोहम्मद कुरैशी के घर होते हुए नजरूदीन अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 23,91,850.00 | 47,900.00 | 5000.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 14.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.07.2025 से दिनांक 21.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.07.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 356831 Lohardaga (25-26)_D

**कार्यालय : जिला परिषद, लातेहार**

विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26

प्रथम सूचना

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | वर्ष 2025–26 की निर्धारित बन्दोबस्ती राशि | बन्दोबस्ती की राशि (08 माह के लिए) | जमानत की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पशु मेला (पौश पूर्णिमा) | हेरहंज | 25/07/2025 | 3:00 PM | 4,14,000 | 4,14,000 | 41,400 |
| 2 | बस पडाव महुआडांड में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.08.2025 से 31.03.2026 तक) | महुआडांड | 25/07/2025 | 3:00 PM | 21,504 | 14,336 | 1,434 |

द्वितीय सूचना

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | वर्ष 2025–26 की निर्धारित बन्दोबस्ती राशि | बन्दोबस्ती की राशि (08 माह के लिए) | जमानत की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस पड़ाव महुआडांड। (दिनांक 01.08.2025 से 31.03.2026 तक) | महुआडांड | 25/07/2025 | 3:00 PM | 8,26,078 | 5,50,719 | 55,072 |

पंचम सूचना

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | वर्ष 2025–26 की निर्धारित बन्दोबस्ती राशि | बन्दोबस्ती की राशि (08 माह के लिए) | जमानत की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 01.08.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 26/07/2025 | 3:00 PM | 33,70,650 | 22,47,100 | 2,24,710 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.08.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 26/07/2025 | 3:00 PM | 28,19,225 | 18,79,483 | 1,87,948 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.08.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 26/07/2025 | 3:00 PM | 8,165 | 5,443 | 544 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.08.2025 से 31.03.2026 तक) | बालूमाथ | 28/07/2025 | 3:00 PM | 17,85,231 | 11,90,154 | 1,19,015 |
| 5 | बस पडाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.08.2025 से 31.03.2026 तक) | बालुमाथ | 28/07/2025 | 3:00 PM | 472 | 315 | 32 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 28/07/2025 | 3:00 PM | 17,94,000 | 11,96,000 | 1,19,600 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ | बालुमाथ | 28/07/2025 | 3:00 PM | 5,37,913 | 3,58,609 | 35,861 |

नोट :-
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 29/07/2025 को पूर्वाह्न/अपराहन् 03:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 30/07/2025 को पूर्वाह्न/अपराहन् 03:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 356820 Rural Development (25-26)_D

# कोचा कसियाडीह ध्वस्त सड़क दुघर्टना को दे रही है आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के कोचा और कसियाडीह को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क पर बीच सड़क पर ध्वस्त होने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई है। यहां पर बता दें कि कोचा बरनाग होते हुए उपर कोचा और कसियाडीह जाने वाले मुख्य पथ में पुलिया के समीप सड़क का टूट कर गड्ढा हो जाने से क्षेत्र के लोगों को किस्को प्रखंड और जिला मुख्यालय आवागमन करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी विडंबना है कि उक्त सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी किस्को और जिले के विभिन्न स्कूल कालेजों में पठन-पाठन करने आवा-जाही करते हैं जिन्हें हर वक्त उक्त स्थान पर गिरने और जान-माल का नुकसान होने का डर समाया हुआ रहता है, बावजूद पंचायत के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमला इसे ठीक कराए जाने हेतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र वासियों में नाराजगी पनपने लगा है। इधर सड़क टूटने से जनता को आवागमन करने में दिक्कतों की जानकारी मिलने पर किस्को प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि दयानंद उरांव पहुंचकर पूरे वस्तु स्थिति का मुआयना कर जायजा लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव से दूरभाष पर संपर्क स्थापित कर पूरे मामले से अवगत कराया। सांसद प्रतिनिधि दयानंद उरांव के मुताबिक बीडीओ अरूण उरांव ने जनहित में शीघ्र टूटे हुए पथ की मरम्मत कार्य करा दिए जाने का भरोसा दिलाया है। इस बीच सांसद प्रतिनिधि दयानंद उरांव ने कहा कि जनता की तमाम प्रकार की समस्यायों को सूचीबद्ध कर निष्पादन कराए जाने हेतु हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि कोचा और कसियाडीह को जोड़ने वाली सड़क पर टूटे हुए सड़क की भयावहता से हर वक्त लोगों के बीच जान-माल का खतरा बना हुआ है।

# सरकार की संचालित विकास योजनाओं में गति दे : प्रमुख

- सांसद प्रतिनिधि ने कहा- आपसी समन्वय स्थापित कर जन प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मी विकास योजनाओं को आगे बढाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में बुधवार को प्रमुख फुलझरी देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति का बैठक आयोजित हुआ।आयोजित बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई।बैठक में प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विकाज़ योजनाओं में गति दें।वही पशुपालन चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार ने कहा कि जिस व्यक्ति को गाय मिला है। वैसे लाभुकों को गाय शेड दिया जायेगा जिसके लिए लाभुकों से आवेदन की मांग कि गई है। साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत गाय, बकरी, सुवर, मुर्गी और बतख पालन के लिए जिसका योजना में नाम चयनित हुआ है। उन सभी लाभुक किसानों को अनुदान राशि बैंक में जमा करने को कहा गया है।सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला ने कहा कि आपस मे समनवः बना कर जन प्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी विकाज़ योजनाओं में गति दें। सतब ही जानकारी देते हुए बताया कि सांसद सुखदेव भगत ने कहा है। अगर किसी कार्य में कोई दिक्कत होता है। तो तत्काल अवगत करायें समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा बाल विकास, समाज कल्याण, मनरेगा योजना, अबुवा और प्रधानमंत्री आवास निर्माण सहित विभिन्न योजनाओं का पंचायत वार समीक्षा किया गया।साथ ही जमीन सड़ सम्बंधित दाखिल खारिज और छात्र छात्राओं का जाति,आय और आवासीय प्रमाण पत्र सीघ्र बनाने पर चर्चा करते हुए समय से सभी कार्य को निष्पादित करने का प्रखंड व अंचल कर्मियों को निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उरांव, पंचायत समिति सदस्य, पूनम उरांव, दुर्गा राम,प्रीति देवी, अफसाना खातून के अलावे डॉ. रोहित कुमार, वंदना तिर्की, आकांक्षा कुजूर, शिवशंकर उरांव, अंजू कुमारी, डॉली तिर्की, नागमनी उरांव समेत सभी प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## डीसी ने किया ईवीएम-वेयरहाउस का निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ ताराचंद ने ईवीएम-वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण, बूथ लेवल एजेंट अपॉइंटमेंट आदि के बारे बताया गया। साथ ही पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना सहयोग देने की अपील की। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता सूची में सुधार हेतु होने वाले कार्यों में सहयोग करने की अपील की गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित बिंदुओं से अवगत कराया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दोषी प्रकाश उरांव को उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना




**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने बुधवार को सेन्हा थाना क्षेत्र में घटित हत्या के एक मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी प्रकाश उरांव को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। यह मामला 30 अगस्त 2022 को घटित हुआ था। घटना के संबंध में मृतक अमित उरांव की मां शनीचरिया उराइन ने सेन्हा थाना कांड संख्या 85/2022 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखते हुए आरोपी को दोषी सिद्ध किया। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के उरांव टोली निवासी तेले एतवा उरांव का 28 वर्षीय पुत्र अमित उरांव और 30 वर्षीय आरोपी प्रकाश उरांव आपस में मित्र थे। घटना की रात दोनों ने एक साथ शराब पी थी। इस दौरान आपसी कहासुनी के बाद प्रकाश उरांव ने घर में रखे स्टील रॉड और टांगी से अमित के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह बेसुध होकर गिर पड़ा। आरोपी ने वारदात को छिपाने की नीयत से शराब पीने के दौरान गिरने से घायल होने का नाटक किया और शोर मचाने लगा। जबकि आस-पास के लोगों ने झगड़े की आवाज पहले ही सुन ली थी। परिजनों ने तत्काल घायल अमित को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। न्यायालय के इस फैसले से स्थानीय लोगों ने संतोष जताते हुए कहा कि इससे न्यायपालिका और कानून-व्यवस्था पर आम लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर अधेड़ घायल

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कचमची गांव में ग्यारह हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति पूरी तरह से झुलस गया है। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कचमची गांव निवासी जॉन पीटर खाखा के पुत्र रंजीत खाखा (50 वर्ष) नित्य दिन की तरह बुधवार को भी कचमची दुंदु चवरा मवेशी चराने गया हुआ था। जहां पहले से गिरा पड़ा ग्यारह हजार वोल्ट तार की संपर्क में आ गया। इससे इसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## फरार वारंटी विकेश ठाकुर के घर चिपका इश्तेहार



**भंडरा (लोहरदगा)।** लातेहार महिला थाना पुलिस द्वारा बुधवार को भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ागाई गांव निवासी फरार अभियुक्त विकेश ठाकुर के घर डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। यह कार्रवाई भंडरा थाना पुलिस की सहायता से की गई। लातेहार महिला थाना के अवर निरीक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विकेश ठाकुर के खिलाफ लातेहार महिला थाना कांड संख्या 11/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से फरार है। पुलिस टीम ने मौके पर इश्तेहार चिपकाकर आरोपित को आत्मसमर्पण करने की अपील की। इस दौरान भंडरा थाना के सहायक अवर निरीक्षक संतोष राय सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं सशस्त्र बल मौजूद रहे।

## अभाविप का 77वां स्थापना दिवस मना

**लोहरदगा।** डीएवी स्कूल में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए स्वामी विवेकानंद जी की स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य जीपी झा थे, जबकि प्रवास के रूप में सुरेंद्र सौरभ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था – "स्वामी विवेकानंद का जीवन वउनके विचारों की प्रासंगिकता"। प्रतियोगिता में अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता व विचार शक्ति का परिचय दिया।कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में चुने गए प्रथम स्थान अनुष्का प्रकाश, द्वितीय अपूर्व वैभवी एवं तृतीय स्थान मृदुला कुमारी ,प्राप्त किए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों को जागृत करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि "स्वामी विवेकानंद आज भी युवाओं के लिए पथप्रदर्शक हैं। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर छात्र जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।" मौके पर उपस्थित श्री सुरेंद्र सौरभ ने अभाविप के गौरवशाली इतिहास और विद्यार्थियों के उत्थान में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता, एफएसएफ प्रांत प्रमुख छवि सिंह, जिला प्रमुख मनोज्ञा पांडे, जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू, जिला विस्तारक डबलू भगत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जानवी कंचन गोयल, नगर मंत्री जय कुमार, कॉलेज अध्यक्ष पृथ्वी तमेराबड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# देशव्यापी हड़ताल में नगर परिषद के सफाई कर्मी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र में अखिल भारतीय म्युनिसिपल एंड सेनिटेशन वर्कर्स फेडरेशन दिल्ली के आह्वान पर सफाई कर्मियों की देशव्यापी हड़ताल पूरी तरह सफल रही। इस अवसर पर सुबह 6 बजे एक जोरदार जुलूस भी निकाला गया, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ समाहरणालय के समक्ष आमसभा में परिवर्तित हो गया। हड़ताल के दौरान आयोजित आमसभा को फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि "जो सफाई कर्मी नालियों, पैखानों, मैदानों को साफ कर भारत को बीमारियों से मुक्त रखने का काम करते हैं, उन्हें सबसे कम वेतन देना देश का दुर्भाग्य है।" उन्होंने नगर परिषद और कार्यरत निजी कंपनी श्री श्याम एसडब्ल्यूएम प्रा. लि. के बीच चल रही आपसी खींचतान को सफाई कर्मियों के शोषण का प्रमुख कारण बताया। महेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि नगर प्रशासन और कंपनी मिलकर सफाई कर्मियों को महीनों तक वेतन नहीं दे रहे हैं। जहां 3-4 तारीख तक भुगतान का निर्देश है, वहां 4-5 महीने तक भी वेतन नहीं मिलता। छुट्टी, बोनस, पीएफ, ईएसआई, जूता, बरसाती, मृत कर्मियों का बकाया भुगतान—इन बुनियादी सुविधाओं की भी घोर अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि श्रम अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई त्रिपक्षीय वार्ता में 4-5 जुलाई तक वेतन देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन उसका भी कोई असर नहीं हुआ। अंततः हड़ताल करना मजबूरी बन गई। उन्होंने उपायुक्त से संवेदनशीलता दिखाते हुए इस शोषण को रोकने की अपील की और चेताया कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो श्रम अधीक्षक का घेराव किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। जुलूस का नेतृत्व पुरानी नगरपालिका से शुरू होकर सोमार बाजार, बड़ा तालाब, नगर परिषद कार्यालय, शिवाजी चौक होते हुए समाहरणालय तक पहुंचा।


## कार्यालय:-जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com.**

**विज्ञापन संख्या-01/2025 (DHS) से संबंधित आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक-................../दिनांक-............................../

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन अनुबंध/संविदा आधारित रिक्त पदों परचयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-01/2025 (DHS) आमंत्रित कियागया है, जिसका पी0आर0नं0 354569 (Health Med Edu and Family Welfatre (25-26)_D है। उक्त विज्ञापन के तहतपदों की रिक्तयों का विवरण के तालिका क्रमांक-21 पर अंकित पद District VBD Consultant-NVBDCP के लिए भी आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

विदित है कि प्रशासी पदाधिकारी झारखण्ड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति के पत्रांक-1610 दिनांक- 02.07.2025 के द्वारा जिला भी0बी0डी0 सलाहकार, पलामू को पलामू जिले से सीनांतरित करते हुए जिला भी0बी0डी0 सलाहकार, लातेहार (District VBD Consultant-NVBDCP)के पद पर पदस्थापित किया गया है। ऐसीस्थितिमें यह पद रिक्तनहींहोनें की स्थितिमें उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला चयन समिति की अध्यक्षतामें दिनांक-08.07.2025 कोसम्पन्नबैठकमें इस पद की रिक्ति को विलोपित किये जानें का निर्णय पारित है।

उक्त आलोक में विज्ञापन संख्या-01/2025(DHS) के तहत प्रकाशित पद District VBD Consultant-NVBDCPको विलोपित किया जाता है।

संबंधित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ प्रेशित।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
लातेहार

PR 356929 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D



## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
## जिला- लातेहार

**विज्ञापन संख्या- 17/2025-26**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के वार्ड विकास केन्द्र सह सामुदायिक भवन में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Ayushman Arogya Mandir के संचालन हेतु प्रतिदिन अधारित विशेषज्ञ चिकित्सकों यथा (Medicine, Obstetrics & Gynecology, Pediatrics, Ophthalmology, Dermatology, Psychiatry, Dentist, Optometrist, Physiotherapist) की सेवा प्राप्त किया जाना है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 29.07.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| कं0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | विशेषज्ञ चिकित्सक का विवरण | Medicine, Obstetrics & Gynecology, Pediatrics, Ophthalmology, Dermatology, Psychiatry, Dentist, Optometrist, Physiotherapist |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से संबंधित चिकित्सक की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 2500/- (दो हजार पॉच सौ रू0 मात्र) प्रतिदिन |
| 05 | कुल रिक्तियां | सभी पदो के लिए 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस चिकित्सक के अनुसार निर्धारित की जायेगी। | |

दिनांक 29.07.2025 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 356823 Urban Development(25-26)#D



## कार्यालय, जिला परिषद, चतरा
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**सूचना**

जिला परिषद द्वारा मयूरहण्ड एवं कान्हाचट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित विवाह मण्डप को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विवाह मण्डप मयुरहण्ड | 2336.25 sqft | 60000/ | 15000/ |
| 2 | विवाह मण्डप कान्हाचट्टी | 2246 sqft | 60000/ | 15000/ |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 23/07/2025 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 2000.00 ( दो हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं, जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :-

1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम-5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.356867 District(25-26):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या-02/2025-26/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :-

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate for Pathway and Miscellaneous work at SC Boy's Residential School Kauakhoh Hariharganj, Palamu for the Year 2024-25 | हरिहरगंज | 12.555 | 24000.00 | 2500.00 | 3 माह मात्र | 01/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |
| 2 | Estimate for the laying Flooring tiles and app waterproofing At SC Girl's Primary Residential School Dumri, chattarpur, Palamu for the Year 2024-25 | छत्तरपुर | 24.188 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-10.07.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-16.07.2025 up to 5.00 PM बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :-18.07.2025 पूर्वाहण 11.00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 -7004461384
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

09. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर, पलामू

PR 356835 NREP (25-26)_D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड मयूरहण्ड, कुन्दा एवं लावालौंग में निर्मित डाकबंगला को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डाकबंगला मयूरहण्ड | 1439.26 sqft | 48000/ | 12000/ |
| 2 | डाकबंगला कुन्दा | 1874 sqft | 48000/ | 12000/ |
| 3 | डाकबंगला लावालौंग | 1874 sqft | 48000/ | 12000/ |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 23/07/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 2000.00 ( दो हजार ) रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं, जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :-

1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम-5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद, चतरा

PR 356868 District(25-26).D



## उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा
## (आपूर्ति शाखा)

**-: नोटिस :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिले में NFSA एवं JSFSS योजनान्तर्गत आच्छादित निम्न राशन कार्ड लाभूकों द्वारा विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि मे खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है और न ही e-KYC किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

| S. No. | Block Name | Ration Card Not Lifted Count (6 Months) (Created 9 Months before) | Ration Card Not Lifted Count (12 Months) (Created 15Months before) | Ration Card Not Lifted Count (3 Years) (Created 3 Years 3Months before) | Ration Card Not Lifted Count (5 Years) (Created 5 Years 3 Months before) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bardiha | 409 | 327 | 194 | 160 |
| 2 | Bhandaria | 1747 | 1399 | 945 | 800 |
| 3 | Bhawnathpur | 1057 | 927 | 737 | 675 |
| 4 | Bishunpura | 376 | 337 | 240 | 186 |
| 5 | Chinia | 675 | 593 | 500 | 460 |
| 6 | Danda | 106 | 83 | 57 | 45 |
| 7 | Dandai | 899 | 775 | 620 | 468 |
| 8 | Dhurki | 1072 | 940 | 787 | 590 |
| 9 | Garhwa | 2993 | 2649 | 2090 | 1448 |
| 10 | Garhwa NP | 854 | 793 | 621 | 573 |
| 11 | Kandi | 1125 | 949 | 713 | 547 |
| 12 | Ketar | 906 | 792 | 591 | 551 |
| 13 | Kharaundhi | 612 | 524 | 433 | 430 |
| 14 | Majhiaon | 731 | 642 | 488 | 395 |
| 15 | Majhiaon NP | 291 | 263 | 170 | 136 |
| 16 | Meral (Pipra Kalan) | 2141 | 1853 | 1453 | 1090 |
| 17 | Nagar untari | 1244 | 1062 | 804 | 667 |
| 18 | Ramkanda | 1481 | 1291 | 1100 | 941 |
| 19 | Ramna | 711 | 616 | 493 | 353 |
| 20 | Ranka | 1270 | 1090 | 903 | 766 |
| 21 | Sagma | 553 | 478 | 369 | 238 |
| | **Total** | **21253** | **18383** | **14308** | **11519** |

उपरोक्त लाभूकों द्वारा खाद्यान्न उठाव नहीं करने तथा e-KYC नहीं करने के कारण राज्य स्तर पर गढ़वा जिले की स्थिति खराब प्रदर्शित हो रही है।

झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024 की कण्डिका 6(x)(ग) में उल्लेख है कि यदि राशन कार्डधारी द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दूकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी सामग्री का उठाव नहीं किया गया है, तो जाँचोपरान्त उनके राशन कार्ड का रद्दीकरण किया जायेगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में गढ़वा जिला अन्तर्गत विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि मे खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशन कार्डधारी नोटिस निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दूकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए e-KYC भी कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूचि नहीं है एवं आप राशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते हैं। तदोपरान्त उक्त लाभूकों का राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई कर दी जाएगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 356856 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरूरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# अस्थाई युद्धविराम से बर्बादी रुकी नहीं

इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के अस्थिर ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने की घोषणा के बीच बीते दिनों पश्चिम एशिया एक बार फिर युद्ध की आग में झुलसने से बचा, जब ईरान-इस्राइल के बीच अस्थाई युद्ध विराम हुआ। यह कोई पहला संघर्ष नहीं था, न ही यह आखिरी। हालिया घटनाक्रम इतिहास का वह दर्पण है, जिसमें मनुष्य की अंतहीन शांति-कामना और उसकी रक्तरंजित प्रवृत्तियों का विरोधाभास साफ दिखता है। विडंबना यह है कि एक ओर मानव जाति विश्व शांति के स्वप्न देखती है, वहीं दूसरी ओर उसका इतिहास खून-खराबे और नरसंहारों से अटा पड़ा है। एक अनुमान के मुताबिक, सन 1800 से अब तक लगभग चार करोड़ लोग सशस्त्र संघर्षों में मारे जा चुके हैं, जबकि समस्त इतिहास में हिंसा और युद्धों के चलते मृत्यु का आंकड़ा इससे कहीं अधिक गुना में पहुंच जाता है। ये आंकड़े चीत्कार कर कहते हैं-मानवता को सबसे बड़ा खतरा किसी प्राकृतिक आपदा या महामारी से नहीं, बल्कि स्वयं मनुष्य और उसकी विकृत मानसिकता से है। इस वैश्विक संकट की जड़ तीन स्थाई विकृतियों में निहित है-पहला, असीमित व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं; दूसरा, साम्राज्यवादी सोच; और तीसरा, मजहबी असहिष्णुता। ये तीनों या फिर इन तीनों का घातक मेल ही मानव सभ्यता को बार-बार विनाश की ओर धकेलता है। विशेष रूप से वे मजहबी चिंतन जो एक ही ईश्वर, एक ही ग्रंथ, एक ही मार्ग की बात करते हैं और बाकी सभी आस्थाओं को झूठा, काफिर-कुफ्र, पेगन-हीथेन और दंडनीय मानते हैं-वे वैश्विक सौहार्द के सबसे बड़े अवरोधक हैं। विश्व की सबसे पुरानी अब्राहमिक परंपरा यहूदी मजहब से शुरू होती है, जिसका आधार ग्रंथ 'तोरा' है। सैकड़ों वर्ष पहले इसी समाज में ईसा मसीह का जन्म हुआ, जिन्होंने भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। परंतु लाखों ईसाई मानते हैं कि यहूदी षड्यंत्रों के चलते ही ईसा को क्रूस पर चढ़ाया गया। यही आरोप सदियों तक दो मजहबों के बीच खाई बनाता गया। चर्च के प्रभुत्व के बाद रोमन साम्राज्य में यहूदियों का दमन शुरू हुआ-उन्हें कानूनी, सामाजिक और आर्थिक रूप से हाशिये पर धकेल दिया गया, जो कि मध्यकाल तक बदस्तूर जारी रहा। यहूदियों की इस पीड़ा का चरम उदाहरण एडोल्फ हिटलर के नाजी शासन में देखा गया, जिसने 60 लाख से अधिक यहूदियों का नरसंहार किया। सातवीं शताब्दी में इस्लाम का उदय हुआ, और मजहबी-राजनीतिक कारणों से यहूदी-विरोध एक नई सूरत में उभरा।इतिहासकार और इस्लामी विशेषज्ञ प्रो. इश्तियाक अहमद जिल्ली द्वारा अनुवादित तारीख-ए-फिरोजशाही के अनुसार, खलीफा उमर ने अरब, सीरिया, मिस्र, खुरासान और रोम तक इस्लाम को तलवार के बल पर फैलाया। मूर्तिपूजा और अग्निपूजा का समूल नाश किया गया। भारत में भी मोहम्मद बिन कासिम, गजनवी, गोरी, बाबर और टीपू सुल्तान जैसे इस्लामी आक्रांताओं के आक्रमणों का एक रक्तरंजित इतिहास है, जिसकी गवाही खुद उनके दरबारी और समकालीन इतिहासकार देते हैं। यह कट्टरता केवल एक मजहब तक सीमित नहीं। ईसाइयत ने भी अपने इतिहास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। 1095 से 1291 तक चले क्रूसेड्स में ईसाई सेनाओं ने यरुशलम के नाम पर लाखों लोगों (मुस्लिम सहित) का संहार किया।

*हालिया घटनाक्रम इतिहास का वह दर्पण है, जिसमें मनुष्य की अंतहीन शांति-कामना और उसकी रक्तरंजित प्रवृत्तियों का विरोधाभास साफ दिखता है।*

## 11 जुलाई स्व. रोपना उरांव जन्म जयंती पर विशेष

# जनसंघी जनसंघर्ष पर भाजपा का मौन और झारखंड का पहला संघी विधायक

आज की बात



**केदारनाथ दास**

गुमला जैसे छोटे से कस्बे के किसी जीर्ण शीर्ण घर का गिरना एक सामान्य व बहुत छोटी सी बात है। अमूमन किसी घर का गिरना कभी जनचर्चा का विषय नहीं बनता परन्तु गुमला के डीएसपी रोड स्थित इस खपरैल व जीर्ण शीर्ण मकान का जमीन्दोज होना आज चर्चा और जनचेतना का विषय बन गया है। ऐसा इसलिए कि इस घर से निकला फक्कड़ सा एक युवक 1967 में एक दिन स्व.अटल बिहारी बाजपेयी के पास विधानसभा की टिकट मांगने जा पहुंचता है। कमाल देखिए, बाजपेयी जैसा शख्स भी तब निरूत्तर हो गया जब साधारण सा दिखने वाला एक आदिवासी युवक "जनसंघ के अंतिम वक्त में भी चार कंधा देने वालों में एक कंधा मेरा होगा" जैसा जवाब देकर उन्हें अपना प्रशंसक बनने को विवश कर गया। यह जवाब बाजपेयी जी के "आप कब तक पार्टी का साथ दे पाएंगे" का संक्षिप्त सा जवाब था। इस छोटी सी बातचीत का नतीजा सामने यह आया कि स्व. रोपना उराँव ने 1967 में हुए बिहार विधानसभा के लिए न केवल जीत दर्ज की बल्कि झारखंड की सीमा के अंदर जनसंघ को पहली जीत दिलाने का कारनामा कर दिखाया। इसी तरह 1969 में भी उन्होंने यही सबकुछ दुहरा कर खुद को साबित कर दिखाया। महज 31 वर्ष की उम्र में विधायक बनने वाले रोपना उराँव की शख्सियत का अनुमान इस तथ्य से भी लगाया जा सकता है कि विधायक बनते ही यह युवक भारतवर्ष के इतिहास में मूल आदिवासी समाज का पहला मंत्री बनकर सामने था।

बताया जाता है कि चुनाव जीतने व मंत्री बनते ही अब कांग्रेस ने इनपर डोरा डालना शुरू कर दिया। बांग्लादेश संग्राम के बाद तब कांग्रेस का प्रभाव अपने चरम पर था और कांग्रेस में रोपना बाबू का भविष्य भी अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित था। इसके बावजूद जनसंघ के प्रति अपनी निष्ठा, राष्ट्रवाद की संघी विचारधारा व बाजपेयी जी को दिये गए वचन से इन्होंने कभी खुद को अलग नहीं होने दिया। इसका नतीजा यह था कि वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर किए गए परिसीमन में रोपना उराँव के पर कतरते हुए गुमला विधानसभा क्षेत्र में शामिल सभी प्रखंडों को विखंडित करके रोपना उराँव की कर्मभूमि को तहस नहस करके रख दिया गया। बदली हुई परिस्थिति में उन्हें इस बात का पूरा अहसास था कि 1972 का चुनाव वे हारने वाले हैं। ऐसे में, चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने एक ऐतिहासिक विजय जुलूस निकालकर कांग्रेस को राजनैतिक तौर पर बैकफुट लाने की रणनीति का शानदार प्रदर्शन कर दिखाया और यह जता दिया कि रोपना का मतलब आत्मसमर्पण नहीं होता। लिपिक के तौर पर काम करने के दौरान ही भ्रष्टाचार के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजाने, सहकारिता को इस क्षेत्र में दिशा देने और क्षेत्र की उपेक्षा के विरुद्ध तत्कालीन राज्यपाल देवकांत बरुआ के गुमला प्रवेश पर जनप्रतिबंध लगाने वाला यह शख्स भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी मुहिम को धार देने की नीयत से सबसे पहले कांग्रेस का ही दरवाजा खटखटाया था। यहाँ अपनी उपेक्षा से आहत रोपना ने "कांग्रेस के पास भले नेताओं की कमी न हो परन्तु पूरे विश्व में रोपना उराँव तो एक ही है" जैसा वक्तव्य देकर अपनी शुरुआती पारी में ही बांउड्री फतह करने का जलवा दिखा दिया था।



रोपना उरांव का वह घर, जिसका अब सिर्फ अवशेष बचा रह गया है।




उल्लेखनीय है कि 11 जुलाई 1936 को जन्म लेकर 10 अगस्त 1980 को महाप्रयाण के अपने छोटे से कालखंड का यह विशाल व्यक्तित्व आज अपने जमीन्दोज हुए घर की ही तरह गुमनाम हो चुका है। इस गुमनामी की व्यथा यह कि तमाम अहर्ताओं के बावजूद जिस रोपना के लिए भारत रत्न की अपेक्षा की जानी चाहिए थी उसके लिए न कभी पद्म पुरस्कारों की मांग की गई, न राष्ट्रीय या प्रांतीय स्तर पर अपने दल के अंदर जन्मजयंती जैसा कोई सम्मान दिया जा सका, न अपने गृहनगर में उनकी कोई प्रतिमा दिखी और न किसी सड़क या छोटे से भवन को ही उनके नाम पर समर्पित किया जा सका। यह उपेक्षा इतनी भर ही नहीं है क्योंकि उनके नाम पर राजनीति करनेवाले उनके पुत्र तक को आज इतनी भी फुर्सत नहीं है कि संस्मरण साझा करने के लिए पाँच मिनट का समय दे सकें। विद्रोह व निष्ठा को आजीवन आत्मसात करने वाले इस खपरैल घर की नियति देखिए कि कांग्रेस की पूरी कायनात को आजीवन तिरस्कृत करनेवाला रोपना आज अपने घर, अपनी कर्मभूमि और विचारधारा की पार्टी में ही तिरस्कृत रह गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# फिलवक्त बिहार में विपक्षी राजनीति का चक्का जाम है

व्यंग्य की बात



**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

चुनाव आयोग द्वारा बीती 25 जून से बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है। इस प्रक्रिया का विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस' यानी इंडी गठबंधन विरोध कर रहा है। विपक्ष इस मसले पर कानूनी लड़ाई भी लड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट में विपक्ष की 9 राजनीतिक पार्टियों ने याचिका दाखिल की है, जिस पर सर्वोच्च अदालत 10 जुलाई को सुनवाई करेगा। वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने नौ जुलाई बिहार में चक्का जाम करने का निर्णय किया है। विपक्ष की राजनीति और बॉडी लैंग्वेज से ऐसा आभास हो रहा है मानो मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण से उसका बना बनाया खेल बिगड़ गया है। फिलवक्त बिहार में विपक्ष की राजनीति का चक्का जाम दिखाई दे रहा है। निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, जबकि पांच राज्यों- असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में की जा रही कार्रवाई के मद्देनजर यह कवायद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। इसी वजह से पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# गुरु और जीवन : अभिन्न हैं

अध्यात्म की बात



**गुरुदेव श्री श्री रविशंकर**

एक बार की बात है। एक संत एक गाँव में से होकर जा रहे थे। एक घर में एक माँ अपने बेटे से चिल्लाते हुए कह रही थी, "राम! तुम कब तक सोते रहोगे? उठो!" महिला के शब्दों ने संत को एक बार चौंका दिया। उनका मन जो अतीत और भविष्य के बारे में सोचने में लीन था, जाग गया। उसी क्षण उन्हें ज्ञान प्राप्त हो गया। प्रकृति आपको मन में चल रही शिकायतों और रोने-धोने से जागने के भरपूर संकेत देती है। गुरु पूर्णिमा जीवन के ज्ञान को जगाने का एक ऐसा ही अवसर है। जब आप जीवन का सम्मान करते हैं और जब आप में कृतज्ञता होती है, तो शिकायत बंद हो जाती है।

**गुरु तत्त्व का सम्मान :** जरा इस चमत्कार को देखिए - आपके शरीर में अरबों कोशिकाएँ लगातार पैदा हो रही हैं और विलीन हो रही हैं, प्रत्येक की अपनी लय है। आपने अपने शरीर के भीतर एक पूरा शहर बसा हुआ है, जैसे एक छत्ते में हजारों मधुमक्खियाँ एक रानी मधुमक्खी के चारों ओर इकट्ठा होती हैं। यदि रानी गायब हो जाती है, तो छत्ता ढह जाता है। इसी तरह, आपके केंद्र में आत्मा है - स्व, दिव्य या गुरु तत्त्व। ये तीनों एक ही हैं - जीवन रूपी छत्ते के भीतर रानी मधुमक्खी की तरह हमें एक रखते हैं। गुरु तत्त्व गरिमामय है, फिर भी एक बच्चे की तरह विनम्र है। गुरु का सम्मान करना जीवन का सम्मान करना है। यही गुरु पूर्णिमा का सार है। शिक्षक आपको जानकारी देते हैं। गुरु आपके भीतर की जीवन शक्ति को जगाता है। गुरु आपको केवल ज्ञान से नहीं भरता अपितु वह आपको इसका अनुभव कराता है। इसमें ज्ञान और जीवन का पूर्ण एकीकरण है। आपके जीवन में ज्ञान ही आपका गुरु है। जीवन ने आपको पहले ही बहुत कुछ सिखाया है कि आप कहाँ गलत किया और आपने क्या सही किया। आपको समय-समय पर इस ज्ञान पर प्रकाश डालना चाहिए। यदि आप इस ज्ञान के बारे में जागरूकता के बिना अपना जीवन जीते हैं, तो आप गुरु तत्व का सम्मान नहीं कर रहे हैं।

गुरु पूर्णिमा साधक के लिए एक नया वर्ष है। यह वार्षिक रिपोर्ट कार्ड देखने का समय है-आप जीवन में कितने आगे बढ़े हैं, और आप कितने अधिक स्थिर हैं। हमें बार-बार ज्ञान की ओर लौटने की आवश्यकता है; बुद्धि को ज्ञान में डुबाना होगा। यही सच्चा सत्संग है। सत्संग सत्य की संगति है, ज्ञानियों की संगति है। आप अपने भीतर के सत्य से हाथ मिलाते हैं, और यही सत्संग है।

**अपने उपहारों का सम्मान करें :** दूसरी बात जो आपको इस गुरु पूर्णिमा पर करनी चाहिए, वह है, आपको जो उपहार दिया गया है उसका उपयोग करना। यदि आप अच्छा बोलते हैं या आपकी बुद्धि अच्छी है, तो इसका उपयोग दूसरों के लाभ के लिए करें। आपको बहुत से आशीर्वाद दिए गए हैं। उनका बुद्धिमानी से उपयोग करें, और आपको और अधिक दिया जाएगा। देने वाला आपको अथक रूप से बहुत कुछ दे रहा है और आपसे किसी प्रकार की स्वीकृति या सम्मान भी नहीं चाहता है।

**शब्दों से मौन की ओर बढ़ें :** समझ के तीन स्तर हैं-एक शब्दों का स्तर है; फिर भावनाएँ आती हैं जहाँ आप शब्दों पर नहीं टिकते बल्कि शब्दों के पीछे के अर्थ या भावना को देखते हैं; और फिर तीसरा स्तर वह है जहाँ आप भावना से भी परे हो जाते हैं क्योंकि भावनाएँ और अर्थ बदल जाते हैं। तीसरा मौन के स्तर पर है। मौन के माध्यम से संदेश दिया जाता है। जैसे-जैसे आप मार्ग पर आगे बढ़ते हैं, आप सोचने वाले मन से कृतज्ञता की भावना की ओर बढ़ते हैं और कृतज्ञता आपको आनंदमय मौन की ओर ले जाती है।

**जानें कि गुरु साक्षी हैं :** गुरु को केवल एक शरीर या व्यक्तित्व समझने की भूल मत कीजिए। गुरु को रूप से परे देखिए। निस्संदेह, गुरु सुख और सांत्वना देते हैं, लेकिन गुरु सभी प्रकार की बुद्धि, मन और विचारों के साक्षी भी हैं। अच्छा, बुरा, सही गलत में से वे किसी में भी शामिल नहीं हैं। सुखद अनुभवों ने आपको विकसित किया है, और इसी तरह अप्रिय अनुभवों ने भी। जीवन के सुखद अनुभवों ने आपको ऊँचाई दी और दुखद अनुभवों ने आपको गहराई और बुद्धिमत्ता दी। गुरु तत्त्व इन सबका साक्षी है - भावनाओं के परे होते हुए भी सभी गुणों को समेटे हुए।

जीवन में कोई पलायन नहीं है। ऐसा मत सोचिए कि ज्ञान जीवन से पलायन है। ज्ञान का अर्थ है जीवन में बने रहना, हर चीज का साक्षी होना और जीवन में बने रहना। आपको बस इतना करना है कि यह दृढ़ विश्वास रखें कि एक बार जब आप रास्ते पर चल पड़ें, तो जान लें कि आपके लिए केवल सबसे अच्छा ही होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

एक 'विभीषण' आ गया, रामादल के साथ।
पलट गये परिणाम तब, अब न भरोसा नाथ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं

अलग बात



**नेहा प्रकाश**
विज्ञापन उद्योग विशेषज्ञ, दिल्ली

गुरु वह अनन्त द्वार हैं जिसके माध्यम से ईश्वर हमारे जीवन में प्रवेश करते हैं। तथा यदि हम अपनी इच्छा और चेतना को गुरु के साथ समस्वर नहीं करते हैं तो सम्भवतः ईश्वर भी हमारी सहायता नहीं कर सकते। आजकल लोग ऐसा मानते हैं कि शिष्यत्व स्वेच्छापूर्वक गुरु को अपनी स्वतंत्र इच्छाशक्ति समर्पित करने के समान है। परन्तु गुरु की सार्वभौमिक करुणा के प्रति निष्ठा निश्चित रूप से दुर्बलता का प्रतीक नहीं है।

स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी ने कहा था, "इच्छा की स्वतन्त्रता पूर्वजन्म और जन्मोत्तर की आदतों या मानसिक भावनाओं के अनुसार कार्य करने में निहित नहीं है।" परन्तु, सामान्य मनुष्य अपना दैनिक जीवन वस्तुतः अपनी इच्छाशक्ति का रचनात्मक प्रयोग किए बिना ही व्यतीत करते हैं—संकट में, दुःख में और यहाँ तक कि आनन्द में भी। स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ है अपने अहंकार से मुक्त जीवन जीना। यह तभी सम्भव है जब हम अनन्त ज्ञान, सर्वसमावेशी चेतना, सर्वव्यापी प्रेम पर ध्यान करते हैं; जिसे शिष्य एक सच्चे गुरु की शिक्षाओं के माध्यम से अनुभव कर सकते हैं।

"गुरु" शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है : "गु" का अर्थ है अन्धकार, और "रु" का अर्थ है समाप्त करना या भंग करना। गुरु जन्म-जन्मान्तर तक हमारे हाथों को थामे रखते हैं जब तक कि हम माया की अन्धकारपूर्ण गलियों को पार कर अपने वास्तविक निवास अर्थात् आत्मज्ञान में स्थित होकर सुरक्षित नहीं हो जाते।

तो कोई व्यक्ति सच्चे गुरु को कैसे प्राप्त कर सकता है? ऐसा कहा जाता है कि गुरु को हम नहीं खोजते हैं, अपितु स्वयं गुरु ही हमें खोज लेते हैं। जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं। ऐसे गुरु ईश्वर के द्वारा निर्धारित होते हैं। वे ईश्वर के साथ एकाकार होते हैं और उन्हें धरती पर ईश्वर के एक प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने की ईश्वरीय स्वीकृति प्राप्त होती है।

गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं। माया के सागर को पार करने के लिए शिष्य गुरु-प्रदत्त साधना का अनुसरण करके ज्ञान की अपनी जीवनरक्षक नाव का निर्माण करता है। श्री श्री परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही सच्चे गुरु थे जो दिव्य गुरुओं की परम्परा से थे और जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग के ज्ञान का प्रसार करने की दिशा में कार्य किया।

क्रियायोग आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने के सर्वोच्च मार्गों में से एक है। अपने आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, "योगी कथामृत" में, जिसने लाखों व्यक्तियों के जीवन को उन्नत किया है, योगानन्दजी लिखते हैं कि क्रियायोग एक मनोदैहिक प्रणाली है जिसके द्वारा मानव रक्त को कार्बन से मुक्त और ऑक्सीजन से संचारित किया जाता है। इस अतिरिक्त ऑक्सीजन के परमाणु प्राणधारा में परिणत हो जाते हैं जिसके द्वारा योगी ऊतकों के क्षय को नियन्त्रित और यहाँ तक कि रोक भी सकता है।

आध्यात्मिक प्रगति की ऐसी शक्तिशाली पद्धति को मानवजाति के साथ साझा करना आवश्यक था और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योगानन्दजी ने अपने गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी के आदेश से सन् 1917 में राँची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप (एसआरएफ़) की स्थापना की। सत्य के साधकों के लिए एसआरएफ़ और वाईएसएस से आत्म-साक्षात्कार गृह-अध्ययन पाठमाला के माध्यम से क्रियायोग की शिक्षाएँ उपलब्ध हैं। ऐसा माना जाता है कि यदि किसी श्रद्धावान व्यक्ति की लालसा गहन और ईश्वर को जानने की तड़प अथक है, तो एक सच्चे गुरु स्वयं ही अपने शिष्य का मार्गदर्शन करने के लिए आते हैं। यह एक सच्चे गुरु का दिव्य वचन है।

गुरु चाहे भौतिक शरीर में हों या न हों, वे सदैव उस शिष्य के निकट रहते हैं जो उनके साथ समस्वर होता है, क्योंकि एक सच्चे गुरु की चेतना शाश्वत होती है। सन्त कबीर के शब्दों में, "वह शिष्य अत्यन्त सौभाग्यशाली होता है जिसने एक सच्चे गुरु को खोज लिया है!"

**अधिक जानकारी के लिए : yssofindia**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# न्यूज बॉक्स

## तीन गांवों में 200 एकड़ में सामूहिक नर्सरी से किसानों को मिला नया संबल

**गुमला।** जलवायु अनुकूल कृषि पर आधारित राष्ट्रीय नवाचार परियोजना के तहत गुमला के कृषि विज्ञान केंद्र (विकास भारती, बिशुनपुर) द्वारा जिले के शिवराजपुर, सरनाटोली और लूटोबरटोली गांवों में सामूहिक रूप से धान और मडुआ की नर्सरी तैयार की गई है। इस कार्य में लगभग 200 एकड़ भूमि पर सामूहिक नर्सरी विकसित की गई है। कृषि विभाग के वैज्ञानिक अटल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक नर्सरी एक आधुनिक कृषि पद्धति है, जिसमें कई किसान एक स्थान पर मिलकर अपनी फसलों की पौध तैयार करते हैं। इससे न केवल उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि श्रम, समय और लागत की भी बचत होती है। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला द्वारा वर्ष 2011 से सामूहिक नर्सरी प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रणाली के तहत किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग, बीज शोधन, भूमि की तैयारी, कीट नियंत्रण, और पौध संरक्षण की जानकारी दी जाती है, जिससे उन्हें स्वस्थ व एकसमान पौधे प्राप्त होते हैं। वैज्ञानिक अटल तिवारी ने बताया कि इस वर्ष शिवराजपुर, सरनाटोली और लूटोबरटोली गांवों के किसानों को विशेष रूप से जागरूक किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सामूहिक प्रयासों से इन गांवों में समय पर रोपाई संभव हो पाई है, जो सिंचाई प्रबंधन और रोग-कीट नियंत्रण की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी है।

## नंदवाल में खुले घूम रहे 6 घोड़ों से किसान परेशान, वन विभाग ने मालिक को दी हिदायत

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कातिंग पंचायत के नंदवाल गांव में खुले घूम रहे छह घोड़ों ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। ये घोड़े खेतों में चरकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हैं। किसानों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम हरकत में आई।सूचना मिलते ही चैनपुर रेंजर जगदीश राम, वनपाल चंद्रेश उरांव, सहित वन कर्मी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। ग्रामीणों से बातचीत में पता चला कि ये घोड़े ग्राम नंदवाल के ही निवासी रूडोल्फ मिंज, पिता सुधीर मिंज द्वारा पाले जा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि रूडोल्फ मिंज पिछले चार साल से अधिक समय से इन घोड़ों को पाल रहे हैं, लेकिन काफी समय से इन्हें खुला छोड़ दिया गया है। इस दौरान घोड़ों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जिनमें दो मादा, तीन नर और एक बच्चा शामिल हैं।वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन घोड़ों को उसके मालिक के साथ मिलकर सुरक्षित रखें। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि घोड़ों को खुले में चरने से रोका जाए और किसी भी प्रकार से घोड़ों को नुकसान न पहुंचाया जाए। साथ ही, वन विभाग ने घोड़ों के मालिक को सलाह दी कि यदि उन्हें घोड़ों की आवश्यकता नहीं है, तो वे उन्हें बेचने का प्रयास करें। किसानों ने वन विभाग से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि भविष्य में उनकी फसलों को घोड़ों से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

## जांच दल ने सिसई एफसीआई गोदाम व राशन डीलरों की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**सिसई(गुमला)।** भारतीय खाद्य निगम केंद्रीय जांच दल के द्वारा मंगलवार को प्रखण्ड के एफसीआई गोदाम व विभिन्न डीलर दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच दल का नेतृत्व उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव सुशील कुमार व सहायक अनुभाग अधिकारी योगेश कुमार कर रहे थे। दोनो अधिकारी अपने टीम के साथ सर्वप्रथम सिसई एफसीआई गोदाम पहुंचे जहां उन्होंने गोदाम में खाद्यान्न की उपलब्धता, वितरण प्रक्रिया और गोदाम के रखरखाव व साफसफाई की करीब डेढ़ घन्टा गहनता से जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने गोदाम में रखे बोरियों की मिलान भी किए और वितरण सम्बंधित रजिस्टर की बारीकी से अध्ययन किया। जांचोपरांत गोदाम मैनेजर को समय से डीलरों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान देने सहित कई आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद भदौली के गुलाब एसएचजी,लकेया के शांति निकेतन एसएचजी सहित दर्जनों डीलर दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्डधारकों से भी बात किए और उनसे समय पर पूरा खाद्यान्न मिलने,खाद्यान्न की गुणवत्ता व दुकान खुला रहने सम्बंधित जानकारी प्राप्त की।

## आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय व जनवितरण दुकानों का किया गया निरीक्षण

**बसिया।** अनुमंडल पदाधिकारी बसिया के द्वारा आज सालेगुटू पंचायत में योजनाओं की गहन समीक्षा के साथ विद्यालय और जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा वितरण प्रणाली की दुकानों को लेकर मिल रही शिकायतों का जायजा लिया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम ने बताया कि सालेगुटु पंचायत में अश्विनी नाग और मोतीलाल साहू के द्वारा जन वितरण प्रणाली के दुकानों का संचालन किया जाता है। आज इन दुकानों का निरीक्षण करते हुए खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता, स्टॉक की स्थिति एवं लाभुकों को समय पर आपूर्ति की समीक्षा करते हुए क्षेत्र के अन्य दुकानों के साफ संदेश देने का काम किया गया। उन्होंने यह चेतावनी देने का काम किया कि किसी भी सूरत में जन वितरण प्रणाली को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और तमाम तरह की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान देवगम ने चंदाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, धरती आबा जन भागीदारी शिविर और मोरहाटोली के उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भ्रमण भी किया।

## सखुआ पानी आवासीय विद्यालय में विशेष मेडिकल कैंप आयोजित, 77 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**बिशुनपुर।** बुधवार को आवासीय विद्यालय सखुआ पानी में एक दिवसीय विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की समग्र जांच और जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के दौरान कुल 77 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर उनका हेल्थ कार्ड भरकर सुरक्षित किया गया। जांच के दौरान बच्चों की ऊंचाई, रक्तचाप, ब्लड ग्रुप सहित अन्य स्वास्थ्य मापदंडों की विस्तारपूर्वक जांच की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र सिंह, चिकित्सक डॉ. अरुण थॉमस एवं पी. पी. सिंहा, सीएसआर अधिकारी राकेश तिवारी, अनिल साहू सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मेडिकल टीम ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित आहार लेने, और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना और विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता का माहौल बनाना था।

## मंडल कारा में रात्रि औचक निरीक्षण व सघन तलाशी अभियान, सुरक्षा व्यवस्था पाई गई संतोषजनक

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार दिनांक 08 जुलाई 2025 को रात्रि 08:45 बजे से 10:30 बजे तक मंडल कारा गुमला में औचक निरीक्षण एवं सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण दल में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं काराधीक्षक, मंडल कारा गुमला मौजूद थे। अभियान के दौरान महिला वार्ड की गहन तलाशी महिला पुलिस पदाधिकारी व महिला बल की मौजूदगी में की गई, जिसमें कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इसके साथ ही मंडल कारा के कुल 08 पुरुष वार्डों एवं सेल की भी सघन तलाशी की गई। तलाशी के दौरान किसी भी अनुचित वस्तु या गतिविधि के प्रमाण नहीं पाए गए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक स्थिति स्पष्ट हुई।

# विभिन्न ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी महासंघ का जोरदार प्रदर्शन

- पटेल चौक पर सड़क जाम से यातायात हुआ बाधित

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** विभिन्न मजदूर संगठनों एवं झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बुधवार को केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ गुमला जिले में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय पटेल चौक पर सड़क जाम कर झारखंड-छत्तीसगढ़, झारखंड-ओडिशा, गुमला-लोहरदगा एवं गुमला-रांची मार्ग को कुछ समय के लिए पूरी तरह से अवरोधित कर दिया, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई।

प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों ने केंद्र सरकार की मजदूर, कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मजदूरों के अधिकारों में कटौती, श्रम कानूनों में बदलाव, पुरानी पेंशन योजना की बहाली न करना और निजीकरण को बढ़ावा देने जैसी नीतियाँ पूरी तरह जनविरोधी हैं। सड़क जाम के कारण आमजन, स्कूल बसें, एंबुलेंस और अन्य वाहनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने तत्काल पहल की और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर शांतिपूर्वक जाम हटवाया गया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य हुई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर केंद्र सरकार द्वारा जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस मौके पर झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, बैंक यूनियन, ट्रेड यूनियन संगठन, और अन्य संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारत बंद के समर्थन में भरनो में किसान व श्रमिक उतरे सड़कों पर, जोरदार प्रदर्शन कर रखीं कई मांगें




**भरनो (गुमला)।** देशव्यापी भारत बंद के तहत बुधवार को भरनो मुख्यालय में भी झारखंड राज्य किसान सभा के बैनर तले किसानों और मजदूरों ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह बंद देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत किया गया था, जिसमें किसान, श्रमिक, बैंकिंग और डाक विभाग के कर्मचारियों ने भी समर्थन जताया। भरनो में मिशन चौक से एक जुलूस निकाला गया, जो ब्लॉक चौक पहुंचकर सड़क पर प्रदर्शन में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से कृषि और श्रम क्षेत्र से जुड़ी नीतियों में बदलाव की मांग की। किसान सभा के जिला सचिव शंकर उरांव ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करना, 2020 के श्रम कानूनों को रद्द करना, मनरेगा में 600 दिन रोजगार की गारंटी देना, जैसे अहम मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। प्रदर्शन के दौरान आयता उरांव, चंद्रदेव उरांव, मिला कुजूर, अनिल उरांव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में कहा कि जब तक किसानों और श्रमिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस प्रदर्शन के जरिए स्थानीय स्तर पर भारत बंद को व्यापक समर्थन मिला, जिससे भरनो क्षेत्र में दिनभर जनजीवन पर प्रभाव देखने को मिला।

# उपायुक्त ने रायडीह के कई योजनाओं का किया निरीक्षण

- शिक्षा, स्वास्थ्य व पुस्तकालय संस्कृति को सशक्त बनाने पर विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बुधवार को रायडीह प्रखंड के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता से जुड़ी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र और धरती आबा जनभागीदारी शिविर का दौरा कर स्थानीय व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं जनोन्मुखी बनाने पर बल दिया।

निरीक्षण की शुरुआत में उपायुक्त ने सिद्धो-कान्हो प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय, रायडीह का अवलोकन किया, जहां 8530 से अधिक प्रतियोगी व ज्ञानवर्धक पुस्तकों की उपलब्धता के बावजूद पाठकों की संख्या कम पाई गई। इस पर उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंड स्तरीय पुस्तकालयों में आगामी सप्ताह से "लाइब्रेरी अवेयरनेस वीक" मनाने की घोषणा की। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए स्वयं प्रेरित करते हुए कहा कि पुस्तकालय "ज्ञान, एकाग्रता और करियर निर्माण का आधार है।"

इसके बाद उपायुक्त +2 उच्च विद्यालय रायडीह पहुंचीं, जहां उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें पुस्तकालय उपयोग, अंग्रेजी शब्दावली, करियर काउंसलिंग व रीडिंग सेशन में भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि अंतिम पीरियड पुस्तकालय अध्ययन हेतु निर्धारित किया जाए। विद्यालय द्वारा ड्रेनेज सिस्टम, मल्टीपरपस हॉल व रसायन शिक्षक की कमी जैसी समस्याएं बताई गईं, जिन पर उपायुक्त ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय ऊपर खटंगा का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने भवन मरम्मत, रंग-रोगन, और सोलर लाइट की आवश्यकता को देखते हुए संबंधित अभियंता को प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया।

शैक्षणिक संस्थानों के साथ उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों का जायजा लेते हुए स्वच्छता और सेवा व्यवस्था की सराहना की। डॉ. राजीव एवं उनकी टीम को उत्कृष्ट सेवा के लिए बधाई दी गई। साथ ही एमटीसी सेंटर में कुपोषित बच्चों की निगरानी और समुचित उपचार की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नीच खटंगा ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी दौरा किया और बिजली, भवन रंगाई-पुताई और मरम्मत से जुड़े निर्देश जारी किए। साथ ही धरती आबा जनजातीय ग्राम जागरूकता अभियान के तहत ऊपर खटंगा में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर वहां मौजूद ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। दौरे के अंत में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और जनजागरूकता जैसे मूलभूत सेवाओं को मजबूत करना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि सभी आवश्यक मांगों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पेशा कानून लागू करने को लेकर सरना समाज की कल लिट्टाटोली से राजभवन तक पदयात्रा

**सिसई (गुमला)।** पेशा कानून लागू करने को लेकर सिसई प्रखण्ड के सभी सरना समाज के गणमान्य जनता को कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र उरांव के द्वारा जानकारी देते हुए आग्रह किया गया है कि आगामी 11 जुलाई 2025 को स्व कार्तिक उरांव के पैतृक गांव लिट्टाटोली में उनके व उनकी पत्नी स्व सुमति उरांव के समाधि स्थल पर पहान पुजार के द्वारा पूजा अर्चना व श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजभवन रांची के लिए पदयात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। पदयात्रा में शामिल समाज के लोगों का दोपहर 12 बजे सिसई कुम्हार मोड़ पहुंचने पर ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत करते हुए केन्द्रीय सरना स्थल थाना चौक सिसई लाया जाएगा। जहां सभी सरना समाज के लोग एकत्रित होंगे एवं उन्हें जलपान कराया जाएगा। तत्पश्चात भरनो के लिए प्रस्थान करेंगे एवं मासू टोली भरनो में रात्रि विश्राम करेंगे। 12 जुलाई को बेड़ो पहुंचकर रात्रि विश्राम और 13 जुलाई को रांची बजरा में रात्रि विश्राम तथा 14 जुलाई को राजभवन का घेराव किया जाएगा।


### कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के पुराने स्वीकृत लंबित पड़े आवास को पूर्ण करने से संबंधित अतिमहत्त्वपूर्ण सूचना :-

विभागीय पत्रांक 1708 दिनांक 23.12.2024 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में वैसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अपने अधूरे/लंबित/निर्माणाधीन आवासो को दिनांक 31 दिसम्बर 2025 के भीतर निश्चित रूप से पूर्ण कर एक सगज, जागरूक एवं सभ्य नागरिक होने का परिचय दें। उक्त अवधि के बाद आपको अपने संसाधनों से आवास को पूरा करना पड़ सकता है, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। उक्त अवधि बाद विभाग से राशि अप्राप्त रहने की स्थिति में भुगतान करना संभव नही होगा।

साथ ही उक्त के आलोक में सभी माननीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, आमजनों से भी सहयोग एवं भागीदारी की अपेक्षा रखते हुए अनुरोध है कि ऐसे लाभुकों को निर्धारित समयावधि (दिनांक 31 दिसम्बर 2025) के भीतर आवास पूर्ण कराने हेतु प्रेरित एवं सूचित करने की कृपा की जाय।

इसे अति–महत्त्वपूर्ण समझा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव।

PR 356915 Urban Development(25-26)D



### समाहरणालय, गढ़वा
(अनु0ज0जा0, अनु0जा0, अल्पसंख्यक एवं पि0वर्ग, कल्याण शाखा)

**(अति अल्पकालिन निविदा) विज्ञापन सं0–02/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढ़वा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों/एकलब्य मॉडल आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए पोशाक आदि सामग्रियों का आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक– **18.07.2025** को अपराह्न **03:00** बजे तक जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक–**19.07.2025** को अपराह्न **12:30** बजे क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदादाताओं को निविदा से संबंधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

**सामग्रियों एवं निविदा की शर्तों की सूची :–** पोषाक आदि सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को prdjharkhand.in पर एवं गढ़वा जिला के Website (garhwa.nic.in) पर भी देखा जा सकता है साथ ही जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/
उप विकास आयुक्त, गढ़वा

PR 356885 Welfare(25-26)#D



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

–: आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अंतर्गत **बालूमाथ (वर्त्तमान थाना बारियातु) थाना काण्ड संख्या 160/2019, दिनांक 24.07.2019, धारा 384/385/386 भा0द0वि0, 25(1–A)/26(2)/35 आर्म्स एक्ट, 4/5 वि0पदा0अधि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट** के प्राथमिकी अभियुक्त एवं गैरजमानती वारंटी विनोद गंझू पे0 स्व0 जगदेव गंझू उर्फ शनिचर गंझू सा0 जोरदाग, टोला पिपराटॉड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1 | विनोद गंझू पे0 स्व0 जगदेव गंझू उर्फ शनिचर गंझू सा0 जोरदाग, टोला पिपराटॉड़, थाना लावालौंग, जिला चतरा। |

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 356882 (Police)25-26*D


# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों संग समन्वय बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु बुधवार को गुमला समाहरणालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त गुमला एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया, दायित्व और सहभागिता के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बी.एल.ए. की राजनीतिक दलों द्वारा अनिवार्य रूप से नियुक्ति की जाए। बी.एल.ए. अपने संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन जैसे कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की प्रति भी सौंपी गई, ताकि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर बी.एल.ए. की नियुक्ति और प्रशिक्षण सुनिश्चित कर सकें। इस अवसर पर निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, समय-सीमा, और सुधारों से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही सभी प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे स्वच्छ, निष्पक्ष एवं सहभागी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुनिश्चित करने में प्रशासन का भरपूर सहयोग करें।


### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

MMC

Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक........................ दिनांक ........................

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डिजलीलैण्ड मेला, शिवाजी मैदान (नदी किनारे) में आयोजन किया गया है। आने–वाले वाहनों की पार्किंग बन्दोबस्ती डिजलीलैण्ड मेला शिवाजी मैदान के लिए दिनांक 20.07.2025 से 10.09.2025 तक के लिए नगर निगम कार्यालय में दिनांक 18.07.2025 को समय 12:00 बजे से खुली डाक द्वारा की जानी है। पड़ाव की बन्दोबस्ती उच्चतम बोली बोलने वाले बन्दोबस्तधारी की होगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2024–25 की बन्दोबस्ती राशि | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि (10% बढ़ोती) | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डिजलीलैण्ड मेला, शिवाजी मैदान (नदी किनारे) | 1,42,000/- | 1,57,000/- | 40,000/- |

**नियम एवं शर्तें निम्नवत है:–**

1. डाक बोली के एक घण्टा पूर्व, जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, नगर आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा जो बंधन बैंक, डालटनगंज में भुगतेय होगा। डाक समाप्ति के बाद प्रथम एवं द्वितीय डाकवक्ता को छोड़कर बाकी डाक बोलने वाले व्यक्ति को जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी। किसी भी परिस्थिति में चेक स्वीकार नहीं किया जायेगा। जमानत की राशि जमा नहीं करने पर डाक में भाग नहीं ले सकते है।
2. ड्राफ्ट के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण–पत्र साथ जमा करना होगा।
3. अधिकतम डाक बोलने वाले व्यक्ति को डाक की सम्पुर्ण राशि डाक समाप्ति के पश्चात् एक मुस्त जमा करना होगा।
4. पार्किंग स्थल की साफ–सफाई की जिम्मेवारी बन्दोवस्तीधारी की होगी।
5. वह व्यक्ति डाक में भाग नहीं लेंगे जिसके पास मेदिनीनगर नगर निगम का किसी भी तरह का बकाया (सैरात/होल्डिंग टैक्स इत्यादि) होगा। निगम से बकाया रहित प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
6. बन्दोवस्ती लेने वाले व्यक्ति को मेदिनीनगर नगर निगम के नियम एवं शर्तों के अनुरूप एकरारनामा करना होगा इसके बाद ली वसुली हेतु प्राधिकार पत्र निर्गत किया जायेगा।
7. पार्किंग शुल्क निम्न प्रकार से वसूलनीय होगा।
   (क) टू व्हीलर :- 10/– रूपया प्रति घण्टा।
   (ख) कार, जीप आदि छोटे वाहन :- 20/– रूपया प्रति घण्टा।
   (ग) टेम्पु :- 20/– रूपया प्रति घण्टा।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.356887 District(25-26):D



### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाष: (06541) 253924
इमेल–chatrajepc@ymail.com

**नियुक्ति संबंधी सूचना**

विज्ञापन संख्या 1058 दिनांक 08.07.2025 के माध्यम से जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर शिक्षिकाओं के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियो से अंकित शर्तो के अधीन विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 25.07.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समग्र शिक्षा अभियान, चतरा मे आवेदन आंमत्रित किया गया है।

विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी N.I.C चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है।

रिक्ति निम्नवत है:–

| Sl. No | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | EWS | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–भाषा | 3 | 1 | - | - | - | 1 | 1 | 3 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–गणित | 4 | - | 1 | - | - | 2 | 1 | 4 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–विज्ञान | 7 | - | 3 | 1 | - | 2 | 1 | 7 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 | - | - | - | - | - | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–शारीरिक शिक्षा | 2 | 1 | - | 1 | - | - | - | 2 |
| | कुल | 17 | 3 | 4 | 2 | - | 5 | 3 | 17 |

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झा.शि.प.,चतरा

PR 356875 (Jharkhand Education Project Council)25-26*D

# नामीबिया में पीएम मोदी का भव्य स्वागत, दी गई 21 तोपों की सलामी



- राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने किया पीएम मोदी का स्वागत
- एक दिवसीय नामीबिया यात्रा के तहत आधिकारिक कार्यक्रम शुरू

**विंडहोक (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नामीबिया की राजधानी विंडहोक पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी को औपचारिक स्वागत में 21 तोपों की सलामी दी गई। यह स्वागत समारोह उनके नामीबिया की एक दिवसीय यात्रा के दौरान आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत के दौरान किया गया। अफ्रीकी राष्ट्र के राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। इसे लेकर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि नामीबिया में भारतीय समुदाय भारत-नामीबिया की घनिष्ठ मित्रता को लेकर बेहद आशावादी है और विंडहोक में हुए विशेष स्वागत में यह झलकता है। मुझे अपने प्रवासी समुदाय पर खासकर जिस तरह से उन्होंने अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखा है, उस पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया पहुंचे। होसे कुटाको इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका भव्य पारंपरिक स्वागत किया गया, जहां नामीबिया की इंटरनेशनल रिलेशंस एंड कोऑपरेशन मिनिस्टर सेल्मा अशीपाला-मुसावी ने उनका स्वागत किया। स्वागत समारोह में स्थानीय संगीतकारों और नर्तकों ने प्रस्तुति दी तथा तालियों एवं जयकारों से गूंजते इस क्षण में प्रधानमंत्री भी कलाकारों के साथ शामिल हो गए।

यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली यात्रा है और पिछले 27 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह तीसरी यात्रा है। पीएम मोदी ने देश के संस्थापक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सैम नुजोमा को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत और नामीबिया के बीच लंबे समय से बहुत मजबूत संबंध रहे हैं और नई दिल्ली ने नामीबिया को उसकी स्वतंत्रता से बहुत पहले ही मान्यता दे दी थी। साथ ही 1946 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी इसका मुद्दा उठाया था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार मुख्यतः जस्ता और हीरा प्रसंस्करण जैसे खनिज संसाधनों में होता है।

## पूर्व ब्रिटिश पीएम अब फिर से नौकरी करेंगे

**लंदन ।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने राजनीति से दूर होकर एक बार फिर अपने पुराने प्रोफेशनल करियर गोल्डमैन सैक्स में सीनियर एडवाइजर के रूप में वापसी की है। जुलाई 2024 में कंज़र्वेटिव पार्टी की करारी चुनावी हार के बाद यह उनकी पहली बड़ी नियुक्ति है। सुनक अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ 'रिचमंड प्रोजेक्ट' के जरिए सामाजिक कामों में सक्रिय रहे। सुनक ने गोल्डमैन सैक्स से होने वाली कमाई इसी चैरिटी को दान करने का ऐलान किया है।प्रधानमंत्री बनने से पहले, सुनक फरवरी 2020 से जुलाई 2022 तक राजकोष के चांसलर थे और इससे पहले आवास, समुदाय और स्थानीय सरकार मंत्रालय में मुख्य वित्त सचिव और संसदीय अवर सचिव के रूप में कार्य कर चुके थे। उन्होंने 2015 में संसद सदस्य के रूप में राजनीति में अपना करियर शुरू किया। पिछले साल के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना कराने के बाद, सुनक अभी भी उत्तरी इंग्लैंड के रिचमंड और नॉर्थॉलर्टन निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। चुनाव अभियान के दौरान, उन्होंने मतदान के परिणाम की परवाह किए बिना, अगली संसद के पूरे कार्यकाल तक सांसद बने रहने की कसम खाई थी। सुनक ने गोल्डमैन में सबसे पहले 2000 में निवेश बैंकिंग में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षु के रूप में काम किया, और फिर 2001 से 2004 तक विश्लेषक के रूप में काम किया। बाद में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनियों के साथ काम करने वाली एक निवेश फर्म की सह-स्थापना की।



## टेक्सास में अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या 100 के पार

**ह्यूस्टन (आईएएनएस)।** अमेरिका के टेक्सास में आई विनाशकारी बाढ़ में कम से कम 109 लोगों की मौत हो गई, जबकि 160 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार इनमें से 87 मौतें केर काउंटी में हुईं। ग्वाडालूप नदी के किनारे बचाव अभियान जारी है।

## ब्राजील के लोग भारत की संस्कृति सीखने के इच्छुक : ज्योति किरण

**ब्रासीलिया (आईएएनएस)।** ब्राजील में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन करने वाली डॉ. ज्योति किरण शुक्ला का कहना है कि प्रधानमंत्री के आगमन से यहां रहने वाले प्रवासी काफी उत्साहित हैं। ब्राजील के लोग भारत की संस्कृति को सीखने के लिए काफी इच्छुक हैं। डॉ. शुक्ला ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर के तत्वावधान में इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिस तरह का कार्यक्रम आयोजित हुआ, उसे लेकर लोगों में काफी खुशी और उत्साह है। मंगलवार का कार्यक्रम कई मायनों में खास था। इसके पीछे की वजह यह है कि दोनों ही देशों की संस्कृति आपस में काफी मिलती-जुलती हैं। उन्होंने कहा, "इस कार्यक्रम में हमने भारत की संस्कृति को दिखाने की कोशिश की थी, जिसे देखने के बाद लोगों में उत्साह का भाव था। यहां पर भारत की संस्कृति की गहरी जड़े हैं। इससे पहले हमने योग से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें 100 से अधिक योग शिक्षक शामिल हुए थे। अब आप सोच सकते हैं कि जिस जगह पर 100 से अधिक योग शिक्षक हैं, वहां पर योग को चाहने वाले कितने लोग होंगे। मौजूदा समय में हम तीन परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। पहला, हमने कैंपस कनेक्ट कार्यक्रम की शुरुआत की थी, जिसमें हमने युवाओं से जुड़ने का प्रयास किया था।



## भारतीय मूल के सबीह खान बनाये गए एप्पल के मुख्य परिचालन अधिकारी

**ब्यूरो**



मुरादाबाद के लोग सबीह के इस प्रगति से बहुत खुश हैं

**नई दिल्ली।** मैकबुक, आईफोन,घड़ी,टैबलेट आदि बनाने वाली विश्व की दिग्गज लगभग 400 बिलियन डॉलर वाली अमेरिकी आईटी कंपनी एप्पल ने भारतीय मूल के सबीह खान को मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) के पद पर पदोन्नत किया है। वहइस माह के अंत में जेफ विलियम्स से यह पदभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने 2019 में एप्पल में परिचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यकारी टीम ज्वाइन किया था। सत्र खान का जन्म 1966 में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में हुआ था, जहां उन्होंनेअंग्रेज़ी माध्यम वाले स्कूल में पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई की, उसके बाद उनका परिवार सिंगापुर चला गया। जहां उन्होंने अच्छे अंग्रेज़ी माध्यम वाले स्कूल में पढ़ाई की और अच्छे ग्रेड से पास हुए। उसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गये। वहाँकी टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स व मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करके ड्यूल स्नातक किया । उसके बाद रेनसेलर पॉलिटेक्निक संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री हासिल की। उनके बारे में एप्पल ने एक बयान में कहा, "जेफविलियम्स इस महीने के अंत में मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका एप्पल के परिचालन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सबीह खान को सौंप देंगे, जो लंबे समय से नियोजित उत्तराधिकार का हिस्सा है।" विलियम्स एपल के सीईओ टिम कुक कोरिपोर्ट करते रहेंगे और एप्पल की विश्वस्तरीय डिज़ाइन टीम व एप्पल वॉच के साथ-साथ कंपनी की स्वास्थ्य पहलों की देखरेख भी करेंगे। विलियम्स के साल के अंत में सेवानिवृत्त होने के बाद, एप्पल की डिजाइन टीम सीधे कुक को रिपोर्ट करेगी। सबीहखान एप्पल की आपूर्ति श्रृंखला व विनिर्माण कार्यों की देखरेख करते रहे हैं। खान की पदोन्नति पर कुक ने कहा, "एप्पल की आपूर्ति श्रृंखला की देखरेख करते हुए, उन्होंने उन्नत विनिर्माण में नई प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में मदद की, संयुक्त राज्यअमेरिका में एप्पल के विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार की देखरेख की, तथा यह सुनिश्चित करने में मदद की कि एप्पल वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सके।" सबीर खान के इस प्रगति और विश्व की टॉप 6 कंपनियों में से एक में इतने बड़े पदपर पहुंचने से मुरादाबाद के लोग बहुत खुश हैं। उनके परिवार को जानने वाले लोग बताते हैं कि सबीर खान बचपन से ही पढ़ाई में अच्छा था। वह अच्छे अध्यापक वाले अच्छे स्कूल में पढ़ा और अंग्रेजी तथा गणित में तेज था। पाँचवीं के बाद सिंगापुर जानेसे उसके बेहतर शिक्षा और प्रतिभा निखरने का और अच्छा मौका मिल गया। जिसका परिणाम आज सबके सामने हैं।

## क्षमता निर्माण और नियमन से बदली भारत की आपदा प्रबंधन रणनीति : डॉ. मिश्रा

**बैंगलोर । एजेंसी**



- भारत ने हालिया वर्षों में कई अंतरराष्ट्रीय आपदाओं में सक्रिय रूप से सहायता पहुंचाई
- डॉ. मिश्रा ने युवाओं को लोक सेवा और नीति के क्षेत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित किया

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि वित्तपोषण तंत्र, संस्थागत विकास और क्षमता निर्माण में निवेश का उद्देश्य मापनयोग्य परिणाम प्रदान करना है। डॉ. मिश्रा ने जोर देकर कहा कि भारत की विकसित होती आपदा जोखिम प्रबंधन प्रणाली की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक आपदा-संबंधी मृत्यु दर में कमी है। डॉ. पी.के. मिश्रा भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर में सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी (सीपीपी) के रजत जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कैसे एक व्यापक दृष्टिकोण वाले गुजरात भूकंप भरपाई कार्यक्रम ने देश की आपदा प्रबंधन प्रणाली को बदलने में मदद की। डॉ. पी.के. मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर पूर्व-चेतावनी प्रणालियों, सशक्त संस्थानों, बेहतर योजना और अधिक संवेदनशील वित्तपोषण के संयुक्त प्रभाव से, तीव्र और धीमी शुरुआत वाले, दोनों ही प्रकार के खतरों में मृत्यु दर में लगातार गिरावट देखी गई है। डॉ. मिश्रा ने यह भी कहा कि यह आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के तहत मूल प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिस पर भारत एक हस्ताक्षरकर्ता है। गुजरात से म्यांमार तकः पिछले 25 वर्षों में भारत की आपदा प्रबंधन नीति और कार्यप्रणाली का विकास" विषय पर अपने व्याख्यान पर विस्तार से चर्चा करते हुए, डॉ. पी.के. मिश्रा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन से प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले दो-तीन दशकों में भारत की आपदा प्रबंधन नीतियां और कार्यप्रणाली कैसे विकसित हुई हैं।

डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि भारत में आपदा जोखिम प्रबंधन की कार्यप्रणाली में कई बदलाव आए हैं। डॉ. मिश्रा ने अपने विचार-विमर्श में 1991 के ओडिशा सुपर साइक्लोन, 2001 के गुजरात भूकंप और 2004 के हिंद महासागर में आई सुनामी के बारे में बताया, जिससे कई सबक मिले। डॉ. मिश्रा ने कहा कि 1993 का लातूर भूकंप और 2005 का कश्मीर भूकंप जैसी अन्य घटनाएं भी हुईं। उन्होंने यह भी कहा कि इसके अलावा, वैश्विक नीति प्रक्रियाओं जैसे कि प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय दशक (आईडीएनडीआर) 1990-1999, ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (एचएफए) 2000-2015 और सेंडाई फ्रेमवर्क 2015-2030 ने हमारी सोच और व्यवहार को बहुत प्रभावित किया है।

व्यापक प्रत्युत्तर और पुनर्निर्माण, तथा दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य के महत्वपूर्ण मोर्चे पर, डॉ. पी.के. मिश्रा ने कानूनी ढांचे, नियामक सुधारों, प्रशिक्षण और ज्ञान नेटवर्क, भवन नियमन और खतरा प्रतिरोधी निर्माण के माध्यम से आपदा प्रबंधन को संस्थागत बनाने के लिए प्रभावी और निर्णायक कदमों पर प्रकाश डाला। गुजरात पहल के महत्व पर बात करते हुए, डॉ. मिश्रा ने गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) द्वारा की गई विविध गतिविधियों से अवगत कराया, जो प्रत्युत्तर और राहत से कहीं आगे बढ़कर, भूकंप पुनर्निर्माण कार्य; नीतियों और कानूनों का निर्माण; आपदा प्रबंधन योजनाओं की तैयारी; तैयारी संबंधी पहल; क्षमता निर्माण; शमन उपाय; और जागरूकता एवं सामुदायिक तैयारी, आदि।

"वित्त एक आधार के रूप में: आपदा जोखिम वित्तपोषण का विकास" विषय पर चर्चा करते हुए, डॉ. पी.के. मिश्रा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नए वित्तपोषण ढांचे का एक सबसे महत्वपूर्ण वैचारिक योगदान यह मान्यता है कि आपदा प्रबंधन में विभेदित किन्तु परस्पर निर्भर कार्य शामिल हैं - प्रत्युत्तर और राहत, भरपाई और पुनर्निर्माण, तैयारी और शमन। हाल के दिनों में आपदा प्रबंधन में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर बोलते हुए, डॉ. पी.के. मिश्रा ने प्रमुख उपलब्धियों की पुष्टि की।


## दिल्ली में प्रदूषण से आम आदमी का जीवन हो रहा कम : गडकरी

### अगर हम अभी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो जीवन खोने का जोखिम भी उठाते हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बिना लाग लपेट बोलने के लिए प्रसिद्ध केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इतना चिंता जनक है कि जब दिल्ली में आता हूँ तो सोचता हूँ कि कब यहाँ से जाना है , और पहले टिकट जाने का निकाल लेता हूँ। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर यहां के लोगों की जीवन प्रत्याशा को कम कर रहा है। गडकरी गौतम बुद्ध नगर में फरीदाबाद-नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट रोड पर वृक्षारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' में भाग लेने आए हुए थे। उन्होंने कहा कि आप इस को गंभीरता से लो कि दिल्ली में जो प्रदूषण है उस कारण आम आदमी का जीवन कम हो रहा है।

नितिन गडकरी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा, 'मैं दिल्ली में दो या तीन दिन रहता हूं। जब आता हूं तो सोचता हूं कब वहां से जाना है। मैं पहले टिकट जाने का निकालता हूं। आप इस को गंभीरता से लो कि दिल्ली में जो प्रदूषण है उस कारण आम आदमी का जीवन कम हो रहा है।' दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक लेवल को लेकर गडकरी ने कहा, 'आज यहां (फरीदाबाद-नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट रोड ) ऑक्सीजन का स्तर बहुत ज्यादा है, एक बार जब एयरपोर्ट बन जाएगा और ज्यादा वाहन इस क्षेत्र में एंट्री करेंगे तो पर्यावरण और भी खराब हो सकता है। गडकरी ने कहा, 'जब मैं पहली बार मंत्री बना था, तब भारत ऑटोमोबाइल क्षेत्र में ग्लोबल लेवल पर 13वें या 14वें नंबर पर था। आज, हम जापान से आगे निकल गए हैं और दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं और ऑटोमोबाइल क्षेत्र अर्थव्यवस्था में 22 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है।' उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी ने 4.5 करोड़ से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया है।



नितिन गडकरी ने यह भी माना कि देश में पॉल्यूशन के लिए ट्रांसपोर्ट सेक्टर का योगदान भी 40 %है। उन्होंने कहा, 'हम प्रदूषण के मामले में भी नंबर एक पर हैं। इसलिए हमारा विभाग पौधारोपण और प्रत्यारोपण प्रयासों के माध्यम से इसे कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।' गडकरी ने कहा, 'जिस तरह हम अपनी माताओं का सम्मान करते हैं, उसी तरह हमें धरती माता के प्रति भी उतना ही सम्मान दिखाना चाहिए। इस कार्यक्रम का सांस्कृतिक और नैतिक दोनों ही तरह से महत्व है।' गडकरी ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का किस तरह से इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सभी पौधों को ई-टैग किया जाएगा ताकि पेड़ों की लंबे वक्त तक देखभाल हो सके। उन्होंने कहा, 'इससे हमें एक पौधे के विकास को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दुनिया तेजी से बदल रही है। अगर हम अभी कार्रवाई नहीं करते हैं, तो हम इस (नोएडा) जैसी जगहों पर मौजूद प्राकृतिक जीवन को खोने का जोखिम उठाते हैं। इसे बचाना हमारा काम है।

## छात्र प्रदर्शनकारी जहां दिखें गोलियां चला दो

- बांग्लादेश में बवाल मचा देने वाला ऑडियो हो गया वायरल

**बांग्लादेश।** लीक हुई ऑडियो रिकॉर्डिंग से पता चला है कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पिछले साल सुरक्षा बलों को छात्र प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 1,400 लोग मारे गए थे। यह अशांति सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों से उपजी थी, जिसके बारे में कई लोगों का दावा था कि यह प्रणाली मेधावी उम्मीदवारों के साथ भेदभाव करती है।

## आलिया भट्ट की पूर्व सेक्रेटरी 76 लाख की 'चोरी' के आरोप में गिरफ्तार

कहानी फिल्म जगत की



आलिया भट्ट आज इंडस्ट्री की शीर्ष अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनके प्रशंसकों की संख्या बहुत ज्यादा है और वह एक दशक से भी ज़्यादा समय से लाखों लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। अभिनेत्री सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार सही वजहों से नहीं। ताज़ा खबरों के अनुसार, जुहू पुलिस ने अभिनेत्री की पूर्व निजी सहायक वेदिका प्रकाश शेट्टी को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर आलिया के प्रोडक्शन हाउस - इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड और यहां तक कि उनके खातों से भी पैसे की हेराफेरी करने का आरोप है। इस साल जनवरी में जुहू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। वेदिका पिछले 5 महीनों से फरार थी, लेकिन उसे बेंगलुरु में गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत में पेश किया गया। उसे 10 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि यह गिरफ्तारी आलिया की माँ सोनी राजदान द्वारा वेदिका के खिलाफ धन की हेराफेरी की शिकायत दर्ज कराने के लगभग पाँच महीने बाद हुई है। सोनी राजदान की शिकायत पर कुछ महीने पहले एफआईआर दर्ज होने के बाद से, जाँच जारी है। घोटाले के पूरे दायरे का पता लगाने और यह पता लगाने के लिए कि क्या कोई और व्यक्ति इसमें शामिल था, अधिकारी वर्तमान में वित्तीय आंकड़ों की सावधानीपूर्वक जाँच कर रहे हैं। काम की बात करें तो, आलिया को आखिरी बार वसन बाला की 'जिग्रा' में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।




## झारखंड व बिहार के करदाताओं के लिए 3 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 'टैक्सपेयर हब' शुरू

# करदाताओं में विकसित होगी कर प्रणाली की बेहतर समझ

**नवीन मेल संवाददाता**



### 'नए भारत की नई कर संस्कृति' की ओर ठोस प्रयास है 'टैक्सपेयर हब'

'टैक्सपेयर हब' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह 'नए भारत की नई कर संस्कृति' की ओर एक ठोस प्रयास है। यह पहल पारदर्शिता, सहभागिता और करदाता-सुविधा को केंद्र में रखकर आयकर विभाग की सेवा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 'टैक्सपेयर हब' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह 'नए भारत की नई कर संस्कृति' की ओर एक ठोस प्रयास है।

**रांची।** राजधानी रांची के रांची क्लब में बुधवार को तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 'टैक्सपेयर हब' का शुभारंभ हुआ। इसका आयोजन आयकर विभाग ने किया था। झारखंड और बिहार क्षेत्र के करदाताओं के लिए यह आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य करदाताओं में कर प्रणाली की बेहतर समझ विकसित करना, स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक वर्गों के साथ सहभागिता को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम 10 और 11 जुलाई 2025 को भी जारी रहेगा। आज के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), नई दिल्ली के प्रधान महानिदेशक (प्रशासन एवं करदाता सेवा), प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (बिहार एवं झारखंड), आयकर महानिदेशक (अन्वेषण), पटना तथा मुख्य आयकर आयुक्त, रांची सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में करदाता, पेशेवर, व्यापारी, छात्र और आम नागरिक भी शामिल हुए। आज पहले दिन की प्रमुख गतिविधियों में नवीन आयकर बिल 2025, टीडीएस, आयकर रिटर्न अपडेट, कर छूट, शिकायत निवारण प्रणाली तथा प्रेरक अभियान जैसे विषयों पर विशेष जानकारी सत्र आयोजित किए गए। बड़े उद्योगों, राज्य कर्मियों और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद सत्र भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान रांची के विधायक, पूर्व मंत्री और झारखंड के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह भी मौजूद थे।

## ज्यादा बारिश से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में घटा अंतर



- दिन में भी लोगों को हो रहा ठंड का अहसास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में बारिश के चलते तापमान में काफी गिरावट आई है। तापमान में कमी के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अंतर कम हो गया है। बारिश के कारण लोगों को दिन में भी ठंड का अहसास हो रहा है।

राजधानी रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 25.8 और न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो मात्र 2.8 डिग्री का अंतर है। यह अंतर जमशेदपुर में सात डिग्री, डालटनगंज में आठ डिग्री, बोकारो में सात और चाईबासा में यह अंतर केवल चार डिग्री है।

इधर, राजधानी रांची में बुधवार को सुबह से बारिश होती रही और मौसम में ठंडक महसूस की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश धनबाद के पुपकुनी में 67 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## टैक्स के मुकाबले जनता नहीं पा रही सुविधाएं : रामप्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्र राष्ट्रवादी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी ने कहा है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार आम जनता से विभिन्न तरह के टैक्स आयकर, जीएसटी टैक्स, बिजली बिल, होल्डिंग टैक्स वसूलती है, लेकिन उस हिसाब से आम नागरिकों को सुविधाएं नहीं देती है। उन्होंने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकारी योजनाओं की लूट और घोटालों से भ्रष्ट नेता, अफसर, ठेकेदार और दलाल एवं राष्ट्रीय-बहुराष्ट्रीय कंपनियां मालामाल हो रही हैं। दूसरी ओर अधिकांश आबादी मुल सुविधाओं से वंचित है। केंद्र और राज्य सरकार बेरोजगार युवाओं, मजदूरों को रोजगार मुहैया नहीं करा रही है। तिवारी ने कहा कि दलाल और बिचौलिए किसानों का हक मार रहे हैं। केंद्र और झारखंड सरकार सिर्फ पूंजीपतियों, सरकारी अफसरों, ठेकेदार, माफिया और दलालों के विकास में लगी हुई है। उन्होंने इन मुद्दों पर आम जनता से संघर्ष करने की अपील की।

## पृष्ठ एक के शेष

**हड़ताल से 550 करोड़ का...**

नौकरियों का अस्थायीकरण रोकना, समान काम के लिए समान वेतन और सभी के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और स्वच्छता तक मुफ्त पहुंच शामिल है। राज्य में सरकारी बैंक शाखाओं में कामकाज आंशिक रूप से प्रभावित रहा। कई जिलों में बैंक कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए, लेकिन ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाएं चालू रहीं। इसके अतिरिक्त, बोकारो के सेल प्लांट में अधिकांश ठेकाकर्मी हड़ताल पर रहे। एचईसी में 80 प्रतिशत काम ठप रहा। यहां सप्लाई मजदूरों ने काम को पूरी तरह ठप रखा। साथ ही रेलवे, नगर निगम सहित विभिन्न क्षेत्र भी प्रभावित हुए।

**झारखंड हाईकोर्ट ने लालू प्रसाद की सजा...**

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत द्वारा दी गई सजा को बढ़ाने के लिए क्रिमनल अपील दायर की थी। इसमें छह दोषियों की सजा बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। इसमें लालू प्रसाद यादव, बेक जूलियस, सुधीर कुमार भट्टाचार्य आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद का नाम था। इसमें से आरके राणा, फूलचंद सिंह और महेश प्रसाद की मौत हो चुकी है। इसलिए बाकी बचे तीन के मामले में सुनवाई हुई। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता दीपक भारती ने दलील पेश की। उन्होंने अदालत से कहा कि सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने चारा घाटोले के कांड संख्या आरसी 64ए/96 में जगदीश शर्मा, को पीसी एक्ट और आईपीसी की धाराओं के तहत सात सात साल की सजा सुनाई थी। 10-10 लाख रुपये का अर्थ दंड भी लगाया था। लेकिन, अदालत ने लालू प्रसाद, बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य को साढ़े तीन-तीन साल की सजा सुनाई थी। निचली अदालत द्वारा दी गई यह सजा कम है। क्योंकि, निचली अदालत ने अपने फैसले में यह लिखा है कि लालू प्रसाद के संरक्षण में चारा घोटाले को अंजाम दिया गया। निचली अदालत की ओर से लिखी गई इस बात के मद्देनजर घोटाले को संरक्षण देने वाले को दी गई सजा कम है। इसलिए इन आरोपियों को ज्यादा सजा मिलनी चाहिए। ज्ञात हो कि सीबीआई ने वर्ष 1996 में देवघर ट्रेजरी से हुई 89 लाख की फर्जी निकासी के मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई की ओर से जांच के बाद दायर आरोप पत्र के आलोक में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 23 दिसंबर 2017 को फैसला सुनाया था। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश शिवपाल सिंह ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद 06 जनवरी 2018 को सजा सुनाई थी। न्यायालय ने लालू प्रसाद, बेक जूलियस, आरके राणा, फूलचंद सिंह महेश प्रसाद और सुधीर कुमार भट्टाचार्य को पीसी एक्ट और आईपीसी की धाराओं के तहत साढ़े तीन साल की सजा सुनाई थी। लेकिन, एकीकृत बिहार में लोक लेखा समिति के अध्यक्ष रहे जगदीश शर्मा को साढ़े सात साल की सजा सुनाई थी। 10 लाख रुपए का दंड भी लगाया था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 10/2025–26 (द्वितीय आमंत्रण)

दिनांक– 09.07.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.07.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 24.07.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.07.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of 250MT JFSC Godown (West Block) in the Campus of Chandwa Block in Latehar | 1358400/- | 275 00/- | 2500 /- | 02 (Two) Month s |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 356919 Building (25-26)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 09/2025–26 दिनांक– 09.07.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.07.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 24.07.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.07.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 राँची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation of Toilet for Old 12 Court Building at Latehar | 1872700/- | 37500/- | 500 0/- | 03 (Three) Month s |
| 2 | Renovation of Toilet Block for Old Five Court Building at Latehar | 613000/- | 12500/- | 1250/- | 02 (Two) Month s |
| 3 | Construction of Child Safe Washroom in Old Five Court Building & Breastfeeding Room in Civil Court at Latehar | 246000/- | 5000/- | 500/- | 01 (One) Month |
| 4 | Construction of 12 Unit Toilet (East Part) for Bar Association at Latehar District. | 1965600/- | 39500/- | 5000/- | 03 (Three) Month s |
| 5 | Construction of 12 Unit Toilet (West Part) for Bar Association at Latehar District. | 1965600/- | 39500/- | 5000/- | 03 (Three) Month s |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR 356918 Building(25-26)D



## कार्यालय
### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू (आपूर्ति शाखा)

**–:आम सूचना:–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (JSFSS) अन्तर्गत आच्छादित निम्न राशनकार्ड लाभुकों के द्वारा विगत 6 माह/एक वर्ष/तीन वर्ष एवं पांच वर्ष से भी अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है तथा और न ही **e-KYC** का कार्य पूर्ण कराया जा रहा है, जिसका प्रखंडवार विवरणी इस प्रकार हैः–

District :- PALAMU

| Sl No | Block Name | RationCard NotLifted Count (6 Months) (Created 9 months before) | RationCard NotLifted Count (12 Months) (Created 15 months before) | RationCard NotLifted Count (3 Years) (Created 3 Years 3 months before) | RationCard NotLifted Count (5 Years) (Created 5 Years 3 months before) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bishrampur | 693 | 543 | 404 | 326 |
| 2 | Bishrampur (NP) | 578 | 484 | 377 | 250 |
| 3 | Chainpur | 2609 | 2118 | 1565 | 1280 |
| 4 | Chhatarpur | 1700 | 1417 | 990 | 702 |
| 5 | Haidernagar | 1103 | 688 | 554 | 477 |
| 6 | Hariharganj | 782 | 636 | 487 | 377 |
| 7 | Hussainabad | 1695 | 1417 | 1120 | 934 |
| 8 | Hussainabad (NP) | 423 | 328 | 241 | 207 |
| 9 | Manatu | 697 | 576 | 421 | 334 |
| 10 | Medininagar (Daltonganj) (Nagar Parishad) | 760 | 600 | 394 | 265 |
| 11 | Medininagar(Daltonganj) | 2282 | 1853 | 1368 | 1040 |
| 12 | Mohammad Ganj | 713 | 577 | 418 | 375 |
| 13 | Nawa Bazar | 450 | 338 | 219 | 176 |
| 14 | Nawadiha Bazar Nawadiha | 994 | 840 | 596 | 424 |
| 15 | Nilambar-Pitambarpur(Lesliganj) | 1089 | 808 | 526 | 426 |
| 16 | Padwa | 675 | 513 | 336 | 300 |
| 17 | Pandu | 974 | 820 | 627 | 509 |
| 18 | Panki | 2327 | 1770 | 1362 | 1173 |
| 19 | Patan | 1781 | 1400 | 990 | 836 |
| 20 | Pipra | 360 | 290 | 210 | 161 |
| 21 | Satbarwa | 584 | 429 | 310 | 261 |
| 22 | Tarhasi | 1060 | 772 | 484 | 389 |
| 23 | Untari Road | 369 | 310 | 238 | 206 |
| | Total | 24698 | 19527 | 14237 | 11428 |

उपरोक्त सभी राशनकार्डधारियों के द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेता के माध्यम से खाद्यान्न उठाव कार्य नहीं करने तथा अबतक e-KYC नहीं करने के कारण राज्य स्तर पर पलामू जिला का वितरण एवं e-KYC का प्रतिशत काफी कम प्रदर्शित हो रहा है।

"झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश:2024" की कंडिका 6. (X) (ग) में उल्लेखित है कि यदि राशन का उठाव कार्डधारियों के द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किया जाता है, जो जांचोपरांत उनके राशनकार्ड को रद्दीकरण का कार्य किया जायेगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में पलामू जिलान्तर्गत विगत 6 माह/एक वर्ष/तीन वर्ष एवं पांच वर्ष से भी अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशनकार्डधारी को नोटिस निर्गत एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए, साथ–साथ e-KYC भी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह माना जायेगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूचि नहीं है एवं आप राशनकार्ड के लिए निर्धारित शर्तों के आलोक में पात्रता नहीं रखते हैं। तदुपरांत राशनकार्ड रद्द करने की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जायेगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू

**PR 356892 District(25-26).D**



## समाहरणालय, लातेहार
### (भू–अर्जन शाखा)

परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–165 दिनांक–23.04.2025 के द्वारा M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को S.I.A.(Social Impact Assessment) हेतु कार्यादेश निर्गत किया गया। ग्राम–भैसादोन में अधिग्रहित भूमि का रकबा–**277.56** एकड़ है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक नं | ग्राम का नाम | थाना नं | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी रकबा: एकड़ में | कुल खतियानी रकबा: हेक्टेयर में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में): एकड़ में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में): हेक्टेयर में | खतियानी रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भैसादोन | 213 | 1 | 103 | मकान मय शहन | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | अब्दुल अजिज पिता – नवु मियां |
| 2 | भैसादोन | 213 | 2 | 76 | टांड़ दो | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | अमृता महतवायिन पति काली महतो |
| 3 | भैसादोन | 213 | 2 | 161 | धान एक | 0.41 | 0.166 | 0.41 | 0.166 | |
| 4 | भैसादोन | 213 | 2 | 173 | धान एक | 0.36 | 0.146 | 0.36 | 0.146 | |
| 5 | भैसादोन | 213 | 2 | 179 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 6 | भैसादोन | 213 | 5 | 128 | टांड़ एक | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | उगन महतो एवं सहदु महतो, लालमन महतो एवं किरीट महतो, नागेश्वर महतो एवं छक्कन महतो, पिता – मनोहर महतो और मसोमात सोमनिया, पति–मनोहर महतो और रघुनाथ महतो, पिता – मेघराज महतो |
| 7 | भैसादोन | 213 | 5 | 130 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 8 | भैसादोन | 213 | 5 | 132 | मकान मय शहन | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 9 | भैसादोन | 213 | 5 | 133 | टांड़ एक | 0.75 | 0.304 | 0.75 | 0.304 | |
| 10 | भैसादोन | 213 | 6 | 22P | टांड़ दो | 0.43 | 0.174 | 0.11 | 0.045 | कन्दन महतो वो गाजो महतो, पिता – धनेश्वर महतो वो मोसमात रत्नी कुंवरी, पति – धनेश्वर महतो |
| 11 | भैसादोन | 213 | 6 | 117 | टांड़ एक | 1.60 | 0.647 | 1.60 | 0.648 | |
| 12 | भैसादोन | 213 | 6 | 286 | टांड़ दो | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 13 | भैसादोन | 213 | 6 | 383 | टांड़ दो | 2.04 | 0.826 | 2.04 | 0.826 | |
| 14 | भैसादोन | 213 | 6 | 384 | टांड़ दो | 0.60 | 0.243 | 0.60 | 0.243 | |
| 15 | भैसादोन | 213 | 6 | 385 | टांड़ दो | 1.50 | 0.607 | 1.50 | 0.607 | |
| 16 | भैसादोन | 213 | 6 | 398 | धान एक | 0.36 | 0.146 | 0.36 | 0.146 | |
| 17 | भैसादोन | 213 | 6 | 469 | टांड़ एक | 0.59 | 0.239 | 0.59 | 0.239 | |
| 18 | भैसादोन | 213 | 6 | 471 | मकान मय शहन 4 | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 19 | भैसादोन | 213 | 6 | 472 | टांड़ एक | 0.70 | 0.283 | 0.70 | 0.283 | |
| 20 | भैसादोन | 213 | 6 | 527 | धान एक | 0.32 | 0.129 | 0.32 | 0.130 | |
| 21 | भैसादोन | 213 | 6 | 535 | धान एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | |
| 22 | भैसादोन | 213 | 6 | 536 | धान एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 23 | भैसादोन | 213 | 7 | 422/1169 | धान एक | 0.39 | 0.158 | 0.39 | 0.158 | कुजू महतो, प्रभु महतो, दीपन महतो, पिता–जगजीत महतो |
| 24 | भैसादोन | 213 | 8 | 400 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | केदार महतो, पिता–कंदन महतोएवं नंद कुमार महतो, पिता – गाजो महतो |
| 25 | भैसादोन | 213 | 3 | 119 | टांड़ दो | 0.82 | 0.332 | 0.82 | 0.332 | उगन महतो, सहदु महतो, लालमन महतो, कृत महतो, नागेश्वर महतो, छक्कन महतो, पिता–मनोहर महतो और मुस्मात सोहमनिया कुंवारी, पति–मनोहर महतो |
| 26 | भैसादोन | 213 | 3 | 120 | पक्का कुआं | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 27 | भैसादोन | 213 | 3 | 122 | मकान मय शहन | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 28 | भैसादोन | 213 | 3 | 153 | धान एक | 0.86 | 0.348 | 0.86 | 0.348 | |
| 29 | भैसादोन | 213 | 3 | 156 | धान एक | 0.90 | 0.364 | 0.90 | 0.364 | |
| 30 | भैसादोन | 213 | 3 | 341 | टांड़ एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 31 | भैसादोन | 213 | 3 | 344 | टांड़ दो | 0.50 | 0.202 | 0.50 | 0.202 | |
| 32 | भैसादोन | 213 | 3 | 346 | टांड़ दो | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 33 | भैसादोन | 213 | 3 | 349 | टांड़ दो | 0.09 | 0.036 | 0.09 | 0.036 | |
| 34 | भैसादोन | 213 | 3 | 350 | टांड़ दो | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 35 | भैसादोन | 213 | 3 | 399 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 36 | भैसादोन | 213 | 3 | 417 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 37 | भैसादोन | 213 | 3 | 419 | धान एक | 0.06 | 0.024 | 0.06 | 0.024 | |
| 38 | भैसादोन | 213 | 3 | 438 | धान एक | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 39 | भैसादोन | 213 | 3 | 443 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 40 | भैसादोन | 213 | 3 | 456 | टांड़ एक | 0.74 | 0.299 | 0.74 | 0.299 | |
| 41 | भैसादोन | 213 | 3 | 512 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 42 | भैसादोन | 213 | 3 | 514 | टांड़ एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 43 | भैसादोन | 213 | 3 | 518 | धान एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 44 | भैसादोन | 213 | 3 | 519 | धान एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 45 | भैसादोन | 213 | 3 | 521 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 46 | भैसादोन | 213 | 3 | 525 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 47 | भैसादोन | 213 | 3 | 658 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 48 | भैसादोन | 213 | 3 | 858 | टांड़ दो | 1.20 | 0.486 | 1.20 | 0.486 | |
| 49 | भैसादोन | 213 | 3 | 868 | धान एक | 2.30 | 0.931 | 2.30 | 0.931 | |
| 50 | भैसादोन | 213 | 3 | 882 | टांड़ दो | 0.72 | 0.291 | 0.72 | 0.291 | |
| 51 | भैसादोन | 213 | 3 | 925 | धान एक | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 52 | भैसादोन | 213 | 13 | 237 | टांड़ एक | 0.18 | 0.073 | 0.18 | 0.073 | चन्द्रिका महतो पिता – शोमी महतो |
| 53 | भैसादोन | 213 | 13 | 616 | धान एक | 0.07 | 0.028 | 0.07 | 0.028 | |
| 54 | भैसादोन | 213 | 13 | 651 | धान एक | 0.19 | 0.077 | 0.19 | 0.077 | |
| 55 | भैसादोन | 213 | 13 | 654 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 56 | भैसादोन | 213 | 9 | 301 | टांड़ एक | 0.53 | 0.214 | 0.53 | 0.214 | गजाधर महतो पिता–गुलाब महतो |
| 57 | भैसादोन | 213 | 9 | 462/1171 | टांड़ एक | 1.06 | 0.429 | 1.06 | 0.429 | |
| 58 | भैसादोन | 213 | 11 | 69 | टांड़ दो | 1.40 | 0.567 | 1.40 | 0.567 | गजाधर महतो, जेहल महतो, बच्चू महतो, पिता–गुलाब महतो और बबुन महतो, पिता–बीरबल महतो और मुस्मात मुसानी कुंवारी,मुस्मात बुधनी कुंवारी, पति –इंद्रनाथ महतो और मोसमात मोहनी, पति – बीरबल महतो और बिगन महतो, सुखारी महतो, पिता – इंदंनाथ महतो और सोहारी कुमारी, सोहवा कुमारी, मनवा कुमारी, पिता–बीरबल महतो |
| 59 | भैसादोन | 213 | 11 | 70 | टांड़ दो | 0.71 | 0.287 | 0.71 | 0.287 | |
| 60 | भैसादोन | 213 | 11 | 75 | टांड़ दो | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 61 | भैसादोन | 213 | 11 | 162 | धान एक | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | |
| 62 | भैसादोन | 213 | 11 | 180 | धान एक | 1.82 | 0.737 | 1.82 | 0.737 | |
| 63 | भैसादोन | 213 | 11 | 235 | टांड़ एक | 0.73 | 0.295 | 0.73 | 0.295 | |
| 64 | भैसादोन | 213 | 11 | 291 | धान दो | 0.90 | 0.364 | 0.90 | 0.364 | |
| 65 | भैसादोन | 213 | 11 | 296 | टांड़ दो | 2.56 | 1.036 | 2.56 | 1.036 | |
| 66 | भैसादोन | 213 | 11 | 355 | धान एक | 0.65 | 0.263 | 0.65 | 0.263 | |
| 67 | भैसादोन | 213 | 11 | 396 | धान एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 68 | भैसादोन | 213 | 11 | 397 | धान एक | 0.50 | 0.202 | 0.50 | 0.202 | |
| 69 | भैसादोन | 213 | 11 | 423 | टांड़ एक | 0.75 | 0.304 | 0.75 | 0.304 | |
| 70 | भैसादोन | 213 | 11 | 452 | टांड़ एक | 0.93 | 0.376 | 0.93 | 0.376 | |
| 71 | भैसादोन | 213 | 11 | 459 | मकान मय शहन | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 72 | भैसादोन | 213 | 11 | 460 | मकान मय शहन | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 73 | भैसादोन | 213 | 11 | 529 | धान एक | 0.24 | 0.097 | 0.24 | 0.097 | |
| 74 | भैसादोन | 213 | 11 | 532 | टांड़ एक | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | |
| 75 | भैसादोन | 213 | 11 | 533 | टांड़ एक | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | |
| 76 | भैसादोन | 213 | 11 | 534 | धान एक | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 77 | भैसादोन | 213 | 11 | 838 | टांड़ दो | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 78 | भैसादोन | 213 | 11 | 875 | धान दो | 0.52 | 0.210 | 0.52 | 0.210 | |
| 79 | भैसादोन | 213 | 11 | 877 | धान दो | 1.06 | 0.429 | 1.06 | 0.429 | |
| 80 | भैसादोन | 213 | 11 | 934 | धान दो | 0.92 | 0.372 | 0.92 | 0.372 | |
| 81 | भैसादोन | 213 | 14 | 501 | टांड़ एक | 0.11 | 0.045 | 0.11 | 0.045 | चन्द्रिका महतो पिता – शोमी महतो |
| 82 | भैसादोन | 213 | 15 | 502 | मकान मय शहन | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | चन्द्रिका महतो पिता – सोमी महतो |
| 83 | भैसादोन | 213 | 15 | 503 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 84 | भैसादोन | 213 | 10 | 77 | टांड़ दो | 1.00 | 0.405 | 1.00 | 0.405 | गजाधर महतो, पिता–गुलाब महतो और रघुनाथ महतो, पिता–मेगराज महतो |
| 85 | भैसादोन | 213 | 10 | 407 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 86 | भैसादोन | 213 | 12 | 78P | टांड़ दो | 0.85 | 0.344 | 0.83 | 0.336 | गिरधारी महतो, शिवदयाल महतो, पिता – भूखी महतो और भालू महतो, अंतु महतो, पिता – भुइया महतो |
| 87 | भैसादोन | 213 | 12 | 79P | टांड़ दो | 0.85 | 0.344 | 0.49 | 0.198 | |
| 88 | भैसादोन | 213 | 12 | 110 | मकान मय शहन | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 89 | भैसादोन | 213 | 12 | 111 | टांड़ एक | 0.89 | 0.360 | 0.89 | 0.360 | |
| 90 | भैसादोन | 213 | 12 | 112 | टांड़ एक | 1.12 | 0.453 | 1.12 | 0.453 | |
| 91 | भैसादोन | 213 | 12 | 154 | धान एक | 0.63 | 0.255 | 0.63 | 0.255 | |
| 92 | भैसादोन | 213 | 12 | 193 | टांड़ दो | 0.34 | 0.138 | 0.34 | 0.138 | |
| 93 | भैसादोन | 213 | 12 | 192 | टांड़ दो | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 94 | भैसादोन | 213 | 12 | 206 | टांड़ एक | 1.12 | 0.453 | 1.12 | 0.453 | |
| 95 | भैसादोन | 213 | 12 | 207 | टांड़ एक | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 96 | भैसादोन | 213 | 12 | 244 | टांड़ एक | 0.51 | 0.206 | 0.51 | 0.206 | |
| 97 | भैसादोन | 213 | 12 | 246 | टांड़ एक | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 98 | भैसादोन | 213 | 12 | 277 | धान दो | 0.36 | 0.146 | 0.36 | 0.146 | |
| 99 | भैसादोन | 213 | 12 | 278 | धान दो | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 100 | भैसादोन | 213 | 12 | 279 | धान दो | 0.14 | 0.057 | 0.14 | 0.057 | |
| 101 | भैसादोन | 213 | 12 | 328 | टांड़ दो नई परती एक साल | 0.82 | 0.332 | 0.82 | 0.332 | |
| 102 | भैसादोन | 213 | 12 | 338 | टांड़ दो | 0.57 | 0.231 | 0.57 | 0.231 | |
| 103 | भैसादोन | 213 | 12 | 411 | धान एक | 0.09 | 0.036 | 0.09 | 0.036 | |
| 104 | भैसादोन | 213 | 12 | 415 | धान एक | 0.21 | 0.085 | 0.21 | 0.085 | |
| 105 | भैसादोन | 213 | 12 | 531 | धान एक | 0.16 | 0.065 | 0.16 | 0.065 | |
| 106 | भैसादोन | 213 | 12 | 791 | मकान मय शहन 3 | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 107 | भैसादोन | 213 | 12 | 793 | टांड़ एक | 0.60 | 0.243 | 0.60 | 0.243 | |
| 108 | भैसादोन | 213 | 12 | 795 | टांड़ एक | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 109 | भैसादोन | 213 | 20 | 516 | मकान मय शहन | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | जमुना लोहार पिता – नागवा लोहार |
| 110 | भैसादोन | 213 | 20 | 517 | टांड़ एक | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 111 | भैसादोन | 213 | 21 | 84P | टांड़ दो | 0.20 | 0.081 | 0.19 | 0.077 | तुलसी महतो, बंसी महतो और बैजू महतो पिता रगुनाथ महतो |
| 112 | भैसादोन | 213 | 23 | 1096 | टांड़ दो | 0.92 | 0.372 | 0.92 | 0.372 | नाथो महतो और कुंजू महतो पिता हीरू महतो |
| 113 | भैसादोन | 213 | 16 | 255 | टांड़ दो | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | खेदन महतो वो प्रसाद महतो, पिता – पैरो महतो – वो चरकु महतो वो लोरुक महतो वो दुपा महतो वो भरोसी महतो, पिता – सुकूल महतो, – वो मुस्मात नगीया कुवंरी, पति – पैरो महतो |
| 114 | भैसादोन | 213 | 16 | 259 | टांड़ दो | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | |
| 115 | भैसादोन | 213 | 16 | 262 | धान दो | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 116 | भैसादोन | 213 | 16 | 266 | टांड़ दो | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 117 | भैसादोन | 213 | 16 | 566 | धान एक | 0.08 | 0.032 | 0.08 | 0.032 | |
| 118 | भैसादोन | 213 | 16 | 645 | धान एक | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 119 | भैसादोन | 213 | 16 | 647 | धान एक | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 120 | भैसादोन | 213 | 16 | 649 | धान एक | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | |
| 121 | भैसादोन | 213 | 16 | 769 | धान एक | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 122 | भैसादोन | 213 | 16 | 777 | टांड़ दो | 0.01 | 0.004 | 0.01 | 0.004 | |
| 123 | भैसादोन | 213 | 16 | 787 | टांड़ एक | 0.20 | 0.081 | 0.20 | 0.081 | |
| 124 | भैसादोन | 213 | 16 | 800 | टांड़ एक | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | |
| 125 | भैसादोन | 213 | 16 | 802 | मकान मय शहन | 0.02 | 0.008 | 0.02 | 0.008 | |
| 126 | भैसादोन | 213 | 16 | 805 | टांड़ एक | 0.49 | 0.198 | 0.49 | 0.198 | |
| 127 | भैसादोन | 213 | 16 | 827 | धान एक | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | |
| 128 | भैसादोन | 213 | 16 | 832 | धान एक | 0.13 | 0.053 | 0.13 | 0.053 | |
| 129 | भैसादोन | 213 | 17 | 1014 | टांड़ दो | 0.72 | 0.291 | 0.72 | 0.291 | चितामन महतो, पिता – सिटु महतो औरवो मिठु महतो वो दसई महतो, पिता – बुटन महतो |
| 130 | भैसादोन | 213 | 17 | 1013 | टांड़ दो | 0.78 | 0.316 | 0.78 | 0.316 | |
| 131 | भैसादोन | 213 | 17 | 1020 | धान दो | 0.45 | 0.182 | 0.45 | 0.182 | |
| 132 | भैसादोन | 213 | 17 | 1024 | टांड़ दो | 0.76 | 0.308 | 0.76 | 0.308 | |
| 133 | भैसादोन | 213 | 17 | 1025 | टांड़ दो | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 134 | भैसादोन | 213 | 18 | 487 | टांड़ एक | 0.67 | 0.271 | 0.67 | 0.271 | चेता भुइया और रामजीत भुइया और भूखल भुइया और रामा भुईया पिता – लछन भुईया |
| 135 | भैसादोन | 213 | 18 | 495 | टांड़ एक | 0.43 | 0.174 | 0.43 | 0.174 | |

PR 356864 (Land Reforms)25-26*D

ह0/–जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,लातेहार

# गुरु पूर्णिमा : श्रद्धा और आभार का पावन पर्व

## व्रत, दान और मंत्र जाप का विशेष महत्व

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि गुरुवार को पड़ रही है, इस दिन शिष्य अपने गुरु और मार्गदर्शक की पूजा करते हैं, जिनसे उन्हें शैक्षिक और आध्यात्मिक ज्ञान मिला है। शास्त्रों में गुरु का स्थान देवताओं से भी ऊपर बताया गया है, क्योंकि गुरु अपने शिष्य को जीवन में सफलता पाने का और परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग बताते हैं।इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने से आपको हर तरह के पाप से मुक्ति मिलती है और महापुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन गुरुओं का सम्मान करने के साथ-साथ उन्हें गुरु दक्षिणा भी दी जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन गुरु और बड़ों का सम्मान करना चाहिए। जीवन में मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त करना चाहिए, गुरु पूर्णिमा पर व्रत, दान और पूजा का भी महत्व है। व्रत रखने और दान करने से ज्ञान मिलता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक है। इस दिन गुरु की पूजा करनी चाहिए, लेकिन अगर हम गुरु से साक्षात् नहीं मिल पा रहे हैं तो गुरु का ध्यान करते हुए भी पूजा कर सकते हैं। शास्त्रों के अनुसार गुरु की मानसिक पूजा का भी की जा सकती है।



### गुरु पूर्णिमा : अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने वाले गुरुओं को नमन

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः।।

इस श्लोक का अर्थ है कि गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही शिव हैं। गुरु साक्षात परब्रह्म हैं, गुरु को हम प्रणाम करते हैं। गुरु शब्द में 'गु' का अर्थ है अंधकार और 'रु' का अर्थ है नाश करने वाला, यानी जो अज्ञान के अंधकार का नाश करता है और ज्ञान का प्रकाश देता है, वही गुरु है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को वेद व्यास जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। उन्होंने वेदों का संपादन किया, 18 पुराण, महाभारत और श्रीमद् भगवद् गीता की रचना की। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं।

## महाकाल की सवारी में गड़बड़ी करने वाले उज्जैन में रह नहीं पाएंगे : विधायक रामेश्वर शर्मा

**एजेंसी। भोपाल/उज्जैन**



मध्य प्रदेश के भोपाल के हुजूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को कहा कि श्रावण मास में उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी में गड़बड़ी करने वालों पर इस बार ऐसी कार्रवाई होगी कि वे उज्जैन में रहना भूल जाएंगे। धार्मिक नगरी उज्जैन में श्रावण मास में सोमवार को बाबा महाकाल की सवारी निकलती है। इस दौरान देश और दुनिया के श्रद्धालु बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने सोमवार को शिक्षण संस्थानों में अवकाश का ऐलान किया है। इसके बदले रविवार को पढ़ाई होगी। इस फैसले का भाजपा विधायक शर्मा ने स्वागत किया है और कहा है कि महाकाल की सवारी के दौरान छात्रों को परेशानी होती है, इसलिए यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद द्वारा शुक्रवार को भी छुट्टी रखने की मांग पर भाजपा विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस "दिवालियापन" से गुजर रही है। ये वे लोग हैं जो न राम के हुए, न महावीर के। अब यह महादेव के भी नहीं हो रहे।

## दिल्ली पुलिस के एएसआई को सीबीआई ने किया गिरफ्तार, 50 हजार मांगी थी रिश्वत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के एएसआई को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने ये कार्रवाई 8 जुलाई को एएसआई और एक हेड-कांस्टेबल के खिलाफ दर्ज हुई शिकायत के आधार पर की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई), पीएस द्वारका उत्तर, दिल्ली को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक, "सीबीआई ने 8 जुलाई को एएसआई और एक हेड-कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपी एएसआई और एक हेड-कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता और उसके दोस्त से बाजार में सब्जी की दुकान चलाने की अनुमति के लिए 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। साथ ही हर महीने 5 हजार से 10 रुपए देने को कहा था। बातचीत के बाद दोनों 35 हजार रुपए की रिश्वत और हर महीने प्रति व्यक्ति 2 हजार रुपए लेने पर सहमत हुए।" सीबीआई ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया। सीबीआई ने एएसआई को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल एएसआई को हिरासत में लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## क्या घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल करना चाहता है विपक्ष?

**एजेंसी। पटना**



बिहार में मतदाता सूची संशोधन के ख़िलाफ़ विपक्ष के 'बिहार बंद' रैली पर भाजपा और जदयू ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सवाल किया कि क्या विपक्ष घुसपैठियों और अन्य लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना चाहता है? क्या यह सच नहीं है कि रोहिंग्याओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं? वे (विपक्ष) ऐसे अवैध मतदाताओं के आधार पर अपनी राजनीति चलाना चाहते हैं। उनका यह रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है। सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई.. या फिर यह किसी तरह का दबाव बनाने की कोशिश है। रविशंकर प्रसाद ने यह भी कहा कि बिहार में 7.9 करोड़ मतदाता हैं और 4 करोड़ मतदाताओं ने गणना फ़ॉर्म जमा कर दिया है। जिनके नाम 2003 तक मतदाता सूची में थे, उन्हें दस्तावेज़ जमा करने की ज़रूरत नहीं है। जेडी(यू) नेता नीरज कुमार ने कहा कि वे संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार सवाल उठाते रहते हैं। उनके घटक दलों ने आपत्ति जताई थी कि पिछले चुनावों में विभिन्न मतदाताओं के नामों में दोहराव हुआ है। मृत लोगों के नाम सूची में थे। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में महागठबंधन द्वारा आहूत राज्यव्यापी बंद के मद्देनजर विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के सड़कों पर उतरने से राज्य के कई हिस्सों में रेल और सड़क यातायात बुधवार को बाधित हो गया।

## गुजरात में पुल गिरने की घटना पर पीएम मोदी ने जताया शोक

# मृतकों के परिजनों को 2 लाख व घायलों को 50 हजार की सहायता

**एजेंसी। गांधीनगर**


वडोदरा में पुल गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई और अन्य 9 लोग घायल हो गए हैं। इस घटना पर पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। इस दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में जान गंवाने वालों की मौत अत्यंत दुखद है और मैं उन सभी परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को इस हादसे में खोया है।

प्रधानमंत्री ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुश्किल समय में प्रभावित लोगों के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा इस हादसे में घायल हुए लोगों को 50,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

बता दें, यह दुर्घटना बुधवार की सुबह लगभग 7 से 7:30 बजे के बीच हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल के ढहने से तीन ट्रक, दो इको, एक रिक्शा, एक पिकअप और दो बाइक नदी में डूब गए।

इस घटना में 9 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें पादरा सीएचसी और वडोदरा एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 9 लोगों की मृत्यु हो गई है, जिसकी पुष्टि कलेक्टर अनिल धमेलिया ने की है। इस घटना के बाद, 20 से अधिक अग्निशमन कर्मी, 1 एनडीआरएफ टीम, 1 एसडीआरएफ टीम, 2 अग्निशमन नावें, 3 दमकल गाड़ियां, 10 से अधिक एम्बुलेंस और 5 से अधिक चिकित्सा दल राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। इसके अलावा, स्थानीय लोग भी इसमें शामिल हो गए हैं। जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक, विधायक चैतन्य सिंह झाला और प्रांतीय अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं और राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दे रहे हैं। यहां रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।



- **कई वाहन नदी में समाए :** तीन ट्रक, दो इको, एक रिक्शा, एक पिकअप और दो बाइक पुल ढहने से नदी में गिरे।
- **रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात :** 20+ अग्निशमन कर्मी, नावें, एम्बुलेंस और मेडिकल टीमें राहत कार्य में जुटीं।
- **प्रशासन और स्थानीय लोग राहत कार्य में सक्रिय :** कलेक्टर, एसपी, विधायक पर मौजूद, स्थानीय लोग भी कर रहे मदद।
- **रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी :** प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता और निर्देश दिए जा रहे हैं।

### सीएम ने मुआवजे का किया ऐलान, जांच के आदेश



**गांधीनगर।** गुजरात के वडोदरा जिले के पादरा तालुका में पुल के ढहने से अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दुख जताया और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आणंद और वडोदरा को जोड़ने वाले गंभीरा पुल के 23 गर्डरों में से एक गर्डर के टूटने से हुई दुर्घटना दुखद है। मैं इस दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। वडोदरा कलेक्टर से बात कर घायलों के तत्काल इलाज के लिए प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।" सीएम पटेल ने बयान में कहा, "स्थानीय नगरपालिका और वडोदरा नगर निगम की अग्निशमन टीम नावों और तैराकों के साथ दुर्घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्यों में जुटी हुई है। साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान में जुटी हुई है। सड़क निर्माण विभाग को इस दुर्घटना की तत्काल जांच के आदेश दिए गए हैं। चीफ इंजीनियर (डिजाइन), चीफ इंजीनियर (दक्षिण गुजरात), और पुल निर्माण में विशेषज्ञ दो निजी इंजीनियरों की एक टीम को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर पुल के टूटने के कारणों और अन्य तकनीकी पहलुओं की प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।" गुजरात के मुख्यमंत्री ने मुआवजे का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा, "आणंद और वडोदरा को जोड़ने वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा ढहने से हुई दुर्घटना अत्यंत दुखद है। राज्य सरकार इस दुर्घटना से प्रभावित प्रत्येक परिवार के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़ी है। राज्य सरकार दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 4 लाख रुपए की सहायता प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति को 50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी और इलाज की सभी व्यवस्थाएं भी राज्य सरकार द्वारा की जाएंगी।" गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने पुल हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, "वडोदरा और आणंद जिलों को जोड़ने वाले पुल पर हुए दुखद हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 6 अन्य को बचा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय समिति को घटनास्थल पर भेजकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

## अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर से परेशान हैं : डिप्टी सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को लेकर बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश में 37 करोड़ से अधिक पेड़ लगाने का महा-अभियान शुरू हुआ है। यह अभियान गांव, गलियों, शहरों और बूथ स्तर तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ जुटे हैं। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ शक्ति को सम्मान देने का प्रतीक है। बिहार के हालात पर टिप्पणी करते हुए पाठक ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन दलों ने बिहार को जंगलराज में बदल दिया था। नीतीश कुमार और भाजपा गठबंधन ने बिहार को विकास और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में आगे बढ़ाया। गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है, जो जनता की उम्मीदों का प्रमाण है। उपमुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर से परेशान हैं। सपा के शासन में गुंडाराज, भ्रष्टाचार और दंगे आम थे। सपा ने दंगों, हत्याओं और अराजकता का रिकॉर्ड बनाया था।

## भदोही में 17 करोड़ रुपये का जीएसटी फर्जीवाड़ा उजागर

**भदोही।** भदोही जिले के अधिकारियों ने एक बड़ा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) घोटाला पकड़ा है, जिसमें नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर 17 करोड़ रुपये से ज्यादा की कर चोरी की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जोगेंद्र सिंह ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन हासिल करने के लिए कथित तौर पर कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग किया और 10 अलग-अलग राज्यों से करीब एक अरब रुपये का लेनदेन किया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि आरोपी ने औराई थाना क्षेत्र के खमरिया में 'मेसर्स जोगेंद्र इंटरप्राइजेज' नाम से एक कंपनी खोलकर 22 दिसंबर 2024 को जीएसटी नंबर हासिल किया और इस रजिस्ट्रेशन का उपयोग कर उसने कुल 96.53 करोड़ रुपये के बिल जारी किए। उन्होंने बताया कि हालांकि वह 17.57 करोड़ रुपये जीएसटी का भुगतान करने में विफल रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सहायक आयुक्त (वाणिज्यिक कर) मनोज कुमार अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान पाया कि इस कंपनी का कोई भौतिक अस्तित्व नहीं है जिसके बाद अग्रवाल ने जोगेंद्र सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मौके पर जांच में बिजली बिल भी किसी महिला के नाम पर पाया गया और मालिक द्वारा जीएसटी के लिए लगाया गया पैन कार्ड भी कूटरचित मिला।

## आज का राशिफल

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें।

**मिथुन :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक :** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**धनु :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कुंभ :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

## एमएनएस वालों ने अब टोल प्लाजा फोड़ा

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को वाशिम ज़िले में अकोला-नांदेड़ राजमार्ग पर स्थित टोंडगांव टोल प्लाज़ा पर तोड़फोड़ की। उनका आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने के बावजूद टोल वसूली जारी है। इस घटना का एक वीडियो, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, में मनसे के सदस्य दिनदहाड़े लोहे की छड़ों से टोल बूथों के शीशे तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे संपत्ति को काफी नुकसान पहुँचा है। किडसे ने ख़ास तौर पर कनेरगाँव गाँव की ओर जाने वाले रास्ते की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि यह अधूरा पड़ा है जबकि अधिकारी राजस्व वसूली में लगे हुए हैं। इस तोड़फोड़ की कई लोगों ने निंदा की है, लेकिन मनसे इसे प्रशासनिक उदासीनता से बढ़ती जनता की हताशा का प्रतिबिंब मान रही है। वाशिम की घटना मुंबई महानगर क्षेत्र में मनसे से जुड़े बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच हुई है। मंगलवार को मीरा-भायंदर के कई हिस्सों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, क्योंकि मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी एकीकरण समिति और शिवसेना (यूबीटी) के सदस्यों के साथ मिलकर पुलिस के आदेशों की अवहेलना करते हुए विरोध मार्च निकालने की कोशिश की थी। मूल रूप से बालाजी सर्कल से मीरा रोड स्टेशन तक की योजना बनाई गई इस रैली को आईपीसी की धारा 144 के तहत अनुमति नहीं दी गई थी, जो गैरकानूनी रूप से एकत्र होने पर रोक लगाती है। हालाँकि, दिन में ही समूह इकट्ठा होने लगे, जिसके कारण पुलिस ने सुरक्षा कारणों से कई बार रोक लगा दी।

## कैंटीन कर्मचारी को थप्पड़ मारे जाने की घटना पर बोले फडणवीस

# ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य, गलत संदेश जाता है

**एजेंसी। मुंबई**



शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने मुंबई में सरकारी कैंटीन में परोसे गए खराब खाने को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने बताया कि कैंटीन में मिलने वाला भोजन न केवल खराब गुणवत्ता का है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है। उन्होंने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कैंटीन प्रबंधन को चेतावनी दी है कि वह लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ न करें। गायकवाड़ ने बताया कि उन्होंने रात के खाने के लिए आकाशवाणी कैंटीन से चावल और दाल का ऑर्डर दिया था। लेकिन पहला निवाला खाते ही उन्हें खाने में कुछ गड़बड़ महसूस हुई। दूसरे निवाले के बाद उन्हें उल्टी जैसी स्थिति हो गई। उन्होंने कहा, "खाना बिल्कुल सड़ा हुआ था। दाल और चावल में दुर्गंध थी, जो शायद तीन-चार दिन पुराना था। इसके बाद मैंने कैंटीन मैनेजर को बुलाकर खाने की गुणवत्ता की शिकायत की और वहां मौजूद कर्मचारियों व अन्य लोगों को भी खाने की दुर्गंध से अवगत कराया। सभी ने सहमति जताई कि भोजन खाने लायक नहीं था। यह पहली बार नहीं है जब कैंटीन में खराब भोजन परोसा गया। मैंने पहले भी चार-पांच बार कैंटीन प्रबंधन को चेतावनी दी थी कि खाना ताजा और अच्छी गुणवत्ता का होना चाहिए। सरकारी कैंटीन में रोजाना हजारों लोग, जिसमें कार्यकर्ता, किसान और अधिकारी शामिल हैं, भोजन करते हैं। ऐसे में खराब खाना परोसना लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है।" विधायक ने यह भी बताया कि कैंटीन में अंडे और नॉन-वेज भोजन भी कई दिनों पुराना परोसा जाता है। एक किसान के रूप में मैं सब्जियों और भोजन की ताजगी को अच्छी तरह समझता हूं। दो घंटे पुरानी सब्जी को भी मैं पहचान सकता हूं। उन्होंने कैंटीन के प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ।

### हिंदी का विरोध उचित नहीं, राज ठाकरे को अपनी भूमिका बदलने की ज़रूरत

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के नेता रामदास अठावले ने रविवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं की हिंदी भाषा पर उनके हालिया रुख और मुंबई में हिंदी भाषी नागरिकों को निशाना बनाकर की गई हिंसक घटनाओं को लेकर कड़ी आलोचना की। अठावले ने गुंडागर्दी को तुरंत समाप्त करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयों से मुंबई की महानगरीय स्थिति को नुकसान पहुँचेगा। भाषा विवाद पर केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के अध्यक्ष रामदास अठावले ने कहा कि मुंबई में जो हो रहा है वह ठीक नहीं है। मनसे की भूमिका उचित नहीं है। निशिकांत दुबे का बयान जनता को स्वीकार्य नहीं है, लेकिन उन्होंने यह सभी मराठी लोगों के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ़ दादागिरी करने वालों के लिए कहा है। यह भाजपा का बयान नहीं है, यह उनकी निजी राय है। राज ठाकरे को अपनी भूमिका बदलने की ज़रूरत है।

## चुनाव आयोग | पटना की सड़कों पर उतरे राहुल गांधी, ने कहा-

# महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी चोरी की हो रही कोशिश

- **चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का महागठबंधन द्वारा विरोध**

**एजेंसी। पटना**



बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन में शामिल सभी घटक दलों के प्रमुख नेता सड़कों पर उतरे। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पटना पहुंचे और महागठबंधन की ओर से आयोजित विरोध मार्च में शामिल हुए। इस विरोध मार्च में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विरोध जताया। पटना के इनकम टैक्स चौराहे से राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य एक गाड़ी पर सवार होकर प्रदर्शन करते चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए निकले। पुलिस ने सभी नेताओं को सचिवालय थाने के बाद बैरिकेडिंग कर रोका। उन्हें यहां से आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई। यहीं से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, "मैं बिहार और हिंदुस्तान की जनता से स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी से जीता गया था और वैसे ही बिहार में चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है।" उन्होंने आगे कहा, "उन्हें मालूम नहीं है कि यह बिहार है और बिहार की जनता यह होने नहीं देगी। हमारे लोग चुनाव आयोग से जाकर मिले थे। उन्होंने आकर बताया कि चुनाव आयोग भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात कर रहे हैं। वे भूल गए कि वे भाजपा के नेता नहीं हैं।" उन्होंने कहा कि आपका काम संविधान की रक्षा करने का है। यह सही काम वे नहीं कर रहे हैं। यह वर्तमान की बात नहीं है, बिहार के लोगों के भविष्य की चोरी हो रही है। यहां के लोगों का हक और अधिकार की चोरी हो रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आप इसकी चोरी मत होने दीजिए, महागठबंधन आपके साथ खड़ा है।

### राहुल पिकनिक मनाने आए थे, वापस चले गए: सम्राट



**पटना।** बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन में शामिल सभी घटक दलों के प्रमुख नेता सड़कों पर उतरे। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पटना पहुंचे और महागठबंधन द्वारा आयोजित विरोध मार्च में शामिल हुए। अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है।बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी पिकनिक मनाने आए थे। बिहार की समस्याओं से उन्हें कोई मतलब नहीं है।